**'आपले नेते** राहुल गांधी प्राणपणाने भाजपविरोधात लढत असताना पक्षाचे अधिकृत उमेदवार शैलेश अग्रवाल यांनी निवडणुकीतून अचानक माघार घेतली. यामुळे पक्षाची नामुष्की झाली. या घटनेचा निषेध म्हणून अग्रवाल यांच्या फोटोला जोडे मारण्याचे आंदोलन जिल्हा मुख्यालय असलेल्या सद्भावना भवनात आयोजित केले आहे. तरी सर्वांनी उपस्थित राहावे.' हे प्रसिद्धी पत्रक आहे वर्ध्याचे काँग्रेसचे जिल्हाध्यक्ष सुनील कोल्हे यांनी जारी केलेले. सध्या सुरू असलेल्या विधान परिषदेच्या निवडणुकीत महाविकास आघाडीच्या माध्यमातून लढणाऱ्या काँग्रेसला उमेदवारांच्या माघारीमुळे मोठ्या नामुष्कीला सामोरे जावे लागले. वर उल्लेख केलेले अग्रवाल वर्धा, चंद्रपूर, गडचिरोली या मतदारसंघांतून पळाले. भंडारा-गोंदियात दिलीप बनसोड व प्रफुल्ल अग्रवाल या दोघांना पक्षाने रिंगणात उतरवले होते. कुण्या एकाने कच खाल्ली तर दुसरा हवा म्हणून. हे दोघेही माघार घेऊन मोकळे झाले. यवतमाळात भरपूर गाजावाजा झालेल्या 'संघटन सृजन' कार्यक्रमाच्या माध्यमातून जिल्हाध्यक्ष झालेल्या सचिन नाईकांच्या शिफारशीवरून साहेबराव कांबळेंना उमेदवारी देण्यात आली. त्यांनी अचानक माघार घेतल्याचे पक्षाला वृत्तपत्रातून कळले. नंतर हेच कांबळे यथावकाश शिवसेनेत प्रवेश करते झाले. अशीच माघारीची लागण आघाडीत असलेल्या शिवसेना व राष्ट्रवादीलाही झाली. शरद पवारांनी वळसे पाटील भेटीला येताच पुण्यातला उमेदवार मागे घेतला. छत्रपती संभाजीनगरमध्ये पतीच्या कारखान्याला नोटीस मिळताच देवयानी डोणगावकर अर्ज मागे घेऊन थेट घरी गेल्या. शिवसेनेने नाशिकची जागा वाट्याला येऊनही उमेदवारच जाहीर केला नाही तर कोकणात उमेदवारी दिलेल्या बाळ मानेंनी थेट नितेश राणेंचा हात पकडून माघार घेतली.

राज्यात प्रचंड बहुमताने सत्तेत आलेल्या महायुतीच्या विरोधात लढण्याची वल्गना करणाऱ्या महाविकास आघाडीची ही अवस्था. युतीने साम-दाम-दंड-भेदाचा वापर केला, धमक्या दिल्या, पोलिसांकडून कारवाईचा दबाव आणला, ईडीची भीती दाखवली हे आघाडीच्या नेत्यांनी या माघारनाट्यानंतर केलेले आरोप खरेही असतील पण या साऱ्या दबावाला बळी न पडता लढण्याची धमक असलेला नेता वा कार्यकर्ता आघाडीतील घटक पक्षांना तयार करता आला नाही या वस्तुस्थितीचे काय? युतीच्या विरुद्ध रोज पोपटपंची करणारे हे नेते यावर का विचार करत नाही? उद्धव ठाकरेंची शिवसेना व शरद पवारांच्या राष्ट्रवादीचे हे असे तळ्यातमळ्यात असणे नेहमीचेच, पण काँग्रेससारख्या राष्ट्रीय पक्षालाही गेल्या १२ वर्षांत असे निधड्या छातीचे नेते तयार करता येऊ नये याला राजकीय अपयश नाही तर आणखी काय म्हणायचे? हे माघारीनाट्य बघून सामान्य कार्यकर्त्यांचा संताप होणे साहजिक आहे. त्याचेच प्रतिबिंब वर्ध्याच्या प्रसिद्धी पत्रकात उमटलेले.

**सध्या सुरू असलेला विधान परिषद निवडणुकीचा खेळखंडोबा पाहता विद्वत्तापूर्ण भाषणे, चर्चा आणि 'वरिष्ठांचे सभागृह' अशी ओळख असलेल्या या सभागृहाचे असे का झाले आहे, असा सगळ्यांनाच प्रश्न पडला आहे. लोकशाही व्यवस्थेत विधान परिषद निवडणुका बिनविरोधच करायच्या असतील तर ही यंत्रणा हवी तरी कशाला?**

गेल्या काही निवडणुकांमध्ये महाविकास आघाडीकडून उमेदवारी मिळवा व महायुतीशी तडजोड करा असा 'ट्रेंड'च तयार झाला आहे. तो लक्षात येऊनही आघाडीतील प्रमुख पक्ष असलेला काँग्रेस पक्ष स्वतःत सुधारणा करायला तयार नाही. यातून एकच गोष्ट स्पष्ट होते. ती म्हणजे नेतृत्वाचा कर्मदरिद्रीपणा.

या पक्षाने कितीही शिबिरे घेतली, सृजनविषयक कार्यक्रम घेतले तरी विकले जाणारे नेते जोवर सक्रिय आहेत तोवर हा पक्ष सक्षम विरोधक म्हणून उभाच राहू शकणार नाही. सत्ता तर फार दूरची गोष्ट. समोर भाजपसारखा कट्टर व शक्तिशाली विरोधक असताना, पक्षाशी गद्दारी म्हणजे आईशी गद्दारी अशी भाषा भाजपचे लोक उघडपणे बोलत असताना काँग्रेसच्या नेत्यांचे हे वारंवार 'माती खाणे' राजकीय समज असलेल्या सामान्य मतदारांनाही अस्वस्थ करते.

याच निवडणूक नाट्याची दुसरी बाजूही तेवढीच संतापजनक व निवडणुकीच्या काळात जपल्या जाणाऱ्या पावित्र्याला गालबोट लावणारी आहे. संख्याबळाचा विचार केला तर राज्यातील सर्वच्या सर्व म्हणजे १७ जागा महायुती सहज जिंकू शकते. तेवढे बहुमत युतीत सहभागी असलेल्या तीनही पक्षांना प्रत्येक ठिकाणी आहे. तरीही निवडणुकाच होऊ द्यायच्या नाहीत. त्या बिनविरोध व्हाव्यात यासाठी प्रयत्न करायचे. त्यासाठी अगदी खालची पातळी गाठायची हे अतिशय संताप आणणारे आहे. प्रतिस्पर्धी उमेदवारावर दबाव टाकून, प्रसंगी त्याला विकत घेऊन आपण लोकशाही व्यवस्थेचीच ऐशीतैशी करतोय याचेही भान महायुतीच्या नेत्यांना नसेल का? निवडणुकीच्या माध्यमातून मिळालेला विजय हा खरा नाही तर बिनविरोध निवड झाली तरच तो खरा विजय ही वृत्ती नेमकी काय दर्शवते? ही तर हुकूमशाहीकडे जाणारी वाटचाल, असे याचे वर्णन विरोधक करत असतील तर त्यात त्यांची चूक काय?

याच महायुतीतील भाजप सत्तेत नव्हता, संख्याबळात कमी होता तेव्हा हरण्यासाठी का असेना पण आम्ही निवडणुका लढतो असे म्हणत लोकशाहीचे गोडवे गात होता. मग तेव्हाचा भाजप खरा की आताचा? होणारी प्रत्येक निवडणूक बिनविरोध करून संपूर्ण राज्यावर आमचा एकछत्री अंमल आहे हे दर्शवून महायुतीला नेमके साध्य काय करायचे? प्रतिस्पर्धी उमेदवारांना माघार घेण्यासाठी बाध्य करायचे व एकदा हे घडले की महाविकास नाही तर माघार आघाडी असे म्हणून स्वतःच हिणवायचे हा आसुरी आनंदाचा प्रकार नाही तर आणखी काय? संसदीय लोकशाहीत मतदानाचा अधिकार हा पवित्र म्हणून ओळखला जातो. अशी कृती करून तोच आपण हिरावून घेत आहोत याचेही भान महायुतीला राहिलेले नाही हेच या नाट्यातून स्पष्ट होते.

काँग्रेसच्या काळातही असेच घडत होते. तेव्हाही साम-दाम-दंड-भेद नीतीचा वापर होत होता असा बचाव भाजपकडून केला जातो. याचा दुसरा अर्थ भाजपचे पूर्णपणे काँग्रेसीकरण झाले आहे असा होतो. तो भाजपला मान्य आहे का? यातला तिसरा मुद्दा आहे तो या निवडणुकीत होणाऱ्या घोडेबाजाराचा व त्यामुळे विधान परिषदेच्या अस्तित्वावर निर्माण झालेल्या प्रश्नचिन्हाचा. अलीकडच्या काही दशकात या निवडणुका म्हणजे नुसता पैशाचा खेळ झाल्या आहेत. स्थानिक स्वराज्य संस्थेमध्ये निवडून आलेले प्रतिनिधी मोठ्या आतुरतेने याची वाट बघत असतात. उमेदवार स्वपक्षीय असो वा विरोधी पक्षाचा. कुठून पैसा मिळेल याकडेच मतदारांचे लक्ष लागलेले असते. मतदारांना लागलेली ही चटक ध्यानात घेऊन राजकीय पक्षसुद्धा त्याच पद्धतीचे उमेदवार रिंगणात उतरवू लागलेत. जो पैसा खर्च करेल तोच उमेदवार हीच सर्वपक्षीय पात्रता निश्चित झाली आहे. मग ते मतदार 'स्थानिक'मधले असोत वा शिक्षक मतदारसंघातले. अलीकडे तर 'शिक्षक'मधून शिक्षण सम्राटच निवडून येऊ लागले आहेत. एखादा गरीब उमेदवार निवडलाच तर पक्षाला त्यासाठी खर्च करावा लागतो.

सत्ताधाऱ्यांच्या 'बिनविरोध'च्या हव्यासामुळे यंदा अनेक ठिकाणचे मतदार या प्रलोभनांना मुकले असले तरी माघार घेणारे मात्र मालामाल झाले हे वास्तव कुणी नाकारणार आहे काय? पैशाचा इतका उघड खेळ करूनही सर्वच पक्ष लोकशाहीच्या गप्पा मारतात हा यातला सर्वात मोठा विनोद. या अर्थकारणामुळे 'वरिष्ठांचे सभागृह' अशी ओळख असलेल्या विधान परिषदेची प्रतिमा पार धुळीला मिळाली आहे. एकेकाळी या सभागृहात बी. टी. देशमुख, जयंत टिळक, ना. स. फरांदे, गंगाधरराव फडणवीस, ना. धों. महानोर, फ. मु. शिंदे, रामदास फुटाणे असायचे. त्यांची विद्वत्तापूर्ण भाषणे, चर्चा अशी या परिषदेची ओळख होती. विधिमंडळाचा इतिहास बघितला तर अनेक क्रांतिकारी निर्णयांची ही परिषद साक्षीदार ठरली आहे. आता परिषदेत अभ्यासपूर्ण भाषण करणारा शोधूनही सापडत नाही. एकमेकांच्या अंगावर धावून जाणे, 'तुमच्यासारखे ५६ पायाला बांधून फिरते', असे उद्गार भर सभागृहात काढणे हे विधान परिषदेचे वैशिष्ट्य झाले आहे. याला राज्याची अधोगती नाही तर आणखी काय म्हणायचे? हे सर्व बघितले की ही परिषद म्हणजे विधानसभेचे विस्तारित रूप असा निष्कर्ष सहज काढता येतो. येता-जाता लोकशाहीच्या पावित्र्याच्या गप्पा मारणाऱ्या राजकीय पक्षांना हा निष्कर्ष मान्य आहे का? देशात केवळ सहा राज्यांत परिषद अस्तित्वात आहे. जिथे नाही त्या राज्यांचे काहीही बिघडलेले नाही तसेच त्यांच्या विकासातही अडथळा आलेला नाही. मग कोट्यवधी रुपये खर्चाचे हे सभागृह महाराष्ट्र कशासाठी सांभाळतो आहे? भाजपचे ज्येष्ठ नेते सुधीर मुनगंटीवार यांनी तर परिषदेच्या निवडणुका नकोच अशी जाहीर मागणी केली. त्यावर युती वा आघाडीने चकार शब्द काढला नाही. विधिमंडळाच्या परंपरेला नख लावणारा हा प्रकार मौन बाळगण्यासारखा आहे का?

अन्वयार्थ

# कायदा सत्ताधाऱ्यांची बटीक असू नये...

**न्यायालयाने एखाद्या** प्रकरणातील मूळ तक्रार अर्थात 'एफआयआर'च रद्द करणे, याचा सरळ अर्थ तक्रार खोटी होती असाच होतो. 'न्यूजक्लिक' या वृत्त-संकेतस्थळाचे संस्थापक/ संपादक प्रबीर पुरकायस्थ यांच्यावर दिल्ली पोलीस आणि 'सक्तवसुली संचालनालय' (ईडी) या दोघांनीही दाखल केलेल्या सर्व तक्रारी रद्दबातल ठरवणारा निकाल दिल्ली उच्च न्यायालयाने दिला, याचा सखोल अर्थ असा की, आणखी एका पत्रकाराबद्दल सरकारी यंत्रणांनी नोंदवलेले सारे संशय खोटे ठरल्याने, सत्ताधाऱ्यांनीच या यंत्रणांना हाताशी धरून काही पत्रकारांचा छळ चालवल्याच्या निष्कर्षाला पुष्टी मिळते. पत्रकार 'देशविरोधी कारवाया' करताहेत, ते 'लबाड करचुकवे- देशाचे आर्थिक गुन्हेगार' आहेत, असे आरोप सत्ताधाऱ्यांना विरोधी आवाज दाबण्यासाठी आणि स्वतःचा प्रचार रेटण्यासाठी कायमच उपयोगी पडत असतात. माध्यमसमूहांच्या वाटेला सत्ताधारी सहसा जात नसले तरी इंटरनेट- आधारित आणि व्याप कमी असलेल्या एखाददोन पत्रकारांवर कारवाई करूनसुद्धा पत्रकारितेच्या क्षेत्रावर जरब बसवण्याचे प्रकार सुरू असतात. हेच 'काश्मीर टाइम्स'च्या संपादक अनुराधा भसीन, 'एनडीटीव्ही'चे संस्थापक आणि ज्येष्ठ पत्रकार प्रणय रॉय, हाथरस बलात्कार आणि दहशत प्रकरणाचे वार्तांकन करण्यासाठी केरळहून आलेला पत्रकार सिद्दीक कप्पन, अधूनमधून 'द वायर'चे संपादक सिद्धार्थ वरदराजन आदींबाबत होत राहिले. या पत्रकारांची मते कुणाला पटणारी नसतील, पण ती मांडण्याचा हक्क त्यांच्यापासून हिरावून घेण्यासाठी त्यांच्यावर विविध आरोप करण्याचा मार्ग सत्ताधाऱ्यांना सोपा वाटला. काश्मीर खोऱ्यात महिनोनमहिने लादलेल्या इंटरनेट-बंदीमुळेही हा हक्कच हिरावला जातो, हे भसीन यांचे म्हणणे सर्वोच्च न्यायालयाने मान्य केल्यानंतरही 'काश्मीर टाइम्स'च्या कार्यालयावर छापे घालून, इथे देशविरोधी कारवाया चालत असल्याचा आरोप सरकारने केला. प्रणय रॉय व त्यांच्या पत्नीस करचोरी आदी आर्थिक गुन्ह्यांत अडकवण्यात आले, ते आरोप अयोग्य आणि चुकीचे सिद्ध झाले. सिद्दीक कप्पन यांच्या जामिनाच्या शर्ती रद्द करताना 'या आरोपांची सुनावणी नव्याने घ्या' हा सर्वोच्च न्यायालयाने दिलेला आदेश पाळण्याचा धीर अद्यापही खालच्या न्यायालयास झालेला नाही.

प्रबीर पुरकायस्थ यांच्यावर ऑक्टोबर २०२३ सरकारने केलेले आरोप बेकायदा कारवाया प्रतिबंध कायदा (यूएपीए) तसेच काळा पैसाविरोधी कायदा (पीएमएलए) या कायद्यांखाली होते. दोन्ही कायद्यांचे वैशिष्ट्य म्हणजे जामिनाविना कोठडीत- कच्च्या कैदेत- कितीही काळ ठेवण्याची सोय. पुरकायस्थ यांनी सर्वोच्च न्यायालयापर्यंत झगडून गेल्या वर्षी जामीन मिळवला खरा; पण त्यांच्यावरचे आरोप अत्यंत गंभीर होते- चीनमधील कम्युनिस्ट पक्षाचे समर्थक कुणी नेव्हिल रॉय सिंघम यांच्याकडून '७५ कोटी रुपये' घेणारे भारतीय वृत्त-संकेतस्थळ पुरकायस्थ यांचेच आहे, त्यांनी आजवर या संकेतस्थळाच्या नावाने '११५ कोटी रुपये' जमवले आहेत; तथाकथित 'अर्बन नक्षल' मंडळींशी पुरकायस्थ यांचे गुफ्तगू आहे आणि भारताचे महान्यायअभिकर्ता तुषार मेहता यांनी ऑक्टोबर २०२३ मध्येच- म्हणजे पुरकायस्थ यांना पकडले गेल्यावर अवघ्या काही आठवड्यांत - दिल्ली उच्च न्यायालयात केलेल्या विधानानुसार ''देशाची अखंडता आणि स्थिरता धोक्यात यावी या उद्देशानेच हे सारे सुरू आहे''! हे आरोप सिद्ध करण्यासाठी ८० ठिकाणी छापे, ३०० हून अधिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणे बेमुदत ताब्यात घेऊन त्यांची छाननी... हे सारे सारे करूनसुद्धा अखेर 'ईडी' आणि दिल्ली पोलिसांच्या विशेष शाखेवर दिल्ली उच्च न्यायालयाने 'कायद्याच्या प्रक्रियेचा ढळढळीत गैरवापर' केल्याचा लेखी शेरा मारला आणि आरोप अखेर रद्द झाले.

आता या निकालाला आव्हान देण्याची भाषा यंत्रणांकडून होईल. पण कायद्याच्या प्रक्रियेचा गैरवापर होतो आहे, हे पुरकायस्थ यांच्याबाबतच्या निकालपत्रात नोंदवले गेलेले विधान कोणत्याही आव्हानाच्या सुनावणीत महत्त्वाचे ठरेल. 'कायद्याचे राज्य' भारतीय राज्यघटनेला अभिप्रेत आहे, त्यात दोन मूलभूत अपेक्षा अंतर्भूत असतात : कुणावरही विनाकारण कायदेशीर कारवाई होऊ नये ही पहिली, आणि सकारण कारवाई झाली तरीही प्रत्येक आरोपीला आपले म्हणणे मांडून कायदेशीर बचावाची संधी मिळावी ही दुसरी. यापैकी पहिल्या अपेक्षेचे स्मरण प्रशासनाला देणारा हा निकाल, कायद्याने सत्ताधाऱ्यांची बटीक असू नये, या वैश्विक अपेक्षेलाही बळ देणारा आहे.

# भूदान चळवळीविषयी प्रशासकीय संवेदनशीलता केव्हा येणार?

विश्लेषण
मोहन अटाळकर
mohan.atalkar@expressindia.com

**राज्यात भूदान जमिनीचा प्रश्न गुंतागुंतीचा बनला आहे. भूदान चळवळीविषयी अजूनही प्रशासकीय निर्णय प्रक्रियेत संभ्रमाचे वातावरण आहे, त्याविषयी...**



**भूदान यज्ञ चळवळीचा उगम आणि प्रवास कसा?**

आचार्य विनोबा भावे यांनी १९५१ मध्ये सुरू केलेली भूदान यज्ञ चळवळ ही जगातील एक आगळीवेगळी चळवळ मानली जाते. तेलंगणात जमीनदार आणि भूमिहीन शेतमजूर यांच्यातील रक्तरंजित संघर्ष संपवण्यासाठी विनोबा भावे यांनी अहिंसक मार्ग शोधण्यास सुरुवात केली. त्यांच्या प्रेरणेतून पोचमपल्ली येथील एका जमीनदाराने १०० एकर जमीन दान दिली आणि भूदान चळवळीचा जन्म झाला. सुरुवातीला ही चळवळ पूर्णपणे शासन-निरपेक्ष होती. मात्र, या जमिनींच्या नोंदी शासकीय दप्तरी होणे आवश्यक असल्याने, तत्कालीन मध्य प्रदेश शासनाने 'मध्य प्रदेश भूदान यज्ञ अधिनियम १९५३' मंजूर केला. विदर्भ त्यावेळी 'मध्यप्रांत आणि वऱ्हाड' या राज्यात समाविष्ट असल्यामुळे तो कायदा विदर्भाला लागू होता. पुढे १९५६ मध्ये केंद्र सरकारच्या राज्य पुनर्रचना कायद्यांतर्गत विदर्भ हा तत्कालीन मुंबई राज्यात समाविष्ट करण्यात आला. या कारणाने 'मध्य प्रदेश भूदान यज्ञ अधिनियम १९५३' हा कायदा विदर्भापुरता मुंबई राज्याने आणि १९६० मध्ये महाराष्ट्र राज्याने स्वीकारला.

**अधिनियमांतर्गत जबाबदाऱ्यांचे वाटप कसे आहे?**

या कायद्याचे वैशिष्ट्य असे, की लोकांनी आधी भूदान जमीन संदर्भातील व्यवहार पूर्ण केले आणि त्या व्यवहारांना कायद्याचे अधिष्ठान प्राप्त करून देण्यासाठी शासनाने कायदा अस्तित्वात आणला. त्यामुळे भूदान कायद्यात भूदान यज्ञ चळवळीची स्वायत्त भूमिका कायम राखण्यात आली असून जमीन नोंदणी संदर्भातील प्रशासकीय कार्याची जबाबदारी शासन यंत्रणेकडे ठेवण्यात आली आहे. भूदान कायद्यातील तरतुदीनुसार विनोबा भावे यांनी (नंतरच्या काळात सर्व सेवा संघ, सेवाग्राम, वर्धा यांनी), त्यांना प्राप्त अधिकारान्वये, नियुक्त केलेल्या भूदान यज्ञ मंडळाकडे भूदान जमिनीचे वाटप, तिची अन्य गैर-भूदान जमिनीसोबत अदलाबदली, गाव समाजोपयोगी उपक्रमांसाठी जमिनीचे वाटप अथवा जमीन शासन सुपूर्द करणे, तसेच भूदान जमिनीचे व्यापक स्वरूपाचे व्यवस्थापन, इत्यादी बाबी सोपविण्यात आल्या आहेत. भूदान यज्ञ मंडळाकडून झालेल्या व्यवहाराची अधिकार अभिलेखात नोंद घेण्यासंबंधीची सर्व कार्ये आणि जबाबदारी ही महसूल प्रशासनाकडे सोपविण्यात आली आहे.

**अंमलबजावणीची व्यवस्था कोण करणार?**

भूदान चळवळीतील ज्येष्ठ कार्यकर्ते नरेंद्र बैस यांच्या मते, या चळवळीचा वारसा टिकवून ठेवण्याची जबाबदारी भूदान कार्यकर्ते व शासन यांची संयुक्त जबाबदारी ठरते. भूदान यज्ञ चळवळ व भूदान यज्ञ अधिनियम १९५३, ची अंमलबजावणी ही वर्तमान परिस्थितीत तिसऱ्या पिढीच्या खांद्यावर आलेली आहे. त्यामुळे पिढीच्या अंतराने भूदान जमिनीच्या व्यवस्थापनात आलेला विस्कळीतपणा सुरळीत करण्यासाठी भूदान यज्ञ मंडळ आणि महसूल प्रशासनाने अधिनियमाचे पावित्र्य व वैशिष्ट्य कायम राखून व अधिकाराधिक्षेप न करता अधिनियमाच्या अंमलबजावणीची व्यवस्था करणे अपेक्षित आहे.

**भूदान यज्ञ मंडळाची स्वायत्तता बाधित कशी?**

सर्व सेवा संघाकडून भूदान मंडळ गठित करण्याबाबत शासनाकडे शिफारस करण्यात आली होती. त्याअनुषंगाने मध्य प्रदेश भूदान यज्ञ अधिनियम, १९५३ मधील तरतुदीनुसार महसूल व वन विभागाने ६ मे २०२६ रोजी अधिसूचना निर्गमित झाल्याच्या दिनांकापासून पुढील चार वर्षांसाठी भूदान यज्ञ मंडळ गठित करण्यात आल्याचे ८ मे २०२६ च्या शासन निर्णयात म्हटले आहे. मध्य प्रदेश भूदान यज्ञ अधिनियम, १९५३ मधील तरतुदींनुसार भूदान जमिनीचे वाटप किंवा जमिनीबाबत व्यवहार अंतिम करण्यापूर्वी भूदान मंडळास शासनाची पूर्व मंजुरी घेणे बंधनकारक राहील, असे शासन निर्णयात नमूद आहे. यावर भूदान यज्ञ मंडळाने आक्षेप घेतला आहे.

**भूदान यज्ञ मंडळाचे आक्षेप काय?**

मध्य प्रदेश भूदान यज्ञ अधिनियम १९५३ च्या कलम २२ आणि २३ नुसार जमिनीचे वाटप करण्याचे अधिकार केवळ भूदान यज्ञ मंडळाला दिले आहेत. पण, शासन निर्णयानुसार भूदान जमिनीचे वाटप किंवा व्यवहार करण्यापूर्वी शासनाची पूर्वमंजुरी बंधनकारक करण्यात आले आहे, यात कार्यकारी आदेशाद्वारे वैधानिक कायद्यातील तरतुदींना मर्यादित करणे, हे अधिकारबाह्य असून राष्ट्रपतींच्या संमतीने बनलेल्या कायद्याचा भंग असल्याचे भूदान यज्ञ मंडळाचे म्हणणे आहे. भूदान यज्ञ मंडळ गठित करण्याची जबाबदारी ही सर्व सेवा संघाची आहे. अधिनियमातील तरतुदीनुसार सर्व सेवा संघाने ते गठितही केले आहे. पण, भूदान मंडळाच्या कार्यकाळासंदर्भात शासन निर्णयातील एका वाक्यामुळे विसंगती निर्माण झाली आहे. भूदान यज्ञ मंडळाचा कार्यकाळ अधिसूचना निर्गमित झाल्याच्या दिनांकापासून की सर्व सेवा संघाने ठरवलेल्या तारखेपासून हा प्रश्न निर्माण झाला आहे. प्रशासकीय पातळीवर अजूनही भूदान चळवळीविषयी अनास्था आहे. ती दूर करणे आवश्यक असल्याचे भूदान चळवळीतील कार्यकर्त्यांचे म्हणणे आहे.

कल्पमेधा

*जिसे केवल अपने जीवन की पवित्रता से मतलब है, वह महत्त्वपूर्ण मानव संबंधों का विनाश कर देता है।*

*– कन्फ्यूशियस*

# मनमानी के निशाने

पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल के युद्ध की आग की चपेट में अब वैसे देश और लोग भी आने शुरू हो चुके हैं, जो पूरी तरह तटस्थ हैं और वे सिर्फ जरूरी आपूर्ति सुनिश्चित करने की उम्मीद में उस क्षेत्र में मौजूद हैं। कायदे से आम लोगों की जरूरतों के मद्देनजर अपनी ड्यूटी करने वाले अन्य देशों के लोगों को किसी भी पक्ष की ओर से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, लेकिन हाल में अमेरिका ने इस मामले में जिस स्तर की लापरवाही और मनमानी दिखाई है, उससे यही लगता है कि उसे सामान्य स्थिति के बहाल होने की कोई फिक्र नहीं है। वरना क्या वजह है कि पिछले तीन-चार दिनों के भीतर उसने उस क्षेत्र में मौजूद भारतीय नाविकों वाले तीन जहाजों को निशाना बनाया। उसे यह समझना क्यों जरूरी नहीं लगा कि वह जिन जहाजों पर हमला कर रहा है, वे वाणिज्यिक हैं और किसी भी रूप में इस युद्ध का हिस्सा नहीं हैं?

गौरतलब है कि ओमान तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज सेंट्टेबेलो पर अमेरिका की ओर से किए गए एक हमले में तीन भारतीय नाविकों की जान चली गई। जहाज पर चौबीस लोग सवार थे, जिनमें से इक्कीस को किसी तरह बचा लिया गया। इससे पहले सोमवार को मारिवेक्स नाम के तेल टैंकर पर भी हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नाविकों ने मदद के लिए आपात संदेश भेजा था। अब गुरुवार को ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक वाणिज्यिक जहाज एमटी जलवीर पर भी हमला किया गया। हालांकि इन दोनों घटनाओं में सभी नाविकों को बचा लिया गयाा। सवाल है कि अमेरिका के लिए यह समझना मुश्किल क्यों हो रहा है कि ईरान के साथ जारी उसके युद्ध के क्रम में अगर तटस्थ देशों के वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाया जाता है, तो अन्य मोर्चों पर कैसी जटिल स्थिति खड़ी हो सकती है। दुनिया के कई देश पहले ही गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। जिन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया गया, वे किसी भी रूप में युद्ध का हिस्सा नहीं थे। मगर बिना किसी मजबूत आधार या उकसावे के अमेरिका ने हमला किया। शायद उसे अब यह सोचने की जरूरत है कि उसके रवैये और जिद का हासिल क्या सामने आ रहा है।

यह बेवजह नहीं है कि भारत ने हमले और उसमें नाविकों के मारे जाने पर अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब कर अपनी तीखी आपत्ति दर्ज की। विदेश मंत्रालय ने मध्य-पूर्व में संवेदनशील सुरक्षा हालात पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए समुद्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले को भू-राजनीतिक शत्रुता का नतीजा बताया। एक ओर ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हुआ है, तो दूसरी ओर अमेरिका ने उस समूचे इलाके में नाकेबंदी कर रखी है। आखिर क्या वजह है कि भारत या किसी देश के वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने में भी उसे कोई हिचक नहीं हो रही है? होर्मुज या अन्य समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही बहाल किया जाना इसलिए भी जरूरी है कि सिर्फ उसकी वजह से दुनिया के कई देशों में ऊर्जा और तेल की आपूर्ति बुरी तरह बाधित है और इसका विपरीत असर बड़े दायरे में जनजीवन पर पड़ रहा है। विडंबना यह है कि जहां युद्ध के बावजूद वाणिज्यिक जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ता तैयार क्या जाना चाहिए था, वहीं बिना किसी आधार के इन जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। सवाल है कि वर्चस्व की जंग के बीच अमेरिका की नजर में क्या अंतरराष्ट्रीय कानूनों की कोई अहमियत रह गई है!

# अंधविश्वास की मार

जिस दौर में देश की अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर दुनिया के सामने पेश की जा रही हो, उसी बीच आए दिन जब महज अंधविश्वास की वजह से निर्दोष लोगों की हत्या की घटनाएं भी हो रही हों, तो यह अपने आप में विकास की मौजूदा परिभाषा पर एक सवालिया निशान है। कुछ दिन पहले ओड़ीशा के संबलपुर जिले में साठ साल की एक महिला और उसकी बेटी की सिर्फ इसलिए कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई कि उन पर कुछ लोगों को जादू-टोना करने का संदेह था। यह कोई पहली या अकेली घटना नहीं है, जिसमें सिर्फ अंधविश्वास के कारण निर्दोष महिलाओं की हत्या कर दी गई। झारखंड और ओड़ीशा सहित देश के अन्य इलाकों से भी डायन या जादू-टोना के अंधविश्वास की वजह से आदिवासी या कमजोर तबकों की महिलाओं को यातना देने से लेकर उनकी हत्या कर देने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सरकारें मौजूदा कानूनी प्रक्रिया के तहत हत्या के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करती हैं, लेकिन उसका असर इतना नगण्य है कि कुछ दिनों बाद फिर डायन या जादू-टोना के नाम पर हत्या की कोई अन्य घटना सामने आ जाती है।

यह सोचने की जरूरत है कि विकास के दावों के बीच अंधविश्वास की जड़ें गहरी क्यों हैं। विकास की चकाचौंध के पीछे भारतीय समाज की इस स्याह तस्वीर को हम क्यों नहीं देख पा रहे हैं। एक तरफ हम आधुनिकता के दंभ में जीते हैं, तो दूसरी तरफ समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जिसमें मनुष्यता का बोध नहीं। वह बेकसूर लोगों की हत्या किए जाते देखता है। दूसरी ओर, यह समझना मुश्किल है कि देश के दूरदराज इलाकों में सरकारें आधुनिक तकनीकी संसाधन और सुविधाएं पहुंचाने में कोई कोताही नहीं करतीं, लेकिन लोगों के बीच ऐसी सामान्य चेतना और समझ का विस्तार नहीं कर पाती कि जादू-टोना और डायन जैसी धारणा महज अंधविश्वास है और यह किसी भी समाज के पिछड़े रह जाने के सबसे बड़े कारकों में से एक है। विडंबना यह है कि ऐसी घटनाओं को सामान्य आपराधिक घटनाओं की तरह देखा जाता है और उसके पीछे सामाजिक जड़ता और मनोवैज्ञानिक जटिलताओं को समझने और उसी मुताबिक उसका दूरगामी हल निकालने की कोशिश नहीं की जाती।

# अव्यवस्था के दुश्चक्र में उलझी परीक्षा



**परीक्षा प्रणाली किस तरह विद्यार्थियों के भविष्य को दांव पर लगा रही है, इसे नीट के प्रश्नपत्र लीक होने से समझा जा सकता है। आज लाखों विद्यार्थी निराशा के अंधकार में डूबे हुए हैं।**

**सुरेश सेठ**

हम सामान्य या असाधारण परिस्थिति का सामना करते हुए जीवन भर परीक्षा देते हैं। मगर इस समय जो चुनौती देश के नौनिहालों के सामने खड़ी हो गई है, वह कहीं अधिक बड़ी है। भरपूर मेहनत करने के बाद जब वे डाक्टर बनने का सपना साकार करना चाहते हैं, तो उनकी उम्मीदें टूट जाती हैं। इस बार भी यही हुआ। सीबीएसई की 'आनलाइन स्क्रीन मार्किंग' में जो शिकायतें आईं, वह सबके सामने है। नीट के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में छाया रहा। देश की परीक्षा प्रणाली किस तरह विद्यार्थियों के भविष्य को दांव पर लगा रही है, इसे समझा जा सकता है। पिछले दिनों कुछ विद्यार्थियों ने इस त्रुटिपूर्ण परीक्षा प्रणाली से निराश होकर आत्महत्या कर ली। ये ऐसे विद्यार्थी थे जो भविष्य में चिकित्सक बन कर मरीजों की सेवा करना चाहते थे। समाज में मानवीयता को जिंदा रखना चाहते थे। आज वे स्वयं परीक्षा प्रणाली के कुचक्र में फंस गए हैं। वे खुद को असहाय महसूस करने लगे हैं। उन्हें लगता है कि रात-दिन इतनी मेहनत करने का क्या लाभ, जहां उनकी मेधा का ठीक से मूल्यांकन ही नहीं होता। नतीजा यह कि वे जीवन से भी हार जाते हैं। सवाल है कि हम देश की भावी पीढ़ी के लिए कैसी व्यवस्था तैयार कर रहे हैं।

कोटा से लेकर दिल्ली के कई इलाकों में देखा जा सकता है कि किस तरह युवा सिविल सेवा परीक्षा और नीट की तैयारी करते हैं। इस तैयारी में उनके माता-पिता की उम्मीदें भी जुड़ी रहती हैं। युवा निरंतर मेहनत करते हैं। वे परीक्षा देने जाते हैं और सभी प्रश्नों को सुलझा कर लौटते हैं इस आशा के साथ कि अब कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ेंगे। मगर कुछ दिनों बाद पता चलता है कि प्रश्नपत्र लीक हो गया है। ऐसे में उनकी सारी आकांक्षाओं पर पानी फिर जाता है। इस बार नीट के मामले में यही हुआ। इस घटना ने लाखों नौजवानों को निराशा के दलदल में धकेल दिया। यह अजीब बात है कि देश में राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) के गठन के बावजूद सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं संपन्न नहीं हो रहीं। इस व्यवस्था में भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया। एनटीए की स्थापना से उम्मीद बनी थी कि विद्यार्थी महत्त्वपूर्ण परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर अपनी पसंद के कालेजों और विषयों में दाखिला लेंगे। मगर वास्तविक स्थिति सबके सामने है।

सवाल है कि सरकार ने एक देश एक परीक्षा की नीति के तहत राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी का गठन क्या सोच कर किया था। लाखों विद्यार्थी भाग्य आजमाने के लिए परीक्षाओं में बैठें और प्रश्नपत्र लीक हो जाए, तो इसे क्या कहेंगे। यह कितनी बड़ी त्रासदी है कि विद्यार्थी इंतजार कर रहे थे नतीजे का, अपने स्वर्णिम भविष्य का और उन्हें मिली निराशा। अब उन्हें दोबारा परीक्षा देनी होगी। ऐसा ही वर्ष 2024 में भी हुआ था, तब भी लाखों विद्यार्थी निराश हुए थे।

प्रश्नपत्र लीक होने पर नीट यूजी 2026 को रद्द किया जाना कोई साधारण घटना नहीं। दोबारा परीक्षा लेने का निर्णय जरूर किया गया, लेकिन इससे विद्यार्थियों पर नाहक ही मानसिक दबाव बढ़ा है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा दे दी थी, उन्हें मालूम है कि उन्होंने पिछली बार कितनी मेहनत से तैयारी की



थी। अगर दोबारा परीक्षा के दौरान कोई सवाल हल नहीं कर पाए या पिछड़ गए, तब क्या होगा? ऐसे में विद्यार्थियों की मनःस्थिति का अंदाजा लगाया सकता है। कोई जरूरी नहीं कि वे दोबारा उसी क्षमता से परीक्षा दे पाएं। आज भी यह सवाल अपनी जगह कायम है कि आखिर वे कौन-सी खामिया थीं,

> **प्रश्नपत्र लीक होने पर नीट-यूजी 2026 को रद्द किया जाना कोई साधारण घटना नहीं। दोबारा परीक्षा लेने का निर्णय जरूर किया गया, लेकिन इससे छात्रों पर नाहक ही मानसिक दबाव बढ़ा है। जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा दे दी थी, उन्हें मालूम है कि उन्होंने पिछली बार कितनी मेहनत से तैयारी की थी। अगर दोबारा परीक्षा के दौरान कोई सवाल हल नहीं कर पाए या पिछड़ गए, तब क्या होगा? ऐसे में विद्यार्थियों की मन:स्थिति का अंदाजा लगाया सकता है। कोई जरूरी नहीं कि वे दोबारा उसी क्षमता से परीक्षा दे पाएं। आज भी यह सवाल अपनी जगह कायम है कि आखिर वे कौन सी खामिया थीं, जिनकी वजह से प्रश्नपत्र लीक हो गए।**

जिनकी वजह से प्रश्नपत्र लीक हो गए। ये प्रश्नपत्र जयपुर से लेकर लातूर तक बिके। इतनी चाक-चौबंद व्यवस्था से प्रश्नपत्र बाहर निकल गए, तो शिक्षा व्यवस्था संभालने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

आज विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देने की तैयारी करनी पड़ रही है, तो इसका जिम्मेदार कौन है। इनमें से कई ऐसे होंगे, जिन्हें अपनी सफलता पर दोबारा शायद ही विश्वास होगा। यह दुखद ही है कि विद्यार्थियों के क्षोभ और गुस्से को शांत करने के लिए सत्ता से जुड़ा राजनीतिक नेतृत्व सामने नहीं आया। अलबत्ता आभासी मंच पर बनी काकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली में प्रदर्शन कर इसे मुद्दा जरूर बनाया और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। हालांकि इससे पहले विपक्षी दलों ने भी यह मांग की थी, लेकिन सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा। अलबत्ता दोबारा परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों को मामूली राहत देकर उनके जख्मों पर मरहम लगाने की कोशिश जरूर की गई।

यह हैरत की बात है कि परीक्षा में इतनी बड़ी गड़बड़ी के बावजूद एनटीए अपनी कमियों और त्रुटियों को मानने को तैयार नहीं। इससे एजंसी के तौर-तरीके और उसके रवैये को समझा जा सकता है। प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद भी वह कंप्यूटर माध्यम से ही परीक्षाएं लेने की बात करती रही। मगर अदालत में उनके तर्कों को दरकिनार कर दिया गया और स्पष्ट कर दिया गया कि फिर से कंप्यूटर के जरिए परीक्षा आयोजित करवाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। इससे वस्तुस्थिति को समझा जा सकता है। आज चाक-चौबंद कंप्यूटर आधारित परीक्षा से भी भरोसा टूट रहा है। एनटीए को स्पष्ट कर दिया गया है कि दोबारा ली जा रही परीक्षा त्रुटिहीन होनी चाहिए। अगर फिर त्रुटि पाई जाती है, तो व्यवस्था जिम्मेदार होगी। अब विद्यार्थियों में परीक्षा प्रणाली में भरोसा कायम करना व्यवस्था का काम है।

पिछले दिनों काकरोच पार्टी ने दिल्ली में प्रदर्शन कर देश के नेतृत्व पर दबाव तो बनाया, लेकिन शिक्षा मंत्री न तो सामने आए और न इस्तीफा देने की हिम्मत दिखाई। जबकि हमारे यहां त्यागपत्र देने वाले उन नेताओं को याद किया जा सकता है जिन्होंने भारी गड़बड़ियों या किसी लापरवाही या फिर किसी हादसे के बाद स्वतः पद छोड़ दिया। आजकल के मंत्री तो कोई न कोई तकनीकी नुक्ता निकाल कर इस तरह के दबाव से बच निकलते हैं। मौजूदा शिक्षा मंत्री भी मामूली राहत देकर चाहते हैं कि विद्यार्थी दोबारा परीक्षा दें और यह मामला शांत हो जाए। दोबारा परीक्षा के बाद भी क्या होगा, अभी कहना मुश्किल है। सीबीएसई की परीक्षा के बाद 'आनलाइन मार्किंग सिस्टम' की खामियां और उससे उपजी बेशुमार शिकायतें अब भी अनसुलझी हैं। विद्यार्थियों को अपना मूल्यांकन देख कर घोर निराशा हुई है। वे अब अपनी उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन चाहते हैं। डिजिटल होते देश की यह बड़ी नाकामी है।

दावा है कि हमारी डिजिटल ताकत दुनिया में सबसे अव्वल देशों में से एक है, लेकिन इधर मूल्यांकन हुआ, उधर पोर्टल ठप पड़ गया। कई दिनों तक यह खुला ही नहीं। बड़े-बड़े तकनीकी विशेषज्ञ इसमें जुटे रहे। कई दिनों तक विद्यार्थी तनाव में रहे। सरकार ने कदम तब उठाया, जब बात बिगड़ चुकी थी। सीबीएसई से असंतुष्ट छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया, तो पाया गया कि आनस्क्रीन मूल्यांकन का तरीका सही नहीं था। इसकी पहले से कोई तैयारी ही नहीं की गई थी और न ही शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था। इस पूरे परिदृश्य को देख कर ऐसा लगता है कि देश की परीक्षा प्रणाली एक गहरे दुश्चक्र में फंस चुकी है।

# दृष्टिकोण और संभावना

**संध्या अग्रवाल**

## दुनिया मेरे आगे

हम अक्सर जीवन को एक तय कहानी की तरह देखने लगते हैं। जैसे हम वही हैं जो इस समय हैं और हमारे भीतर बदलने की कोई विशेष गुंजाइश नहीं है। हम अपनी पहचान को अपने वर्तमान हालात, उपलब्धियों या असफलताओं के आधार पर स्थिर मान लेते हैं। मगर सच यह है कि मनुष्य का जीवन किसी स्थिर रूप में बंधा हुआ नहीं होता। वह हर दिन अपने विचारों, अनुभवों और निर्णयों से बनता और बदलता रहता है। जीवन केवल घटनाओं का क्रम नहीं, बल्कि उन्हें देखने और समझने की प्रक्रिया भी है।

हम अपने बारे में जो मान लेते हैं, वही धीरे-धीरे हमारे व्यवहार का आधार बन जाता है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को कमजोर मानता है, तो वह चुनौतियों का सामना करने से पहले ही पीछे हटने लगता है। वह जोखिम लेने से बचता है और अवसरों को खो देता है। इसके विपरीत, जो व्यक्ति स्वयं को सीखने और बदलने योग्य मानता है, वह कठिन परिस्थितियों में भी रास्ते खोजने लगता है। यही अंतर आगे चलकर उसके जीवन की दिशा निर्धारित करता है। यहीं से यह समझ विकसित होती है कि जीवन केवल परिस्थितियों का परिणाम नहीं है, बल्कि दृष्टिकोण का भी परिणाम है। कोई समस्या मानकर रुक जाता है, तो कोई उसे अवसर मानकर आगे बढ़ता है।

हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां तुलना बहुत सहज हो गई है। सोशल मीडिया और बाहरी दुनिया की चमक ने हमारे देखने के तरीके को प्रभावित किया है। हम दूसरों के जीवन का वह हिस्सा देखते हैं, जो सबसे बेहतर होता है, लेकिन उसके पीछे छिपा संघर्ष नहीं देख पाते। परिणाम यह होता है कि हम अपने जीवन को कमतर आंकने लगते हैं और यह मान लेते हैं कि हम पीछे हैं। यह तुलना धीरे-धीरे हमारे आत्मविश्वास को कमजोर करती है। व्यक्ति अपनी क्षमताओं पर संदेह करने लगता है। जबकि वास्तविकता यह होती है कि वह केवल एक अधूरी तस्वीर के आधार पर खुद को परख रहा होता है। यह स्थिति व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप से दूर कर देती है।

> **हम अक्सर बाहरी बदलावों के पीछे भागते हैं- बेहतर नौकरी, बेहतर साधन, बेहतर माहौल। मगर भीतर का नजरिया नहीं बदलता, तो बाहर की उपलब्धियां भी स्थायी संतोष नहीं दे पातीं। इसके विपरीत, व्यक्ति का दृष्टिकोण संतुलित और सकारात्मक हो, तो वह सीमित परिस्थितियों में भी संतोष और अर्थ खोज सकता है।**

कई बार हम अपने अतीत के अनुभवों को ही अपनी पहचान बना लेते हैं। कुछ असफलताएं, कुछ गलत निर्णय या कुछ सीमित अवसर हमारे भीतर यह धारणा बना देते हैं कि हम ऐसे ही हैं और इससे आगे नहीं बढ़ सकते। धीरे-धीरे यह धारणा हमारी सोच की सीमा बन जाती है। अगर हम ठहरकर विचार करें, तो यह स्पष्ट होता है कि अतीत केवल एक अनुभव है, अंतिम सत्य नहीं। मनुष्य की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह सीख सकता है और बदल सकता है। इतिहास और समाज में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां लोगों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने जीवन की दिशा बदली है। यह बदलाव किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि सोच में आए परिवर्तन से संभव हुआ है। परिवर्तन का आरंभ भीतर से होता है। जब हम खुद को नए नजरिए से देखने लगते हैं, तो हमारी संभावनाएं भी खुलने लगती हैं। जो बातें पहले असंभव लगती थीं, वे धीरे-धीरे संभव लगने लगती हैं। यह बदलाव एक दिन में नहीं आता, बल्कि छोटे-छोटे प्रयासों और निरंतर अभ्यास से विकसित होता है। जो व्यक्ति हर समस्या को केवल बाधा मानता है, वह जल्दी हार मान लेता है। मगर जो व्यक्ति उसी समस्या को सीख के रूप में देखता है, वह समाधान खोजने का प्रयास करता है। धीरे-धीरे यही प्रयास उसे आगे बढ़ाते हैं और व्यक्ति अपने भीतर नई क्षमताएं विकसित कर लेता है।

यहां यह समझना भी जरूरी है कि सकारात्मक दृष्टिकोण का अर्थ समस्याओं को नकारना नहीं है। इसका अर्थ यह है कि हम समस्याओं को स्वीकार करते हुए भी उनसे घबराते नहीं हैं, बल्कि उनका सामना करने की मानसिक तैयारी रखते हैं। यही तैयारी व्यक्ति को मजबूत बनाती है। हम अक्सर बाहरी बदलावों के पीछे भागते हैं- बेहतर नौकरी, बेहतर साधन, बेहतर माहौल। मगर भीतर का नजरिया नहीं बदलता, तो बाहर की उपलब्धियां भी स्थायी संतोष नहीं दे पातीं। इसके विपरीत, व्यक्ति का दृष्टिकोण संतुलित और सकारात्मक हो, तो वह सीमित परिस्थितियों में भी संतोष और अर्थ खोज सकता है। इसीलिए जीवन का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि हमारे पास क्या है, बल्कि यह है कि हमारे पास जो है, उसे किस दृष्टि से देख रहे हैं। एक ही स्थिति किसी के लिए अभाव बन सकती है और किसी के लिए अवसर। यह पूरी तरह हमारे सोचने के तरीके पर निर्भर करता है। धीरे-धीरे यही सोच हमारे जीवन का स्वरूप तय करती है। अगर हम खुद को सीमाओं में देखेंगे, तो हमारा जीवन भी सीमित होता जाएगा, लेकिन हम अपने भीतर संभावनाएं देखना शुरू करेंगे, तो जीवन का विस्तार अपने आप होने लगेगा। यही वह बिंदु है, जहां व्यक्ति अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं लेने लगता है।

यह समझना आवश्यक है कि जीवन कोई स्थिर ढांचा नहीं है। यह एक निरंतर बनने और बदलने वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका हमारे विचारों, दृष्टिकोण और निर्णयों की होती है। हम जैसे अपने जीवन को देखते हैं, वैसा ही जीवन धीरे-धीरे हमारे सामने आकार लेने लगता है। आज के समय में, जब मानसिक तनाव, असंतोष और आत्म-संदेह जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, यह और भी जरूरी हो जाता है कि हम अपने दृष्टिकोण पर ध्यान दें। केवल बाहरी उपलब्धियों से जीवन संतुलित नहीं होता, बल्कि भीतर की स्पष्टता और संतोष भी उतने ही आवश्यक हैं। अगर हम अपने भीतर सकारात्मक और यथार्थवादी दृष्टि विकसित कर लेते हैं, तो जीवन की जटिलताएं भी सहज लगने लगती हैं। आखिरकार जीवन का अर्थ परिस्थितियों में नहीं, बल्कि उन्हें देखने के हमारे ढंग में छिपा है। जब यह ढंग बदल जाता है, तो वही जीवन एक नई संभावना बन जाता है।

## पुनरीक्षण की कसौटी




मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। मगर पिछले दो-ढाई वर्षों से इस प्रक्रिया के तहत लाखों मतदाताओं को जिस तरह मतदान करने से रोका जा रहा है, उससे ऐसे आरोप लगने लगे हैं कि क्या यह एक दल विशेष के हित में उठाया गया कदम है। जबकि पहले इसका काम नए मतदाताओं का नाम जोड़ना और मृत लोगों के नाम सूचियों से काटना भर होता था। अब पुनरीक्षण अभियान में खामियों पर बार-बार सवाल उठ रहे हैं। पूर्व सिविल सेवकों और शिक्षाविदों ने सभी राजनीतिक विचारधाराओं के नागरिकों से एकजुट होकर चुनावी सुधारों की मांग करने का आह्वान किया है। मुख्य रूप से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में बदलाव की मांग की जा रही है। दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने 'तार्किक विसंगतियों' को चिह्नित करने के लिए तर्कहीन मानदंडों वाले एल्गोरिदम पर भरोसा करने के पीछे का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। कुछ समय पहले तो मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज कराने और अपनी वैधता का दस्तावेजी प्रमाण दिखाने का दायित्व भी नागरिकों पर ही डाल दिया गया था। सवाल है कि हम कैसी चुनावी व्यवस्था कायम कर रहे हैं।

*– जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर*

## नैतिकता का लोप

'कसौटी पर शुचिता' (संपादकीय, 10 जून) पढ़ा। पहले तृणमूल कांग्रेस के कुल विधायकों में से अट्ठावन विधायकों द्वारा अलग गुट बना कर विधानसभा में प्रमुख विपक्षी दल के रूप में मान्यता हासिल करना तथा अब लोकसभा में भी तृणमूल के सदस्यों के टूटने की खबरें ममता बनर्जी के लिए बहुत बड़ा झटका है। दरअसल, विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद तृणमूल में जो बिखराव हुआ उसमें ममता से अधिक उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के रवैये को प्रमुख कारण माना जा रहा है। इससे पार्टी को चुनाव में भारी पराजय का सामना करना पड़ा। अलग गुट बन जाने के कारण अब लगता है कि पार्टी भी उनके हाथ से न निकल जाए, जैसे महाराष्ट्र में एनसीपी और शिवसेना के साथ हुआ था। वैसे भी राजनीति में नैतिकता बीते जमाने की बात हो गई है। अब तो बस सत्ता के साथ जुड़े रह कर सुख भोगना ही एकमात्र उद्देश्य रह गया है।

*– वेद प्रकाश, गुरुग्राम*

## दोहरा रवैया

पाकिस्तान अपने अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) के लोगों के खिलाफ दमनकारी नीति अपनाता रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, संसाधनों के असमान उपयोग और बुनियादी सुविधाओं की कमी से परेशान लोगों ने जब अपने अधिकारों की मांग की, तो उन्हें पाकिस्तानी सेना की गोलियों का सामना करना पड़ा। यह स्थिति लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों के प्रति पाकिस्तान के दोहरे रवैये को दर्शाती है। वर्षों से पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता रहा है, लेकिन अपने कब्जे वाले क्षेत्र के लोगों की समस्याओं और अधिकारों की अनदेखी करता आया है। वहां के नागरिक विकास, रोजगार और सम्मानजनक जीवन की मांग कर रहे हैं, जबकि उन्हें दमन का सामना करना पड़ रहा है। भारत सरकार द्वारा पीओके मसले पर संज्ञान लेना स्वागतयोग्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पीओके की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराया जाए।

*– हिमांशु शेखर, गयाजी*

## जिंदगी और मोबाइल

आज मोबाइल फोन सबकी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। मगर वर्तमान में हर कोई इसमें इतना डूबा दिखता है कि सामाजिक रिश्तों से लेकर स्वास्थ्य तक विपरीत असर पड़ रहा है। दिनचर्या केवल मोबाइल तक सीमित होना चिंताजनक है। तकनीक का लाभ तभी सार्थक है, जब उसका उपयोग संतुलित हो और अपने सामाजिक जीवन को भी हर व्यक्ति पर्याप्त समय दे। सोशल मीडिया और आनलाइन गतिविधियों में अधिक समय बिताने से परिजनों के साथ संवाद कम हो रहा है। वास्तविक सामाजिक जीवन से दूरी बढ़ रही है। हमें मोबाइल का उपयोग जरूरत तक सीमित रख परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने की आदत बनानी चाहिए। हम सभी को यह सोचने की जरूरत है कि मोबाइल की लत सामाजिक जीवन को कितना प्रभावित कर रही है? पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक जुड़ाव पर क्या असर हो रहा है?

*– राजेंद्र कुमावत, जयपुर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## चिंतन

# युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही सुलझते हैं विवाद

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का द्विपक्षीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन चुका है। दोनों देशों के अड़ियल रुख और लगातार हो रहे सैन्य हमलों ने वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानव सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा कर दिया है और पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। सबसे अधिक दुखद पहलू यह है कि किसी भी युद्ध की तरह इस संघर्ष का सबसे बड़ा खामियाजा आम और निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों में भारतीय क्रू वाले तीन जहाजों पर हमले हुए हैं। तीन भारतीयों की मौत हो चुकी है। अब अमेरिका ने भारतीय टैंकर जलवीर पर भी हमला कर दिया है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था ढहने के कगार पर है। अमेरिका-ईरान समेत सभी देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालात नहीं बदले तो जल्द ही जरूरी चीजों की कमी भी हो सकती है। ऐसे में अमेरिका-ईरान को समझना होगा कि वे लंबे समय तक युद्ध जारी नहीं रख सकते। युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। इतिहास गवाह है कि अंततः हर बड़े संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकला है। अमेरिका और ईरान दोनों को यह स्वीकार करना होगा कि लंबे समय तक सैन्य टकराव जारी रखना न तो उनके हित में है और न ही वैश्विक समुदाय के हित में। इसलिए दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। क्योंकि सभी समस्याओं का हल युद्ध से नहीं, कूटनीति से ही निकलता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार हमलों की धमकी देना और फिर ईरान द्वारा पलटवार करना स्थिति को और पेचिदा बना रहा है। ट्रंप लाख दावा करें कि उन्होंने ईरान को इतना कमजोर कर दिया है कि वो सरेंडर कर देगा, लेकिन यह हकीकत नहीं है। अमेरिका के हर हमले का ईरान ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि इन हमलों की कीमत खाड़ी के देशों को चुकानी पड़ रही है। चूंकि इन देशों में अमेरिका के बेस हैं। इसी वजह से ईरान उन देशों को निशाना बना रहा है। ऐसे में अब खाड़ी देशों को भी अपनी सुरक्षा नीति बदलनी होगी और अमेरिका पर निर्भरता घटाकर अपनी सेनाओं को मजबूत करना होगा। इन देशों ने अमेरिका की सेना को लौटा दिया तो यह अमेरिका के लिए और शर्मनाक बात होगी। बेहतर हो कि एक बार फिर शांति की पहल हो और इस मामले का समाधान भी वार्ता के जरिये किया जाए। दोनों ही पक्षों को संयम दिखाने की जरूरत है, तभी इस मुद्दे का समाधान हो पाएगा। वर्तमान परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता संयम, संवाद और शांति की है। युद्ध केवल विनाश, अस्थिरता और मानवीय त्रासदी को जन्म देता है, जबकि कूटनीति स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। अमेरिका और ईरान सहित सभी संबंधित पक्षों को यह समझना होगा कि वैश्विक शांति और आर्थिक स्थिरता किसी भी सैन्य विजय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए समय की मांग है कि दोनों देश टकराव की राह छोड़कर वार्ता का रास्ता अपनाएं। यह न केवल उनके लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए सबसे बेहतर और जिम्मेदार विकल्प होगा।



केंद्र के 12 वर्ष

डॉ. सतीश पूनियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो वैश्विक पटल पर महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

# नए और सशक्त भारत का उदय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में भारत ने एक विकसित, आत्मविश्वास से लबरेज और दुनिया की आंखों में आंखें डालकर बात करने वाले मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान कायम की है। भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान की गाथाएं दुनिया की जुबान पर हैं। अब वह दौर नहीं रहा, जब आतंक फैलाने वाले मुल्क को देश में आतंकी घटनाओं में उसकी स्पष्ट संलिप्तता के बावजूद दंडित करने के स्थान पर उसको डोजियर सौंपा जाए। अब सीधी और स्पष्ट कार्रवाई होती है। यह सब संभव हुआ है एक कुशल, विजनरी और राष्ट्र प्रथम की भावना वाले नेतृत्व के कारण।

मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार यह जानती थी कि दुनिया के सामने खड़ा होना है तो हमें पहले आर्थिक ताकत बनना होगा। भारतीय नागरिकों को आर्थिक और सामाजिक तौर पर सशक्त करना होगा। पिछले बारह वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था और देश के नागरिकों को सशक्त करने का काम किया है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध की आग से झुलस रही है, उस दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 की उत्साहजनक वार्षिक वृद्धि दर से आगे बढ़ रही है। ये आंकड़े ही साफ संकेत देते हैं कि देश के नागरिकों और दुनिया के निवेशकों का भरोसा मोदी सरकार पर लगातार बना हुआ है। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास मूलमंत्र के साथ काम आरंभ किया। इसका परिणाम आज देश के हर क्षेत्र में दिखाई देता है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश के सामाजिक और आर्थिक भूगोल को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने बैंकों को खुद लोगों तक पहुंचा दिया। कभी देश की आधी से अधिक आबादी औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से कटी हुई थी। मोदी सरकार ने इस खाई को पाटने के लिए मिशन मोड में काम किया और आज 58 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को एक विजन दिया।

उन्होंने युवाओं से रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से उनको सपनों को पंख दिए। उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा किया। आज गांवों-शहरों में मुद्रा योजना के माध्यम से लाखों की संख्या में युवक स्वरोजगार के माध्यम से हजारों हाथों को काम दे रहे हैं। आंकड़े खुद इस योजना की सफलता की गवाही देते हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 57 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। 40 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे छोटे उद्यमियों के हाथों में सौंपी गई है। इसमें लगभग 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं और समाज के पिछड़े तबके से हैं। महंगी दवाओं और ईलाज को आसान बनाते हुए मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा को किफायती बना दिया गया है। देशभर में खुले हजारों जन औषधि केंद्रों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं बाजार मूल्य से पचास से नब्बे प्रतिशत तक कम



कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' की गति और कवरेज में क्रांतिकारी बदलाव किया है। इन वर्षों में ग्रामीण कनेक्टिविटी को अभूतपूर्व गति देते हुए सात लाख किलोमीटर से अधिक लंबी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। इसका असर यह हुआ है कि इन बारहमासी सड़कों ने न केवल किसानों की फसलों को मंडियों तक आसानी से पहुंचाया है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को भी सुलभ किया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 'जल जीवन मिशन' की घोषणा की और इसे एक जन-आंदोलन बना दिया। ग्रामीण इलाकों में पाइप से पानी का दायरा आज बढ़कर पंद्रह करोड़ से अधिक घरों तक पहुंच चुका है। इस योजना ने ग्रामीण भारत, विशेषकर महिलाओं को पानी से होने वाली गंभीर बीमारियों से मुक्ति दी है। यह योजना 'ईज ऑफ लिविंग' का एक बेहतरीन उदाहरण है। कोविड महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया थम गई थी। लोगों के सामने भूखो मरने की नौबत आ गई थी, उस दौर में मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया कि देश का कोई भी गरीब परिवार भूखा न सोए। सौभाग्य से उस वक्त राजस्थान प्रदेश का भाजपा अध्यक्ष होने के नाते हमने प्रधानमंत्रीजी के निर्देशन में प्रदेश में यह सुनिश्चित किया कि पार्टी की तरफ से लोगों तक अधिक से अधिक सहायता पहुंचायी जाए। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त राशन की यह व्यवस्था आज भी अनवरत जारी है। देश के 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को हर महीने मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जा रहा है। हर सिर पर छत के मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अब तक चार करोड़ से अधिक पक्के घरों का निर्माण किया गया और उन्हें गरीब और बेघर परिवारों को सौंपा जा चुका है। हाल ही में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए योजना के अगले चरण को भी मंजूरी दे दी गई है। इसी तरह 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का फंड सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया। यह पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का सबसे बड़ा प्रमाण है।

मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों ने भारत से गरीबी उन्मूलन के कार्य को एक अभूतपूर्व गति दी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, आवास और स्वच्छता के मोर्चे पर चौतरफा सुधार के कारण पिछले एक दशक में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के जाल से बाहर आए हैं। 2014 से पहले स्वच्छता भारत की प्राथमिकताओं में कहीं पीछे छूट गई थी, लेकिन जब लाल किले से प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत मिशन' का आह्वान किया, देशभर में रिकॉर्ड समय के भीतर 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया। इससे ग्रामीण स्वच्छता का दायरा 2014 के 39 प्रतिशत से बढ़कर अब शत-प्रतिशत हो चुका है। यह केवल एक स्वच्छता अभियान नहीं था, बल्कि यह देश की करोड़ों महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और स्वास्थ्य से जुड़ा एक ऐतिहासिक सामाजिक सुधार आंदोलन था। देश के श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने 'ई-श्रम' पोर्टल और विभिन्न पेंशन तथा बीमा योजनाओं के माध्यम से उनको संरक्षण देने की पहल की। आज देश के 31 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में शामिल हो चुके हैं। आज का भारत एक आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत है, जो अपनी कमियों को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ा चुका है।

(लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता तथा हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## बालश्रम निषेध दिवस

रोहित कौशिक



# प्रगतिशील दौर के बावजूद बचपन पर मंडराता खतरा

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस प्रगतिशील दौर में भी बाल श्रम रुक नहीं रहा है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में दस श्रमिकों में से एक श्रमिक बच्चा है। बाल श्रम के विरोध में बने विभिन्न कानूनों के अतिरिक्त 2009 में बने 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत भी बाल श्रम को बढ़ावा देने वाले लोगों को दंड का प्रावधान है। 'शिक्षा का अधिकार' कानून के तहत बच्चों को अपनी शिक्षा पूर्ण करने का अधिकार दिया गया है ताकि वे बाल श्रम से दूर रहकर अपनी इच्छानुसार भविष्य चुन सकें। इसके बावजूद ग्रामीण और शहरी इलाकों में बालश्रम को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। अनेक जगहों पर अभी भी छोटी बच्चियों को घर के काम के लिए रखा जाता है तो छोटे बच्चों से दुकानों, खेतों और अन्य स्थानों पर काम कराया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में 152 मिलियन बच्चे बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं, जिनमें से 7.3 फीसदी बच्चे भारत में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं। विडम्बना यह है कि कोरोना काल ने बाल श्रमिकों को एक बड़े खतरे में डाल दिया है। बाल श्रम के कारण आज अनेक बच्चे कुपोषण और विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे हैं। अक्सर हम बाल श्रम का अर्थ बहुत ही सीमित सन्दर्भों में लगाते हैं। अगर बच्चों के दिमाग पर किसी भी रूप में कोई दुष्प्रभाव पड़ रहा है और उनके दिमाग को परम्परागत श्रम से अलग श्रम करना पड़ रहा है तो वह भी एक तरह का बाल श्रम ही है। दुःखद यह है कि हम इस परम्परागत बाल श्रम पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन अपरम्परागत बाल श्रम पर ध्यान नहीं देते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया था कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

आज अनेक ऐसे बच्चे हैं जो भूत और किसी अन्य भटकती आत्मा के भय से प्रताड़ना की जिंदगी जी रहे हैं। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च ने बच्चों पर मीडिया के कुप्रभाव का व्यापक सर्वेक्षण कराया था। पांच शहरों में कराए गए इस सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष सामने आया था कि हिंसा और भय वाले कार्यक्रमों के कारण बच्चों पर गहरा भावनात्मक असर पड़ता है जो आगे चलकर उनके भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विडम्बना यह है कि अब जलवायु परिवर्तन भी बच्चों को अपना शिकार बना रहा है। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 2.3 अरब बच्चों में से लगभग 69 करोड़ बच्चे जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में रहते हैं, जिसके चलते उन्हें उच्च मृत्यु दर ,गरीबी और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 53 करोड़ बच्चे बाढ़ और उष्णकटिबंधीय तूफानों से सर्वाधिक प्रभावित देशों में रहते हैं। गौरतलब है कि इनमें से ज्यादातर देश एशिया में हैं। करीब 16 करोड़ बच्चे सूखे से गम्भीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पल-बढ़ रहे हैं। इन क्षेत्रों में से ज्यादातर अफ्रीका में हैं। अब ज्यादा या कम वजन होने का अर्थ भी कुपोषण ही है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में करीब 70 करोड़ बच्चे कुपोषण की चपेट में हैं। यह जरूर है कि वैश्विक स्तर पर कुपोषित बच्चों की संख्या में पहले की अपेक्षा कमी आई है लेकिन लैंसेट की एक रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में कुपोषण की स्थिति और खतरनाक होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। बीमारी के साथ-साथ ऐसे अनेक कारण हैं जिनके कारण बीमार बच्चों का समय से ठीक होना सम्भव नहीं हो पाता। कई बार ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं भी ठीक ढंग से उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

पिछड़े इलाकों में स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई का भी अभाव रहता है। जलवायु परिवर्तन इन्हीं सब कारकों को बढ़ाकर बच्चों के लिए अनेक समस्याएं पैदा करता है। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं, लेकिन समस्या तब आती है जब अत्यधिक व्यवस्तता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन पोषण के लिए मात्र सुख सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है हम बाल श्रम के अर्थ को व्यापक रूप से ग्रहण करें। इस प्रगतिशील दौर में हम बाल श्रम का पुराना अर्थ ही ग्रहण कर रहे हैं। बाल श्रम के विभिन्न स्वरूपों पर बात करके ही हम सच्चे अर्थों में बचपन बचा सकते है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित

दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा था कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकिं मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो, आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर हो अमल

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब विदेशों से आता है, इनमें मुख्यत: ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश है। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। - *संदीप शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



'काकोरी ट्रेन एक्शन' के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मातृभूमि के प्रति आपका अद्वितीय समर्पण सभी को राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

**- योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### भारत की संप्रभुता



मोदी ने भारत की संप्रभुता, सम्मान और नागरिकों की जान पूरी तरह से ट्रंप के हवाले कर दी है। भारत को एक मजबूत प्रधानमंत्री की जरूरत है। ट्रंप को हमारे देश और हमारे लोगों के साथ अपनी मर्जी से कुछ भी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक



राजस्थान में बिगड़ती स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनराम और शहरी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन गोपाल के नेतृत्व मे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज बेहद शर्मनाक और निंदनीय है।

**-अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

### गंभीर चुनौतियां



आज देश महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा में धांधली और सामाजिक असमानता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विवादों ने लाखों युवाओं और उनके परिवारों का भरोसा डगमगा दिया है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# यह युद्ध का युग नहीं है विदेश मंत्री जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों के बीच 'संवाद और कूटनीति' को ही एकमात्र समाधान बताया और भारत के इस रुख को दोहराया कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।' जयशंकर ने बुधवार को अपनी बुल्गारियाई समकक्ष वेलिस्लावा पेट्रोवा-चमोवा के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा ''दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर और अनिश्चित दौर से गुजर रही है। कई बड़े संघर्ष जारी हैं, आर्थिक सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं, महामारी का हालिया अनुभव है और आतंकवाद का खतरा बार-बार सामने आ रहा है।' जयशंकर ने कहा, ''इन सभी मुद्दों पर भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है। हमारा मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। इन संघर्षों का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है।' उन्होंने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' की आवाज के रूप में भारत ने ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को लगातार उठाया है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक आर्थिक जोखिमों का सवाल है, उसका समाधान आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती तथा उसके और अधिक विविधीकरण में है।

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा - और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

दैनिक जागरण

मनुष्य का धैर्य और सतत कर्म ही उसका भविष्य तय करते हैं

# फिर भड़का युद्ध

अमेरिका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ने के कारण न केवल पश्चिम एशिया का संकट और गहरा गया है, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था के लिए भी समस्याएं बढ़ गई हैं। अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने जिस तरह होर्मुज समुद्री जल मार्ग को फिर से बंद करने का फैसला किया, उसके बाद अमेरिका और उसके बीच तनाव तो बढ़ेगा ही, खाड़ी के देशों से होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति के भी बिल्कुल ठप होने का अंदेशा है। इसके चलते पहले से ही चढ़े तेल एवं गैस के मूल्य और बढ़ सकते हैं। इससे भारत समेत अन्य देशों और विशेष रूप से एशियाई देशों का संकट और बढ़ेगा। इससे खराब बात और कोई नहीं कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की जो थोड़ी-बहुत गुंजाइश बन रही थी, वह भी समाप्त होती दिख रही है। इसके लिए दोनों ही पक्षों का अड़ियल रवैया जिम्मेदार है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यह चाहते हैं कि ईरान उनके मन मुताबिक समझौता करे, वहीं ईरानी नेतृत्व न तो परमाणु हथियार बनाने के अपने इरादे का परित्याग करने को तैयार है और न ही होर्मुज पर अपना दावा छोड़ने के लिए। वह इजरायल के लिए खतरा बने हिजबुल्ला को समर्थन देने से पीछे हटने के लिए भी तैयार नहीं। वह यह तो चाहता है कि इजरायल लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला करने से बाज आए, लेकिन वह इस संगठन को इजरायल को निशाना बनाने से रोकने के लिए तैयार नहीं।

समस्या केवल यह नहीं कि ईरान होर्मुज पर अवैध कब्जा करना चाहता है, बल्कि यह भी है कि अमेरिकी सेना उसके बंदरगाहों की नाकेबंदी के चलते इस समुद्री जल मार्ग से इस बहाने जहाजों को नहीं निकलने दे रहा है कि वे या तो ईरान जा रहे थे या फिर वहां से आ रहे थे। इसी को आधार पर बनाकर उसने पिछले चार दिनों में तीन जहाजों पर हमले किए। इनमें से दो पलाऊ और एक गिनी-बिसाऊ का था, लेकिन इन तीनों में भारतीय नाविक सवार थे। इनमें से एक जहाज पर अमेरिकी हमला घातक साबित हुआ। इस हमले में तीन भारतीय नाविक मारे गए। साफ है कि अमेरिकी सेना निहायत ही गैर जिम्मेदारी का परिचय दे रही है। वह जहाजों को रोकने, जब्त करने के बजाय जिस तरह उन्हें ध्वस्त करने का काम कर रही है, वह अस्वीकार्य और अक्षम्य है। यह सर्वथा उचित है कि भारत ने अपने तीन भारतीय नाविकों के मारे जाने की घटना पर अमेरिकी राजनयिक को तलब कर अपना विरोध दर्ज कराया, लेकिन केवल इतना ही पर्याप्त नहीं। उसे विश्व के अन्य देशों के साथ मिलकर अमेरिका और ईरान पर इसके लिए दबाव बनाना होगा कि वे कारोबारी जहाजों को निशाना बनाने से बाज आएं। भारत को ऐसा इसलिए करना होगा, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में 18 हजार से अधिक भारतीय नाविक देसी-विदेशी जहाजों पर कार्यरत हैं।

# तस्कर की चालाकी

हिमाचल प्रदेश में नशा तस्करी गंभीर चुनौती बन चुकी है। सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और कई आरोपितों को पकड़ा भी है। तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर कानून को चुनौती दे रहे हैं। पहले कुरियर को नशा तस्करी का माध्यम बनाने की सूचनाएं सामने आई थीं। अब शिमला पुलिस ने नशा तस्करी के ऐसे अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जो दूध, कुरकुरे और अन्य खाद्य पदार्थों के खाली पैकेटों में नशीले पदार्थ छिपाकर सप्लाई करता था। चिंताजनक यह है कि तकनीक का दुरुपयोग कर नशे की खेप को छिपाने के साथ-साथ खरीदारों को लोकेशन भी वीडियो रिकार्डिंग के माध्यम से बताई जाती थी। शातिरों की चाल को ध्वस्त करने के लिए पुलिस को और सजग व सतर्क होने की जरूरत है। सराहनीय है कि पुलिस ने प्रदेशभर में एक ही दिन में 236 स्थानों पर दबिश देकर नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई की और 11 आदतन तस्करों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई संदेश देती है कि तस्करों के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। केवल तस्करों को पकड़ने से समस्या का समाधान नहीं होगा। नशे की मांग समाप्त करना भी आवश्यक है, इसके लिए परिवारों और सामाजिक संगठनों को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। नशे के खिलाफ लड़ाई समस्त समाज की है। सभी की एकजुटता से नशामुक्त हिमाचल की परिकल्पना साकार हो सकेगी।

> गिरफ्तारी से बचने के लिए नशा माफिया के नए-नए तरीकों ने पुलिस की चुनौती बढ़ाई है

# राजनीतिक कुसंस्कृति के विरुद्ध विद्रोह



अवधेश कुमार

**भारत के राजनीतिक इतिहास की यह पहली घटना हैं, जिसमें चुनाव परिणाम के तुरंत बाद लगभग पूरी पार्टी ही शीर्ष नेतृत्व से विद्रोह कर बाहर चली गई**

आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस में टूट असाधारण घटना है। कुल 80 विधायकों में 58 विधानसभा में वैधानिक रूप से अलग हो गए, शेष में भी आधे से ज्यादा साथ दिखने तक से बच रहे हैं। सांसदों में भी 4-5 को छोड़कर कोई खुलकर सामने आने को तैयार नहीं। इनमें मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं। साफ है कि इससे बुरी दशा की कल्पना ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए नहीं की जा सकती। तृणमूल के विधानसभा में 80 विधायक के अलावा लोकसभा में 29 एवं राज्यसभा में 13 सांसद हैं। भतीजे अभिषेक पर हमले के विरोध में जब ममता ने धरना दिया तो कुल 142 जनप्रतिनिधियों में से केवल 14 ही वहां पहुंचे। भारत के राजनीतिक इतिहास की यह पहली घटना है, जिसमें चुनाव परिणाम के तुरंत बाद लगभग पूरी पार्टी ही शीर्ष नेतृत्व से विद्रोह कर बाहर चली गई। और वह भी तब, जब उसे विपक्ष में बैठना है। इस नाते यह असाधारण घटना है। ज्यादातर टूट सत्ता के लिए या सत्ता में अनदेखी के कारण हुई है। चंद्रबाबू नायडू द्वारा ससुर एनटी रामाराव के विरुद्ध विद्रोह या महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे का उद्धव ठाकरे और अजीत पवार का शरद पवार के विरुद्ध विद्रोह अलग श्रेणी का था। तृणमूल का मामला बिल्कुल अलग है।

चुनाव परिणाम के बाद पूरे प्रदेश में तृणमूल नेताओं के विरुद्ध जैसा जन आक्रोश दिख रहा है, उसका ममता और अभिषेक तथा उनके इर्द-गिर्द रहने वाले नेताओं को आभास नहीं था। जहांगीर खान ने फालता उपचुनाव में अंतिम समय चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर यही बताया कि यह पराजय के भय से लिया गया निर्णय था। जब हिंसा, दमन और आतंक जीत का आधार हो और वह स्थिति समाप्त हो जाए तो चुनाव मैदान से हटने में ही भलाई है। जहांगीर को ममता और अभिषेक के हाशिये पर जाने और तृणमूल के मटियामेट होने के आसार दिख गए थे। तृणमूल की स्थापना की पृष्ठभूमि, सत्ता प्राप्ति के बाद के उसके व्यवहार को आधार बनाएं तो निष्कर्ष निकलेगा कि ममता के नेतृत्व की राजनीति का अंत ही इसकी स्वाभाविक परिणति है। सत्ता का लाभ, बाहर जाने पर निर्मम प्रतिशोध और हिंसा का भय तथा सक्षम विकल्प न दिखने के कारण तृणमूल का अस्तित्व बना हुआ था। पहले तृणमूल छोड़कर जाने वाले नेताओं के साथ पार्टी मशीनरी तथा पुलिस-प्रशासन का व्यवहार देख असंतुष्टों एवं विक्षुब्धों को भी लगता था कि बाहर गए तो उनकी खैर नहीं।

ममता और अभिषेक एवं उनके लोग केवल विरोधी ही नहीं, असंतुष्टों के विरुद्ध भी टूट पड़ते थे। 2021 के विधानसभा चुनाव के पूर्व काफी संख्या में नेता पार्टी छोड़कर गए, किंतु उनमें से कई के पास सम्मान का परित्याग कर आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा। अंधाधुंध कट मनी यानी कमीशन, भ्रष्टाचार, वसूली, सरकारी ठेके या अन्य कार्यों को अपने समर्थकों, कार्यकर्ताओं, नेताओं तक सीमित रखने के कारण स्वार्थ तथा दबंगई का ऐसा गठजोड़ बन गया था, जहां हजारों के लिए एकमात्र विकल्प इसमें शामिल होना और बने रहना था। इसी कारण दबंग, गुंडे, अपराधी, माफिया के साथ अवैध कारोबारी ही नहीं, वैध कारोबारी भी तृणमूल के समर्थक बने रहे।

ममता ने 30 प्रतिशत मुस्लिम वोट को, जिनमें बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल थे, मुख्य आधार बनाने के लिए कट्टरपंथी तत्वों को स्वच्छंदता दे दी थी। सरकार और पार्टी की नीति इनका सहयोग और संरक्षण करना हो गई। इस तरह निहित स्वार्थी और कुत्सित उद्देश्य रखने वालों का गठजोड़ तृणमूल का आधार था। ममता की तुनकमिजाजी और अभिषेक ग्रुप की दादागीरी के समक्ष सभी तब तक शांत रहे, जब तक सत्ता रही। अंदर बड़े वर्ग में अपराध को संरक्षण, असहमति रखने वालों के प्रति असहिष्णुता, गाली-गलौज, धमकी, दमन और मुस्लिम कट्टरपंथ को प्रोत्साहित करने तथा हिंदुओं के सामान्य धार्मिक क्रियाकलापों पर बढ़ती बंदिशों के कारण असंतोष और क्षोभ बढ़ता रहा। तृणमूल कार्यकर्ताओं-नेताओं को सड़कों पर टोल वसूलने तथा कंपनियों, ठेकेदारों से कमीशन लेने की छूट के चलते ऐसा वातावरण बना कि ममता और अभिषेक पार्टी के बारे में गलतफहमी का शिकार हो गए। केवल अभिषेक को कारण मानने वाले बताएं कि ममता की शह के बगैर पार्टी और सरकार में कैसे कोई कुछ कर सकता था? जब ममता ने अपनी आंख और कान अभिषेक को बना लिया तो किसकी मजाल, जो उनके विरुद्ध चूं तक करे। जब ममता और अभिषेक के शब्द ही पार्टी की विचारधारा बन गए हों तो इसमें संवाद, विमर्श और असहमति प्रकट करने की गुंजाइश ही कहां थी?

तृणमूल कांग्रेस की टूट उसकी पूरी राजनीति के विरुद्ध विद्रोह है। पहले मतदाताओं ने अपने मत से विद्रोह कर उसे नकारा और फिर विधायकों और सांसदों ने। जिस तरह सत्ता संभालने के साथ शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सारे लंबित आवश्यक बड़े फैसले किए, जिसकी ममता बनर्जी की राज में कल्पना नहीं की जा सकती थी, उसका बंगाल की जनता पर मनोवैज्ञानिक असर हुआ है।

बंगाल को वहां ले जाकर धकेल दिया गया था, जहां राजनीति और सरकार अपराध, हिंसा, दमन, शोषण, लूट के साथ कट्टर मुस्लिमवाद के समर्थन का पर्याय हो गई थी। जहां गरीब खासकर महिलाओं की संपत्ति और सम्मान, दोनों खतरे में थे। कोई भी जमीर वाला नेता कैसे स्थायी रूप से ऐसे राजनीतिक चरित्र का हिस्सा बना रह सकता था? मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के घर जलाए गए, उन्हें पलायन करना पड़ा और ममता बनर्जी मौलवियों की मीटिंग में संघ और भाजपा पर हमला करती रहीं। कहा जा सकता है कि पार्टी के बहुसंख्य नेताओं ने मन मसोस कर चुप्पी साध रखी थी। तृणमूल से अलग होने वाले नेताओं के बयान बताते हैं कि वे राजनीतिक कुसंस्कृति का त्याग कर बदलाव को आगे बढ़ाते हुए स्वस्थ राजनीति करना चाहते हैं। अभी इनके व्यवहार को लेकर निश्चयात्मक रूप से कुछ भी कहना जल्दबाजी है, पर ऐसा होता है तो तृणमूल की टूट और उसका अंत स्वागतयोग्य घटना मानी जाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)
response@jagran.com



अवधेश राजपूत

# कानूनों का दुरुपयोग रोकने का समय



डा. ऋतु सारस्वत

**आज अनेक पुरुष महिलाओं के झूठे आरोपों वाले मुकदमों के कारण मानसिक और सामाजिक पीड़ा भोग रहे हैं**

हाल में देश की शीर्ष अदालत ने एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए एक ऐसी चिंताजनक प्रवृत्ति की ओर ध्यान आकर्षित किया, जो केवल न्याय व्यवस्था ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। न्यायालय ने कहा, 'वैवाहिक अथवा व्यावसायिक संबंधों में जुड़े पक्षकार प्रतिशोध की भावना से एक-दूसरे के विरुद्ध आपराधिक प्रकृति के तुच्छ एवं दुर्भावनापूर्ण दावे करने तथा आरोप लगाने का काम कर रहे हैं। वे अनैतिक और कुटिल उपायों का सहारा लेते हैं। अनेक मामलों में कानून और पुलिस का सहारा न्याय प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि दूसरे पक्षकार तथा उसके परिवारजनों पर दबाव बनाने, उन्हें परेशान करने तथा प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से लिया जाता है। यह सब पक्षकार और उसके परिवारजनों के प्रति घृणा और तिरस्कार की भावना से प्रेरित होकर किया जाता है।'' सर्वोच्च न्यायालय की यह चिंता निराधार नहीं है। वैवाहिक विवादों में झूठे और दुर्भावनापूर्ण मुकदमों की प्रवृत्ति को लेकर समय-समय पर न्यायालयों ने गंभीर टिप्पणियां की हैं। दहेज उत्पीड़न, वैवाहिक क्रूरता, घरेलू हिंसा तथा अन्य कानूनी प्रविधानों के अंतर्गत ऐसे तमाम मामले सामने आए हैं, जिनमें आरोप न्यायिक परीक्षण में सिद्ध नहीं हो सके।

यह सच है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा, दहेज उत्पीड़न और भेदभाव की समस्या वास्तविक है तथा उससे संघर्ष करना किसी भी सभ्य समाज का दायित्व है, किंतु भारतीय समाज की चुनौती केवल इतनी भर नहीं है। सत्य यह भी है कि अनेक पुरुष झूठे आरोपों, दुर्भावनापूर्ण मुकदमों और लंबी न्यायिक प्रक्रियाओं के कारण मानसिक, सामाजिक और आर्थिक पीड़ा का सामना कर रहे हैं। पुरुषों की समस्याएं आज भी अपेक्षित सामाजिक और विधिक विमर्श का विषय नहीं बन सकी हैं। परिणामस्वरूप अनेक बार उनकी पीड़ा को या तो गंभीरता से लिया ही नहीं जाता अथवा उसे सामाजिक विमर्श का वैध विषय नहीं माना जाता। यही कारण है कि 22 जनवरी, 2025 को 'ज्योति उर्फ किट्टू बनाम राज्य' मामले में न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा को यह टिप्पणी करनी पड़ी कि यह धारणा कि वैवाहिक संबंधों में केवल महिलाएं ही शारीरिक अथवा मानसिक क्रूरता की शिकार होती हैं और इसके कोई अपवाद नहीं हैं, जीवन की कठोर वास्तविकताओं के विपरीत हो सकती है। न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा था, "जिस प्रकार महिलाएं क्रूरता और हिंसा से संरक्षण की अधिकारिणी हैं, उसी प्रकार पुरुष भी विधि के अंतर्गत समान सुरक्षा पाने के अधिकारी हैं।"



झूठे मुकदमों के बढ़ते बोझ से चिंतित सुप्रीम कोर्ट। फाइल

लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि कोई भी महिला अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान को दांव पर लगाकर दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न की मिथ्या शिकायत नहीं करेगी। यही कारण था कि ऐसे आरोपों को सामान्यतः विश्वसनीयता के साथ देखा जाता था। इस संदर्भ में गत वर्ष केरल उच्च न्यायालय ने कहा था कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में इस धारणा का यांत्रिक रूप से अनुसरण नहीं किया जा सकता कि केवल आरोप लगाए जाने मात्र से उसकी सत्यता स्वतः सिद्ध हो जाती है। न्यायालय ने माना कि यद्यपि ऐसे मामले अपवादस्वरूप हो सकते हैं, तथापि कुछ प्रकरणों में गंभीर आरोप प्रतिशोध, दबाव या अन्य स्वार्थपूर्ण उद्देश्यों से भी लगाए गए। इसलिए किसी भी आरोप की सत्यता का निर्धारण पूर्वधारणाओं से नहीं, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों की कसौटी पर ही किया जाना चाहिए। वास्तव में समस्या का मूल कारण अधिकार नहीं, बल्कि अधिकार और उत्तरदायित्व के बीच बिगड़ता संतुलन है।

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिकारों का संरक्षण आवश्यक है, किंतु उतना ही आवश्यक यह भी है कि उन अधिकारों के प्रयोग के साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित हो। जब किसी कानून का उपयोग संरक्षण के स्थान पर प्रतिशोध, दबाव अथवा व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति का माध्यम बनने लगे, तो उसका प्रभाव केवल संबंधित पक्षों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करता है। देशभर में ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें वर्षों तक न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने के पश्चात आरोप असत्य अथवा प्रमाणित न हो पाने वाले सिद्ध हुए। ऐसे मामलों में केवल मुकदमे का परिणाम ही महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि वह सामाजिक, मानसिक और आर्थिक क्षति भी महत्वपूर्ण होती है, जिसका सामना आरोपित व्यक्ति और उसका परिवार करते हैं। प्रतिष्ठा की हानि, सामाजिक कलंक, पारिवारिक विघटन और मानसिक आघात ऐसे घाव हैं, जिनकी भरपाई प्रायः किसी न्यायिक आदेश से नहीं हो पाती। यह भी उतना ही सत्य है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाली वास्तविक हिंसा और उत्पीड़न के मामलों में कानून का कठोर और प्रभावी होना अनिवार्य है, किंतु किसी एक समस्या का समाधान दूसरी समस्या की उपेक्षा करके नहीं किया जा सकता। एक ओर महिलाओं के विरुद्ध हिंसा समाज के लिए चुनौती है, तो दूसरी ओर झूठे आरोपों और विधिक प्रक्रियाओं के दुरुपयोग की समस्या भी न्याय व्यवस्था के समक्ष एक गंभीर प्रश्न बनकर उभरी है। इसका समाधान अब होना ही चाहिए।

(लेखिका समाजशास्त्र की प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### आगे की राह

जीवन का स्वभाव ही परिवर्तन है। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जिसके जीवन में कठिनाइयां, बाधाएं, असफलताएं या अप्रिय घटनाएं न आई हों। किंतु मनुष्य की महानता इस बात में नहीं है कि उसके जीवन में कितनी समस्याएं आईं, बल्कि इस बात में है कि उसने उन परिस्थितियों का सामना किस प्रकार किया। जो व्यक्ति बीती हुई घटनाओं के बोझ को अपने मन में ढोता रहता है, वह वर्तमान की संभावनाओं और भविष्य के अवसरों को खो देता है। अतीत से सीख लेना बुद्धिमानी है, लेकिन उसमें उलझे रहना आत्मविकास की सबसे बड़ी बाधा है। बीती हुई घटनाएं बदली नहीं जा सकतीं, इसलिए उनके बारे में निरंतर चिंतन केवल दुख, निराशा और मानसिक अशांति को जन्म देता है। जो व्यक्ति हर समय अपने साथ हुए अन्याय, असफलता या दुख को याद करता रहता है, उसका मन नकारात्मकता से भर जाता है और उसकी ऊर्जा क्षीण होने लगती है। इसके विपरीत, सफल और पुरुषार्थी व्यक्ति भविष्य की ओर दृष्टि रखता है। वह जानता है कि जीवन आगे बढ़ने का नाम है। उसकी सोच नई संभावनाओं, नए प्रयासों और नए निर्माण की ओर केंद्रित रहती है। संघर्ष उसके लिए बाधा नहीं, विकास का माध्यम बन जाता है।

वर्तमान क्षण ही जीवन का वास्तविक सत्य है। अतीत स्मृति है और भविष्य संभावना, जबकि कर्म करने का अवसर केवल वर्तमान में उपलब्ध है। इसलिए विवेकपूर्ण जीवन वही है जो बीती बातों से शिक्षा लेकर उन्हें वहीं छोड़ दे और नई आशा, नए संकल्प तथा सकारात्मक चिंतन के साथ आगे बढ़े। जो व्यक्ति अपने पुरुषार्थ, आत्मविश्वास और सतत प्रयास के बल पर आगे की राह बनाता है, वही जीवन की मंजिल प्राप्त करता है। उसके जीवन में प्रश्नचिह्न नहीं, बल्कि उपलब्धियों, संतोष और सफलता का उज्ज्वल प्रकाश होता है।

मुकेश ऋषि

# जन्म दर में गिरावट

रंजना मिश्रा

**भारत अब जनसंख्या विस्फोट की नहीं, बल्कि जनसंख्या घटने और आबादी के बूढ़े होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है**

हाल में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। देश में जन्म दर उस स्तर से भी नीचे चली गई है, जो किसी भी आबादी को स्थिर बनाए रखने के लिए बुनियादी तौर पर जरूरी होता है। इस बदलाव को समझने के लिए हमें 'कुल प्रजनन दर' यानी टोटल फर्टिलिटी रेट को समझना होगा। यह हमें बताती है कि एक महिला अपने जीवनकाल में औसतन कितने बच्चों को जन्म देती है। किसी भी देश की आबादी को स्थिर रखने के लिए, यह दर 2.1 होनी चाहिए। इसे 'रिप्लेसमेंट लेवल' कहा जाता है, पर गृह मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि भारत का राष्ट्रीय औसत अब घटकर 1.9 पर आ गया है।

शहरों का हाल तो और भी हैरान करने वाला है, जहां प्रजनन दर तेजी से गिरकर मात्र 1.5 रह गई है। देश की राजधानी दिल्ली में यह जन्म दर गिरकर 1.2 पर आ गई है, जो नार्वे और फिनलैंड जैसे विकसित यूरोपीय देशों से भी कम है। ग्रामीण इलाकों में भी यह दर अब घटकर 2.1 पर आ गई है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि छोटे परिवार का विचार अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में भी लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं। आज के समय में बच्चों की अच्छी शिक्षा, बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं और एक अच्छी जीवनशैली सुनिश्चित करना काफी महंगा हो गया है, जिसके कारण माता-पिता एक या अधिकतम दो बच्चे ही चाहते हैं। इसके अलावा, महिलाओं की उच्च शिक्षा और उनके करियर को लेकर बढ़ती जागरूकता ने भी इस बदलाव में एक बड़ी भूमिका निभाई है। आज महिलाएं अपनी पढ़ाई और नौकरी पर अधिक ध्यान दे रही हैं, जिसकी वजह से शादियां देर से हो रही हैं और बच्चे पैदा करने की उम्र भी बढ़ गई है। अब लोग बड़े परिवार की तुलना में एक छोटे और सुखी परिवार को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं।

जन्म दर कम होने से भविष्य में देश के सीमित संसाधनों पर दबाव कम होगा, लेकिन इस बदलाव के साथ एक सबसे बड़ी चुनौती यह आ रही है कि भविष्य में भारत एक 'बूढ़ा देश' बन सकता है। जब बच्चे कम पैदा होंगे, तो आने वाले वर्षों में काम करने वाले युवाओं की संख्या कम हो जाएगी और देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ेगी। भारत में फिलहाल युवाओं की एक बहुत बड़ी आबादी मौजूद है, जिसे अर्थशास्त्री 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' कहते हैं, लेकिन अगले बीस से तीस वर्षों में यही युवा आबादी बूढ़ी होने लगेगी। इसलिए अब हमारे देश की नीतियां सिर्फ आबादी रोकने पर केंद्रित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इस नई सच्चाई से निपटने के लिए तैयार की जानी चाहिए। सरकार को अभी से बुजुर्गों की देखभाल, उनके लिए सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं और एक मजबूत पेंशन प्रणाली पर काम शुरू कर देना चाहिए।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

### विकास के दर्पण में यथार्थ

एकनाथ शिंदे द्वारा प्रस्तुत आलेख 'कर्मठता को कार्यपद्धति बनाने वाले प्रधानमंत्री' पढ़ा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली, निर्णय क्षमता, प्रशासनिक सक्रियता और जनकल्याणकारी योजनाओं को भारत के विकास की प्रमुख शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया है। निःसंदेह किसी भी राष्ट्र के नेतृत्व में परिश्रम, दूरदृष्टि और निरंतरता का विशेष महत्व होता है। बीते वर्षों में आधारभूत संरचना, डिजिटल सेवाओं, वैश्विक कूटनीतिक उपस्थिति तथा कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार ने शासन की कार्यक्षमता को नई पहचान दी है। किंतु किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का समग्र मूल्यांकन केवल उपलब्धियों के आधार पर नहीं, बल्कि उन चुनौतियों के आधार पर भी होना चाहिए, जो अभी समाधान की प्रतीक्षा में हैं। वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक समान रूप से पहुंच रहा है? आज भी अनेक जिलों और कस्बों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्थानीय रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएं, कृषि आय, न्यायिक विलंब तथा नगरीय अव्यवस्था जैसी समस्याएं नागरिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। अनेक नगरों में जलभराव, यातायात प्रबंधन और ठोस अपशिष्ट निस्तारण की चुनौतियां इस तथ्य को रेखांकित करती हैं कि राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों के साथ स्थानीय प्रशासनिक दक्षता भी उतनी ही आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, रोजगार सृजन की गुणवत्ता, कौशल विकास की प्रभावशीलता, पर्यावरणीय संतुलन तथा संस्थागत जवाबदेही जैसे विषयों पर अपेक्षित विमर्श अपेक्षाकृत कम दिखाई देता है। सशक्त संस्थाएं, पारदर्शी प्रशासन, समयबद्ध न्याय, उत्तरदायी स्थानीय निकाय और सक्रिय नागरिक सहभागिता ही विकास को स्थायी स्वरूप प्रदान कर सकती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ-साथ शेष चुनौतियों की निष्पक्ष समीक्षा भी हो। तभी विकास केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि नागरिक जीवन की वास्तविक गुणवत्ता में परिवर्तन का माध्यम बन सकेगा।

awanishg30@gmail.com

## मेलबाक्स

### फीफा में भारत की भागीदारी नहीं

फीफा के 23वें महाकुंभ में इस बार विश्व की 48 श्रेष्ठ टीमें भाग ले रही हैं। जबकि 2022 में उनकी संख्या मात्र 32 ही थी। पर दुख इस बात का है कि विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत जिसकी जनसंख्या 140 करोड़ है, इस टूर्नामेंट में स्थान नहीं पा सका, जबकि पिछली बार के मुकाबले इस बार 16 अधिक टीमों को अपनी किस्मत आजमाने का अवसर मिल रहा है। ज्ञातव्य है कि इस टूर्नामेंट में कुराकाओ (जनसंख्या 1,56,000), आइसलैंड (जनसंख्या 3,52,000) एवं केप वर्डे (जनसंख्या 5,25,000) जैसे छोटे देश भी चैंपियन बनने के लिए बेताब हैं। भारत की टीम को विश्व स्तर पर ले जाने में सक्षम नहीं हैं। हाकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, लान टेनिस, भाला फेंक, शतरंज, बिलियर्ड्स, स्नूकर, महिला क्रिकेट, कैरम आदि में भारत विश्व चैंपियन तक रहा है, पर अचरज की बात है कि भारत फुटबाल की उस चैंपियनशिप में प्रतिभागी भी नहीं बन पा रहा है जिसमें 48 छोटे बड़े देश हिस्सा ले रहे हों।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

### हर सफर, एक नई किताब के साथ

मुंबई की पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए चर्चगेट स्टेशन पर "लाइब्रेरी जंक्शन" नामक अभिनव अवधारणा के अंतर्गत एक निःशुल्क सार्वजनिक पुस्तकालय शुरू किया है। मुंबई के किसी रेलवे स्टेशन पर शुरू किया गया यह अपनी तरह का पहला पुस्तकालय है। यात्रा के दौरान पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने और पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए पश्चिम रेलवे का यह एक सराहनीय प्रयास है। चर्चगेट स्टेशन के दक्षिण कानकोर्स क्षेत्र में स्थापित इस पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध है। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक पुस्तकालयाध्यक्ष की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

दत्तप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**215** विधायक विजय प्राप्त करने में कामयाब रहे थे तृणमूल कांग्रेस के वर्ष 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में, जबकि इस बार इस दल के विधायकों की संख्या केवल 80 पर सिमट गई, जिसमें से बड़ी संख्या में अलग गुट बना लिए हैं।





श्री राम शा
shriramshaw@nda.jagran.com

आजकल

# आशंकाओं के घेरे में ममता की राजनीति

**महज एक माह पहले बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पराजय हुई और पहली बार भाजपा राज्य की सत्ता में आई। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस के भीतर से व्यापक असंतोष के समाचार सामने आ रहे हैं। विधानसभा से लेकर लोकसभा और राज्यसभा तक के तृणमूल कांग्रेस के कई सदस्य अपना असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। राज्यसभा के कुछ सदस्यों ने तो अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया है। हालांकि ममता बनर्जी बहुत ही जीवट महिला हैं, फिर भी उनकी आगामी राजनीति आशंकाओं के घेरे में है**



सत्ता से बाहर होते ही तृणमूल कांग्रेस के अनेक बड़े नेता ममता बनर्जी से दूरी बनाते हुए दिख रहे हैं। फाइल

बंगाल की राजनीति में कभी जिस 'दीदी' की एक आवाज पर लाखों की भीड़ उमड़ पड़ती थी, आज उसी ममता बनर्जी के राजनीतिक साम्राज्य की दीवारें ढहती नजर आ रही हैं। जो नेता अपने पूरे जीवन में प्रतिरोध, संघर्ष और जमीनी पकड़ की मिसाल रही, उसके लिए विधानसभा चुनाव के बाद का यह एक महीना किसी महाविनाशकारी राजनीतिक भूकंप से कम नहीं रहा है। महज एक माह के भीतर तृणमूल कांग्रेस का "215 विधायकों" के प्रचंड बहुमत से खिसककर महज "20 विधायकों" के बिखरे हुए गुट में तब्दील हो जाना, भारतीय राजनीतिक इतिहास के सबसे अचंभित करने वाले पतन की दास्तां है। वर्ष 2021 के चुनाव में 215 सीटें जीतने वाली पार्टी आज विधानसभा में अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। विधानसभा की तरह लोकसभा में भी तृणमूल की बड़ी टूट सामने आई है।

वस्तुतः इस संकट की शुरुआत केवल एक चुनावी हार नहीं थी, बल्कि यह ममता बनर्जी के व्यक्तिगत और राजनीतिक स्वाभिमान पर सीधा प्रहार था। भवानीपुर जैसी पारंपरिक और सुरक्षित सीट पर अपने ही पूर्व सिपहसालार और अब कट्टर प्रतिद्वंद्वी शुभेंदु अधिकारी के हाथों मिली शिकस्त ने ममता के उस 'अजेय' होने के आभामंडल को तोड़ दिया, जिसे उन्होंने दशकों की मेहनत से बनाया था।

**बिखरते कुनबे की अंतर्कथा** : तृणमूल का बिखराव कोई अप्रत्याशित घटना नहीं है। वर्ष 1998 में कांग्रेस से अलग होकर ममता बनर्जी ने जब इस पार्टी की नींव रखी थी, तब उनका एकमात्र और सबसे बड़ा लक्ष्य वामपंथ के 34 साल के किले को ढहाना था। वर्ष 2011 में जब वह लक्ष्य पूरा हो गया, तो पार्टी के पास कोई ठोस वैचारिक धुरी या राज्य के विकास का कोई दीर्घकालिक दृष्टिकोण नहीं बचा। बिना किसी विचारधारा के, केवल सत्ता के इर्द-गिर्द केंद्रित इस संगठन के विधायकों के पास हार के बाद रुकने की कोई वजह नहीं थी, वे अपने निजी हितों के लिए नए रास्तों की तलाश में निकल पड़े।

पार्टी के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी और असीत मजुमदार जैसे नेताओं के बयान इस आंतरिक कलह को सरेआम बयां कर रहे हैं। नेताओं का आरोप है कि पार्टी अब जमीनी कार्यकर्ताओं के बजाय 'आइ-पैक' जैसी कारपोरेट कंसल्टेंट एजेंसियों और बंद कमरों की रणनीतियों पर निर्भर हो गई थी। टिकटों का बेतरतीब वितरण और स्थानीय नेताओं की अनदेखी ने पार्टी के भीतर ही एक बड़े भितरघात को जन्म दिया। हर ग्राम पंचायत सदस्य स्वयं को राजा समझने लगा था, और जब सत्ता की कमान हाथ से छूटी, तो वफादारी गायब होने में जरा भी वक्त नहीं लगा।

इस पूरे संकट के केंद्र में ममता बनर्जी के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी भी हैं। पिछले कुछ वर्षों में संगठन का पूरा ढांचा अभिषेक के इर्द-गिर्द केंद्रित कर दिया गया था। बूथ मैनेजमेंट से लेकर उम्मीदवारों के चयन तक, सब कुछ उनकी कारपोरेट शैली के तहत हो रहा था। लेकिन इस करारी हार ने उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**'एकनाथ शिंदे माडल' का साया** : बंगाल के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों महाराष्ट्र के 'एकनाथ शिंदे माडल' की गूंज सुनाई दे रही है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से बागी गुट को सीधे अपने भीतर मिलाने के बजाय, उन्हें एक अलग राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने का मौका दिया है। शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही तृणमूल के बचे-खुचे दफ्तरों में सन्नाटा पसर चुका है। नेताओं को डर है कि आने वाले दिनों में नगर पालिकाओं और पंचायतों में भी बड़े पैमाने पर दल-बदल होगा। विडंबना देखिए, जो तृणमूल कभी विपक्षी दलों के पार्षदों और पंचायत सदस्यों को तोड़कर अपना साम्राज्य बढ़ाती थी, आज वही नुस्खा उस पर उलटा पड़ रहा है। यह इतिहास का एक क्रूर चक्र है, ठीक वैसे ही जैसे 2008 से 2010 के बीच वामपंथ के पतन की शुरुआत पंचायतों से हुई थी, आज तृणमूल उसी ढलान पर खड़ी है।

ममता बनर्जी ने इस संकट के लिए सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के डर, पैसों के प्रलोभन और धमकियों के दम पर उनकी पार्टी को तोड़ा जा रहा है। अपनी इस बेबसी के बीच ममता ने कभी अपने धुर विरोधी रहे वामपंथियों और कांग्रेस से भी भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। 71 वर्ष की आयु में ममता के लिए इस चौतरफा हमले से उबरना एक लगभग असंभव चुनौती नजर आता है।

हालांकि इतने गहरे संकट के बावजूद ममता बनर्जी को भारतीय राजनीति में पूरी तरह से खारिज कर देना बहुत बड़ी भूल होगी। वह राजनीति की ऐसी वीरांगना हैं जिन्होंने सड़क के संघर्षों से निकलकर इतिहास बदला है। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल महज एक सीट पर सिमट गई थी और 2006 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को भारी पराजय का सामना करना पड़ा था। लेकिन सिंगूर और नंदीग्राम के आंदोलनों ने उन्हें फिर से उठने की ताकत दी। ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत हमेशा से उनकी 'विक्टिम कार्ड' खेलने और स्वयं को जनता की बेटी के रूप में पेश करने की क्षमता रही है। वह जमीनी स्तर पर एक भावनात्मक लहर पैदा कर सकती हैं। ऐसे में देखना यह होगा कि यदि इस ढलती उम्र में ममता इस 'चक्रव्यूह' को भेदने में नाकाम रहती हैं, तो यह बंगाल के इतिहास में वामपंथ के पतन के बाद एक और विशाल राजनीतिक साम्राज्य का दर्दनाक और नाटकीय अंत होगा।

## तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ता असंतोष



प्रियरंजन भारती
वरिष्ठ पत्रकार

बंगाल विधानसभा चुनावों में फजीहत भरे पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस में विद्रोह अस्वाभाविक नहीं है। ममता बनर्जी के नादिरशाही रवैये और भतीजे अभिषेक बनर्जी के बिगड़ैल व्यवहार से यह होना ही था। बंगाल की जनता ने तुष्टीकरण की हदें पार करके मनमानेपन की शासन सत्ता चलाने वाली बुआ भतीजे को पहले ही सबक सिखा दिया है। बगावत की लपटें अब बंगाल से दिल्ली कूच कर गई हैं। इसे रोकने के लिए ममता सक्रिय तो हुईं, परंतु रोक पाना अब संभव नहीं लगता। ऐसे में संसद के आगामी सत्र से पूर्व ही बड़ा खेल होना तय हो गया है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों ही सदनों में तृणमूल के कई सांसद पाला बदलने की तैयारी में हैं। अभिषेक बनर्जी के खिलाफ विद्रोह की स्थिति पार्टी की हार के बाद विस्फोट बनी है तो इसके पीछे अपने नेता के कार्य व्यवहार के प्रति लंबे समय से सदस्यों में पल रहे असंतोष की वजहें हैं। लोकसभा में पार्टी के संसदीय दल नेता अभिषेक बनर्जी को हटाकर अगले सप्ताह काकोली घोष को नया नेता बागी गुट चुन लेने की योजना को मूर्त रूप दे चुका है। इसमें ममता बनर्जी के कुछ करीबी सांसदों के भी नाम हैं। आठ जून को काकोली घोष ने दावा किया था कि उन्होंने लोकसभा के 20 सांसदों के समर्थन वाला पत्र स्पीकर ओम बिरला को भेजा है।

वैसे ममता बनर्जी को ये दिन देखने की नौबत नहीं आने देने से बचने की कभी चिंता नहीं रही। यदि होती तो भतीजे को अनावश्यक अहमियत देकर सिर बिठाने से परहेज करतीं। यह सच है कि ममता बनर्जी को बंगाल के लोगों का गुस्सा झेलने के बाद अब अपनों के विलगाव का दंश झेलने के विवश होना पड़ रहा है। वजहें परिवारवाद को जरूरत से ज्यादा प्रश्रय और राज्य में शासन के मनमानेपन से अधिक अनियंत्रित भ्रष्टाचार का फैलाव हैं। इस बगावत की असलियत को ममता बनर्जी संभव है तात्कालिक कारणों से जोड़ संतोष कर लें, लेकिन इसके मूल कारणों की पड़ताल क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य को डराकर सचेत करती है। सत्ता के गुरूर में बेलगाम मनमर्जी करने वाले तृणमूल समेत दूसरे दलों के लिए यह सीखने और आत्मसुधार करने का मंत्र भी है। क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनेक राजनीतिक दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं को अपने क्षत्रप की ओर से परिवार जनों को थोप देना सहन नहीं होता। सत्ता रहने तक संयत रहने वाले ज्यादातर लोग सल्तनत पलटते ही प्रतिकार करते हुए मुंह फेरकर दूसरे ठिकाने तलाश लेते हैं। इसे भारतीय राजनीति का अवसरवादी स्वभाव भी कहा जाए तो भ्रम नहीं होगा।

इससे पहले परिवारवादी राजनीतिक परिपाटी का विद्रोह महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस को भी दल में विभाजन के साथ झेलना पड़ा है। ममता बनर्जी के तृणमूल में यह विभाजन उनके एकांगी अलोकतांत्रिक शासन व्यवस्था और तुष्टीकरण के साथ भतीजे अभिषेक को बेलगाम बना देने का प्रतिकार है। केंद्र की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस की बगावत का दूसरा अहम पहलू भी सामने आने वाला है। टीएमसी के बागी गुट से केंद्र सरकार नारी वंदन परिसीमन विधेयक को दोबारा मंजूरी दिलाने में समर्थन ले सकती है। इन हालात में ममता बनर्जी को आगे और मुश्किल उठानी पड़े तो हैरत नहीं होगी। ऐसे दिन आने की सूरत से बचाने के लिए वह स्वयं सचेत नहीं थीं, क्योंकि पावर को परफेक्ट और परमानेंट मानकर निरंकुश होने के नशे में वह इसे बेमतलब समझती रही गईं कि लोकतंत्र में जनता ही मालिक होती है। जनता के मन मिजाज के प्रतिकूल जाने वाले ऐसे ही दिन देखने को बाध्य कर दिए जाते हैं। हर शासक को इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

खरी-खरी

## एकता की विजिबिलिटी

मनीष कुमार चौधरी

विपक्ष आजकल फिर एकता को समर्पित है। एकता उन्होंने पहले भी की थी, पर टिकी नहीं। कंगूरे की चमक दिखाने के फेर में नींव की तरफ वे ध्यान नहीं दे पाए थे। अब फिर उन्हें एकता करने की जरूरत आन पड़ी है। जनाब, एकता कोई सरकारी रेवड़ी नहीं कि जब मिली लपक ली। हर ऐरा-गैरा, हर नत्थू-खेरे से एकता करने में लगा है। एकता की मरोड़-सी उठ रही है। पापी वोट और कुर्सी की खातिर एकता करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं कि किसी भी तरह हो जाए एकता। अभी इससे लिपट रहे हैं, थोड़ी देर होते-होते उसके गले में लटक जाते हैं, फिर शाम को किसी और की गोदी में बैठ जाते हैं। सब तरफ निगाहें गड़ाए हैं कि कोई बिना एकता किए निकल न जाए। अरे, वो बिना एकता किए निकला जा रहा है। पकड़ो उसे, पकड़ो उसे... एकता करो।

पहले जिसका गला काटने को आतुर थे, उसे गले लगाने की नौटंकी एकता की पहली शर्त है। कम से कम चुनाव लड़ने तक तो करनी ही पड़ेगी। एकता का स्वांग रचो, दिखावा करो, कुछ भी करो, पर एकता तो करो ही करो। एकता करने के लिए आ रहे हो तो अमुक को भी साथ लिवा लाओ। दो-चार को और पकड़ लाना, कहना एकता करनी है।

मानो एक होने के लिए वे मरे जा रहे हैं। एकता कोई बकरी का बच्चा तो है नहीं, जो दौड़े और पकड़ लिया। एकता होनी चाहिए, ठीक है। पर जब एकता करने जाओ तो पता लगता है और सब कुछ यानी बहस, गाली-गलौज हो गया, पर एकता नहीं हुई। अरे भई, एकता कोई अरेंज मैरिज नहीं है। यह 'लिव इन' टाइप का मामला है, जिसमें जितनी संभावना चलने की होती है, उससे अधिक आशंका ब्रेकअप की होती है। ऐसा नहीं कि जब करने का मन आया तो कर ली एकता। यह भी देखना पड़ता है कि सामने कौन है, किससे एकता करनी है। टाइमिंग का भी ध्यान रखना होता है। ऐसा नहीं चलता कि सिर उठाया और एकता कर ली। गलत समय पर की गई एकता बाद में नुकसान दे सकती है। गलत पार्टी से और असमय की गई एकता की उम्र सुबह से शाम तक भी नहीं होती।

## पोस्ट

अब तृणमूल छोड़ने वालों की संभावित सूची देखकर खामोश होने की इच्छा हो रही है।
हर्ष वर्धन त्रिपाठी@MediaHarshVT



ममता बनर्जी के अब तक 19 सांसद और 58 से अधिक विधायक टूट चुके हैं। इस बर्बादी से तो लगता है कि भाजपा अगले एक साल में ही लोकसभा में अपना पूर्ण बहुमत और दोनों सदनों को मिलाकर दो-तिहाई बहुमत हासिल करना चाहती है, ताकि अगले लोकसभा चुनाव से पहले परिसीमन बिल भी पास हो जाए।
हृदयेश जोशी@hridayeshjoshi

युद्ध से पहले भारत का आधे से ज्यादा क्रूड आयल और एलपीजी होर्मुज जलमार्ग से आता था। यह बंद होने से आप और हम महंगा पेट्रोल-डीजल और एलपीजी खरीद रहे हैं। जब तक युद्ध खत्म नहीं होगा, तब तक हमारी मुश्किलें बनी रहेंगी।
मिलिंद खांडेकर@milindkhandekar

सीमा पार से विरोध-प्रदर्शन के जैसे मामले सुनने में आ रहे हैं, वैसे पहले कभी नहीं सुने गए। क्या यह हाल के दौर में पाकिस्तान के भीतर सबसे बड़ा नागरिक प्रतिरोध है?
प्रशांत कुमार@scribe_prashant

## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या ममता बनर्जी को अपने दल का विलय कांग्रेस में कर लेना चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

## जनपथ

दाना ममता के लिए डाल रहे हैं लोग,
विलय करो कांग्रेस में आज आ गया योग।
आज आ गया योग खत्म दल हुआ तुम्हारा,
हो करके मजबूर 'हाथ' थामो दोबारा।
मिट्टी हुई पलीद भूलकर बैर पुराना,
दीदी चुगिए आप पुनः कांग्रेसी दाना!
-ओम प्रकाश तिवारी



प्रदीप सिंह
संपादकीय प्रभारी, जमशेदपुर

झारखंड डायरी

# रिश्तों, रणनीति और गठबंधन की अग्निपरीक्षा

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाला चुनाव इस बार सामान्य संसदीय प्रक्रिया से कहीं आगे बढ़कर राजनीतिक शक्ति परीक्षण में बदल गया है। सत्ता पक्ष के उम्मीदवारों के सामने राजग समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नथवाणी की एंट्री ने मुकाबले को त्रिकोणीय और रोचक बना दिया है। नथवाणी का नामांकन वैध घोषित होने के बाद चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है और अब सभी निगाहें 18 जून को होने वाले मतदान पर टिक गई हैं।

झामुमो ने पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने प्रणव झा को उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतारने के बजाय राज्यसभा के पूर्व सदस्य उद्योगपति परिमल नथवाणी को समर्थन देकर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। पहली नजर में देखा जाए तो झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम की स्थिति सबसे मजबूत दिखाई देती है। झामुमो के पास पर्याप्त संख्या बल है और सत्ता गठबंधन के भीतर भी उनके पक्ष में व्यापक सहमति है। पहली सीट पर उनकी जीत तय है।

वास्तविक संघर्ष दूसरी सीट को लेकर है, जहां कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा और राजग समर्थित परिमल नथवाणी आमने-सामने हैं। यहीं से चुनाव का गणित राजनीतिक रसायनशास्त्र में बदल जाता है। भाजपा के पास अपने दम पर जीत सुनिश्चित करने लायक संख्या नहीं थी। ऐसे में पार्टी ने संगठनात्मक उम्मीदवार उतारने के बजाय नथवाणी को समर्थन देने का निर्णय लिया। भाजपा नेताओं का तर्क है कि उपलब्ध संख्या बल के आधार पर यह सबसे व्यावहारिक विकल्प था। लेकिन यह केवल संख्या का खेल नहीं है। भाजपा जानती है कि नथवाणी का राजनीतिक दायरा पारंपरिक दलगत सीमाओं से कहीं बड़ा है। उद्योग, राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में उनके संबंध सभी दलों के नेताओं से रहे हैं।



बैद्यनाथ राम। फाइल



परिमल नथवाणी। फाइल



प्रणव झा। फाइल

कांग्रेस की सबसे बड़ी चिंता यह नहीं है कि भाजपा ने नथवाणी को समर्थन दिया है, बल्कि यह है कि नथवाणी विभिन्न दलों के विधायकों के बीच व्यक्तिगत स्वीकार्यता रखते हैं। यही वजह रही कि उनके नामांकन पर तकनीकी आपत्तियां उठने के बाद कांग्रेस ने आक्रामक रुख अपनाया और विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन तक किया। हालांकि चुनाव अधिकारियों ने सभी आपत्तियों को खारिज करते हुए नामांकन वैध घोषित कर दिया। नामांकन विवाद ने यह भी संकेत दिया कि कांग्रेस इस चुनाव को पूरी गंभीरता से ले रही है और उसे संभावित क्रास वोटिंग का अंदेशा है। राज्यसभा चुनावों का इतिहास बताता है कि जब मुकाबला त्रिकोणीय हो और उम्मीदवारों के व्यक्तिगत संबंध मजबूत हों, तब केवल पार्टी व्हिप ही निर्णायक नहीं होती है।

झारखंड की राजनीति लंबे समय से व्यक्तिगत रिश्तों, क्षेत्रीय समीकरणों और राजनीतिक लचीलेपन के लिए जानी जाती रही है। ऐसे में यदि कुछ विधायक रणनीतिक मतदान करते हैं या दूसरी वरीयता के वोट महत्वपूर्ण हो जाते हैं तो परिणाम अप्रत्याशित भी हो सकता है। इस चुनाव में क्रास वोटिंग और वरीयता आधारित मतदान बड़ा फैक्टर बन सकता है। यह चुनाव केवल विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच नहीं है, झामुमो और कांग्रेस के रिश्तों की भी परीक्षा है।

लोकसभा चुनाव और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए दोनों दल सार्वजनिक रूप से एकजुटता का संदेश देना चाहते हैं। लेकिन राज्यसभा चुनाव में यदि कांग्रेस अपेक्षित समर्थन नहीं जुटा पाती तो गठबंधन की आंतरिक राजनीति पर भी सवाल उठ सकते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेतृत्व लगातार सक्रिय है और विधायकों की एकजुटता बनाए रखने पर जोर दे रहा है।

इस चुनाव का सबसे दिलचस्प पहलू परिमल नथवाणी का व्यक्तिगत राजनीतिक नेटवर्क है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से भी सभी दलों से समर्थन की अपील की है। यही वजह है कि कई राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि यदि चुनाव केवल पार्टी लाइन पर नहीं चला तो नथवाणी अपेक्षा से अधिक समर्थन जुटा सकते हैं। उनके पक्ष में दूसरी वरीयता के वोट भी निर्णायक साबित हो सकते हैं। 18 जून को आने वाला परिणाम केवल यह तय नहीं करेगा कि राज्यसभा कौन जाएगा, यह भी तय करेगा कि झारखंड की राजनीति में किस गठबंधन की पकड़ मजबूत है।

यदि कांग्रेस दूसरी सीट निकाल लेती है तो यह सत्तारूढ़ गठबंधन की एकजुटता की जीत मानी जाएगी। यदि नथवाणी जीतते हैं तो इसे भाजपा की रणनीतिक सफलता और सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर राजनीतिक रिसाव के संकेत के रूप में देखा जाएगा। राज्यसभा चुनाव अब महज अंकगणित का खेल नहीं रह गया है। यह राजनीतिक रिश्तों, गठबंधन धर्म, व्यक्तिगत प्रभाव और विधायकों की निष्ठा की संयुक्त परीक्षा बन चुका है। दो सीटों के इस चुनाव में एक सीट भले सुरक्षित दिख रही हो, लेकिन दूसरी सीट पर चल रही सियासी शतरंज ने पूरे राज्य का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 18 जून को मतपेटी से निकला संदेश आने वाले महीनों की झारखंड की राजनीति की दिशा भी तय कर सकता है।

मंथन



आलोक वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

# साइबर गुलामी से मुक्ति की राह

**दक्षिण-पूर्व एशिया में लगभग एक लाख लोग साइबर धोखाधड़ी केंद्रों में फंसे हैं, जिनमें बड़ी संख्या भारतीयों की है। भारत वापसी पर इनके पुनर्वास की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए**

आज साइबर अपराध केवल चुनौती नहीं रह गया है, यह सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक संकट का रूप ले चुका है। साइबर ठगी गिरोहों ने हजारों युवकों को अपने जाल में फंसाया है। इनमें अनेक ऐसे भी हैं जिन्हें नौकरी, बेहतर वेतन और विदेशी अवसरों का लालच देकर म्यांमार, कंबोडिया और लाओस जैसे देशों के कुख्यात साइबर स्कैम परिसरों में पहुंचा दिया जाता है। वहां उनसे आनलाइन धोखाधड़ी करवाई जाती है।

सामान्य धारणा यह है कि ऐसे लोग पीड़ित होते हैं। लेकिन हाल में सामने आया एक मामला इस धारणा को चुनौती देता है। यह घटना बताती है कि शोषण और अपराध के बीच की रेखा हमेशा स्पष्ट नहीं होती। कभी-कभी पीड़ित परिस्थितियों, लालच या सीखे गए अपराध कौशल के कारण स्वयं अपराधी बन जाते हैं। डार्क रिटर्न की इस कड़वी सच्चाई का खतरा मंडराने लगा है। नवी मुंबई, जालंधर और दार्जिलिंग के तीन युवकों की कहानी इसी जटिल सच्चाई को सामने लाती है। इन तीनों युवकों की मुलाकात किसी कालेज, दफ्तर या व्यापारिक मंच पर नहीं हुई थी। उनकी राहें म्यांमार में एक कुख्यात साइबर स्कैम कैंप में जाकर मिलीं। यह इलाका पिछले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी का बड़ा केंद्र बन चुका है। तीनों को बेहतर रोजगार और आकर्षक वेतन के नाम पर वहां ले जाया गया। पहुंचने के बाद उनके पासपोर्ट और दस्तावेज नियंत्रित कर लिए गए। उन्हें डिजिटल ठगी के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया और लंबी शिफ्टों में आनलाइन धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया गया।

जनवरी 2026 में म्यांमार के एक साइबर शिविर से बचाए गए इन तीन भारतीय युवकों की वापसी को मानवीय तस्करी-रोधी प्रयासों की एक सफलता के रूप में देखा गया था। नवी मुंबई, जालंधर और दार्जिलिंग से ताल्लुक रखने वाले ये युवक उस क्रूर तंत्र के शिकार थे जो नौकरी का प्रलोभन देकर युवाओं को दक्षिण-पूर्व एशिया के साइबर धोखाधड़ी केंद्रों में धकेल देता है। वहां उनसे जबरन फर्जी निवेश योजनाओं के जरिये लोगों को ठगने का काम कराया गया।

इस प्रकरण को केवल पुनरावृत्त अपराध के रूप में दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा। प्रश्न यह है कि वापसी के बाद इन युवकों को क्या मिला? भारत में मानव तस्करी के पीड़ितों के लिए संरचित पुनर्वास की कोई बाध्यकारी राष्ट्रीय प्रणाली नहीं है। विदेश से बचाए गए वयस्क पुरुष पीड़ितों के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श, आर्थिक पुनर्वास या व्यावसायिक प्रशिक्षण की कोई नियमित व्यवस्था केंद्र अथवा राज्य स्तर पर दृष्टिगत नहीं होती। मनोविज्ञान में यह सुस्थापित तथ्य है कि दीर्घकालिक जबरदस्ती और हिंसा के संपर्क में रहने के बाद व्यक्ति की नैतिक निर्णय-क्षमता प्रभावित होती है। जो कौशल जबरन सीखा गया हो, जो वातावरण में जीवित रहने का एकमात्र साधन बन गया हो, वह मानसिक रूप से 'सामान्य' भी लगने लगता है। इस पृष्ठभूमि में बिना किसी हस्तक्षेप के की गई घर-वापसी, पुनर्वास नहीं है, वह केवल भौगोलिक स्थानांतरण है।

नीति और व्यवहार के बीच की दूरी : भारत ने 2012 में मानव तस्करी-रोधी इकाइयां स्थापित करने की दिशा में कदम उठाए। वर्ष 2022 में संसद में तस्करी-रोधी विधेयक लाने का प्रयास हुआ, किंतु वह पारित नहीं हो सका।

उपरोक्त प्रकरण में एक और आयाम ध्यान देने योग्य है- साइबर अपराध की सुलभता। परंपरागत अपराध में जोखिम और संसाधन दोनों अधिक होते हैं। साइबर धोखाधड़ी में न्यूनतम संसाधन, अधिकतम पहुंच और पकड़े जाने की अपेक्षाकृत कम आशंका, यह संयोजन उन लोगों के लिए विशेष रूप से आकर्षक बन जाता है जो पहले से इस तकनीक में दक्ष हों और जिनके पास वैध आर्थिक विकल्प सीमित हों।

डिजिटल सतर्कता : इस पूरे प्रसंग में एक पहलू उन नागरिकों से भी जुड़ता है जो इस प्रकार के नेटवर्क के संभावित लक्ष्य हैं। साइबर ठगी के तरीके अब इतने परिष्कृत हो चुके हैं कि पीड़ित को संदेह करने का अवसर ही नहीं मिलता। अज्ञात स्रोत से आई निवेश की पेशकश, अत्यधिक प्रतिफल का वादा करने वाले डिजिटल प्लेटफार्म अथवा व्यक्तिगत व बैंकिंग जानकारी मांगने वाले फोन, ये सब तत्काल सत्यापन की मांग करते हैं। ऐसे में कई बार समझदार लोग भी गड़बड़ी कर बैठते हैं।

इस प्रकरण से तीन स्पष्ट नीतिगत निष्कर्ष निकलते हैं। पहला, विदेश से बचाए गए तस्करी-पीड़ितों के लिए अनिवार्य और समयबद्ध पुनर्वास प्रोटोकाल बनाया जाए जिसमें मानसिक



स्वास्थ्य सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और न्यूनतम छह माह की निगरानी शामिल हो। दूसरा, साइबर अपराध में प्रयुक्त कौशल को वैध डिजिटल क्षेत्र में पुनर्निर्देशित करने के कार्यक्रम विकसित किए जाएं। तीसरा, तस्करी-रोधी विधेयक को शीघ्र पारित कर पुनर्वास को कानूनी बाध्यता का रूप दिया जाए। वस्तुतः यह प्रकरण एक चेतावनी है। जब राज्य किसी नागरिक को शोषण से बचाने के बाद उसे उसके हाल पर छोड़ देता है, तो वह न केवल उस व्यक्ति के प्रति, बल्कि उन भावी पीड़ितों के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता है जो इस चक्र में आगे फंसेंगे। बचाव पर्याप्त नहीं है, पुनर्वास अनिवार्य होना चाहिए।

### हर्षपति सिंघानिया ने आइसीसी चेयरमैन का पद संभाला

**नई दिल्ली:** जेके पेपर लि. के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हर्षपति सिंघानिया को पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय उद्योग मंडल इंटरनेशनल चैंबर आफ कामर्स (आइसीसी) का चेयरमैन चुना गया है। वह आइसीसी के निवर्तमान चेयरमैन फिलिप वारिन का स्थान लेंगे। सिंघानिया को इस पद के लिए ऐसे समय चुना गया है जब भारत एक तेजी से विकसित होती प्रमुख अर्थव्यवस्था और वैश्विक बाजार में एक प्रभावशाली आवाज के रूप में उभर रहा है। (प्रेट्र)

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक 'उज्ज्वल स्थान' बना हुआ है और मजबूत वृद्धि के साथ-साथ एक बहुत बड़ा बाजार भी प्रदान करता है।

– एन. चंद्रशेखरन, चेयरमैन, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड



| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 73,832.55 | ▼ 150.63 | |
| निफ्टी | 23,161.60 | ▲ 53.35 | |
| सोना | प्रति दस ग्राम | ₹ 1,53,900 | ▼ ₹ 2,100 |
| चांदी | प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,45,700 | बदलाव नहीं |
| डालर | | ₹ 95.85 | ▲ ₹ 0.60 |
| क्रूड | प्रति बैरल | $ 92.16 | |

## एक नजर में

### भारत में गेमिंग लैपटाप का उत्पादन शुरू करेगी असुस

**नई दिल्ली:** पर्सनल पर्सनल कंप्यूटर बनाने वाली ताइवान कंपनी असुस जल्द ही भारत में गेमिंग लैपटाप का उत्पादन शुरू करेगी। असुस इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस के लिए प्रोडक्ट और मार्केटिंग हेड, परमजीत सिंह मेहता ने कहा कि कंपनी की योजना देश में 25-30 प्रतिशत मांग को स्थानीय उत्पादन से पूरा करने की है। उन्होंने बताया कि उत्पादन के लिए कंपनी ने चेन्नई की एक इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विस कंपनी के साथ पार्टनरशिप की है। सिंह ने कहा, 'हम पहले ऐसे ब्रांड होंगे जो भारत में गेमिंग लैपटाप का उत्पादन शुरू करेंगे।' (प्रेट्र)

### सोना 2,100 गिरा, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते बुलियन मार्केट में निवेशकों का उत्साह कम रहा और गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 2,100 रुपये गिरकर 1,53,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि पश्चिम एशिया में लंबे समय से चल रहे तनाव ने ऊर्जा की ऊंची कीमतों और महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जिससे सोने के प्रति आकर्षण कम हुआ है। (प्रेट्र)

### मई में बैंक कर्ज में वृद्धि 17 प्रतिशत से ज्यादा रही

**मुंबई:** मई के अंत में बैंक कर्ज में सालाना आधार पर 17.44% की वृद्धि दर्ज की गई है। इस मजबूत उछाल के साथ, दोहरे अंकों में ऋण विस्तार का सिलसिला नौवें महीने भी जारी है और यह खुदरा और कारपोरेट दोनों श्रेणियों से मिलने वाली कर्ज की मांग को दर्शाता है। 15 मई को कर्ज वृद्धि की रफ्तार 16.06 प्रतिशत थी, जिससे पता चलता है कि महीने के आखिर तक इसमें तेजी आई। इस साल 31 जनवरी के बाद से कर्ज वृद्धि 13 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है और उसके बाद यह 14 से 17 प्रतिशत के बीच रही है। (प्रेट्र)

# 30% तक एथनाल मिला पेट्रोल एक्साइज मुक्त

## वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना, अभी यह छूट सिर्फ 20 प्रतिशत एथनाल मिले पेट्रोल पर थी उपलब्ध

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** सरकार ने अब 20 प्रतिशत से अधिक एथनाल मिश्रण वाले पेट्रोल पर भी उत्पाद शुल्क हटा दिया है। वित्त मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी अधिसूचना के तहत 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनाल मिश्रण वाले पेट्रोल पर भी अब उत्पाद शुल्क को शून्य कर दिया गया है।

सरकार का दावा है कि यह कदम एथनाल मिश्रण को बढ़ावा देने, आयातित कच्चे माल पर निर्भरता कम करने, किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। उत्पाद शुल्क पूरी तरह से घटाने का मतलब यह हुआ कि उक्त चारों तरह के मिश्रित ईंधन की कीमत मौजूदा ई-20 पेट्रोल से कम होगी। वैसे बाजार में अभी तेल कंपनियां उक्त मिश्रण वाले ईंधन नहीं बेचती हैं, लिहाजा भविष्य में जब इनकी बिक्री सुनिश्चित की जाएगी तो संभवतः ई20 के मुकाबले इस तरह के ईंधन की कीमत कम हो सकती है। इस बारे में सरकारी तेल कंपनियों की तरफ से अभी स्पष्टीकरण आना शेष है।

तेल मार्केटिंग कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम एक तरह से ज्यादा एथनाल मिश्रण वाले पेट्रोल के लिए देश में इकोसिस्टम को बनाने के लिए है। सरकार की तरफ से अभी तक यह साफ नहीं किया गया है कि वह कब से ई20 से ज्यादा मिश्रण के पेट्रोल की बिक्री देश में शुरू करेगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले दिनों ई85 ईंधन से चलने वाली कार की लांचिंग के अवसर पर कहा था कि यह ई20 से करीब 20 प्रतिशत सस्ता होगा और फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार ई-85 इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। हालांकि कुछ महीने पहले उन्होंने कहा था कि ई 20 ईंधन की पूरी समीक्षा के बाद ही सरकार आगे के रोडमैप पर आगे बढ़ेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम एशिया विवाद ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर सरकार को काफी सचेत कर दिया है और वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी नया अध्यादेश इसी का नतीजा है। मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जा चुकी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय का बयान है कि अभी पेट्रोल पर छह रुपये और डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर की हानि सरकारी तेल कंपनियों को हो रही है। मार्च में सरकार ने पहले ही पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क कम किया था, जिससे सालाना एक लाख करोड़ रुपये से अधिक राजस्व की हानि हुई। इसका मकसद पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से उपभोक्ताओं को बचाना था। अब उच्च एथनाल ब्लेंडिंग पर छूट देकर सरकार बाजार को तैयार कर रही है।

- सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर घटाया था उत्पाद शुल्क
- उत्पाद शुल्क में दी गई यह छूट ग्राहकों को एथनाल-मिश्रित पेट्रोल की ओर करेगी प्रोत्साहित




### ज्यादा मिश्रण को लेकर बहस

भारत में एथनाल इस्तेमाल की शुरुआत विवादों से अछूती नहीं रही है। जब पूरे देश में ई-20 ईंधन उपलब्ध हुआ, तो कुछ वाहन मालिकों ने ईंधन की दक्षता और इंजन के प्रदर्शन को लेकर चिंता जताई। ये चिंताएं सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचीं। सितंबर 2025 में, शीर्ष अदालत ने ई-20 ईंधन को पूरे देश में लागू करने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट में सरकार ने तर्क दिया कि इस बदलाव का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया था और इससे गन्ना किसानों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

# शहरी सहकारी बैंकों को फिर से लाइसेंस दे सकता है आरबीआइ




**वर्ष 2004 से नहीं दिए जा रहे नए लाइसेंस, यूसीबी शुरू करने के लिए न्यूनतम पूंजी की जरूरत को कम करने का दिया सुझाव**

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** आरबीआइ एक बार फिर से शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के लिए नए लाइसेंस जारी कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो इस सेक्टर में नए बैंकों के आने पर लगी दो दशक पुरानी रोक खत्म हो जाएगी। वर्ष 2004 में आरबीआइ ने नए यूसीबी को लाइसेंस देना बंद कर दिया था।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस तरह की चर्चा आरबीआइ द्वारा इस संबंध में जनवरी में जारी एक चर्चा पत्र जारी करने के बाद शुरू हुई। इसमें इस बात पर राय मांगी गई थी कि क्या शहरी सहकारी बैंकों को फिर से लाइसेंस देना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआइ को इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। उद्योग से जुड़े लोगों ने इस कदम का समर्थन किया है और साथ ही सुझाव दिया है कि यूसीबी शुरू करने के लिए प्रस्तावित न्यूनतम पूंजी की जरूरत (300 करोड़ रुपये) को कम किया जाए। इसमें यह भी बताया गया है कि 2004 के बाद से शहरी सहकारी बैंकों के लिए नियामकीय निगरानी में काफी सुधार हुआ है और ऐसे में आरबीआइ को लाइसेंस फिर से देने पर विचार करना चाहिए। अपने चर्चा पत्र में आरबीआइ ने नए यूसीबी को इस सेक्टर में आने की अनुमति देने के कई संभावित फायदे भी बताए हैं। मार्च 2025 तक भारत में 1,457 शहरी सहकारी बैंक थे, जिनकी कुल संपत्ति 7.38 लाख करोड़ रुपये और जमा राशि 5.84 लाख करोड़ रुपये थी।

# एक्सचेंजों पर शेयरों की कीमत में अंतर रोकने की तैयारी

**प्री-ओपेन काल आक्शन के बेस प्राइस को लेकर भी मार्केट रेगुलेटर ने अपनाया कड़ा रुख**

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने शेयर बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा और ट्रेडिंग को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए एक नया परामर्श पत्र जारी किया है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य उन शेयरों की कीमतों में अंतर को खत्म करना है, जो एक से अधिक एक्सचेंजों (एनएसई व बीएसई) पर सूचीबद्ध हैं। कई बार ऐसा देखा जाता है कि एक ही समय पर किसी शेयर की कीमत दोनों एक्सचेंजों पर अलग-अलग होती है, जिससे विसंगतियां पैदा होती हैं। सेबी अब इसी अंतर को पाटने की तैयारी में है।

सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि यदि कोई शेयर दोनों प्रमुख एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध है, लेकिन किसी तकनीकी कारण या अन्य वजह से एक एक्सचेंज पर ट्रेड हो रहा है और दूसरे पर 'नो ट्रेड' (ट्रेडिंग न होना) की स्थिति है, तो नियम बदले जाएंगे। ऐसी स्थिति में, जिस एक्सचेंज पर ट्रेडिंग नहीं हुई है, वहां का बेस प्राइस तय करने के लिए उस एक्सचेंज के क्लोजिंग प्राइस को आधार बनाया जाएगा, जहां सक्रिय रूप से ट्रेडिंग हुई है। इसके अलावा, जिस एक्सचेंज पर उस शेयर का सबसे अधिकतम वाल्यूम (ज्यादा मात्रा में खरीद-बिक्री) रहा होगा, उसके क्लोजिंग प्राइस (बंद मूल्य) को भी बेस प्राइस का आधार बनाया जा सकता है। बाजार खुलने से पहले होने वाले प्री-ओपेन काल आक्शन के बेस प्राइस को लेकर भी सेबी ने कड़ा रुख अपनाया है। आम जनता इन प्रस्तावों पर दो जुलाई तक अपनी राय दे सकेगी।

# डालर के मुकाबले रुपया 60 पैसे गिरकर 95.85 पर बंद हुआ

**मुंबई, प्रेट्र:** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और डालर के मजबूत होने के चलते रुपया 60 पैसे गिरकर डालर के मुकाबले 95.85 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, एफआइआइ की भारी निकासी और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा ने स्थानीय मुद्रा और दबाव डाला।

रुपया डालर के मुकाबले 95.55 पर खुला और 95.85 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 95.85 के निचले स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 60 पैसे कम था। बुधवार को आरबीआइ द्वारा अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने और घरेलू मुद्रा में और गिरावट को रोकने के लिए संभावित हस्तक्षेप के बीच, स्थानीय मुद्रा डालर के मुकाबले 16 पैसे मजबूत होकर 95.25 पर बंद हुई थी। डालर इंडेक्स 0.13% बढ़कर 100.07 पर कारोबार कर रहा था।

# बैंकिंग सेक्टर को एआइ माडल माइथोस से बचाने की पहल

- सूचना-प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस आइबीए संग मिलकर बैंक कर्मियों को करेगी प्रशिक्षित
- डाटा और साइबर सुरक्षा से जुड़े किसी भी साफ्टवेयर को हैक कर सकता है एंथ्रोपिक का माइथोस




**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** अमेरिका की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) कंपनी एंथ्रोपिक के एआइ माडल माइथोस से होने वाले खतरे को ध्यान में रखते हुए इंडियन बैंक एसोसिएशन (आइबीए) ने काम करना शुरू कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने गत अप्रैल में ही माइथोस से बैंकिंग सेक्टर के डाटा और साइबर सुरक्षा में सेंध लगने की आशंका को देखते हुए बैंकों को इसके बचाव की तैयारी करने का निर्देश दिया था। वित्त मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक अप्रैल के बाद से ही माइथोस से बचने के लिए काम चल रहा है। एक समिति भी इसकी निगरानी कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि निजी सेक्टर की आइटी कंपनी इन्फोसिस आबीए के साथ मिलकर बैंककर्मी को प्रशिक्षित करेगी ताकि बैंकों को साइबर हमले से बचाया जा सके। इलेक्ट्रानिक्स और आइटी मंत्रालय की भी इस काम में मदद ली जा रही है। माइथोस एक ऐसा एआइ माडल है, जो डाटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़े किसी भी साफ्टवेयर को हैक कर सकता है। गत बुधवार को एंथ्रोपिक ने माइथोस एआइ माडल को लांच तो कर दिया, लेकिन बताया जा रहा है कि फिलहाल माइथोस का इस्तेमाल साइबर सुरक्षा और केमिकल फार्मूला जैसी चीजों में सेंध लगाने के लिए नहीं किया जा सकेगा। एक कवच के साथ माइथोस को बाजार में लाया गया है। साइबर सुरक्षा जानकारों का कहना है कि साइबर सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए हमेशा माइथोस को नहीं रोका जा सकता है। यह एक नई चुनौती है। तभी आरबीआइ ने भी बैंकों को जून माह के अंत तक साइबर सुरक्षा से बचने के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है। माइथोस को अभी कुछ और माह के बाद लांच किया जाना था, लेकिन चीन के एआइ माडल डीपसिक, मूनशाट्स और मिनीमैक्स के बढ़ते प्रभाव को चुनौती देने के लिए इसे गत बुधवार को ही लांच कर दिया गया।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### गैर अनिवासी भारतीयों की जमा पर ब्याज बढ़ा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** आइसीआइसीआइ और एसबीआइ समेत कई बैंकों ने गैर अनिवासी भारतीयों (एनआरआइ) के लिए ज्यादा ब्याज दर वाली नई फारेन करेंसी नान रेसिडेंट डिपाजिट स्कीम शुरू की है। आइसीआइसीआइ बैंक ने बताया कि वह 11 जून से एनआरआइ फिक्स्ड डिपाजिट पर 6.50% ब्याज दे रहा है। स्टेट बैंक आफ इंडिया ने नई एसबीआइ एडवांटेज एफसीएनआर (बी) डिपाजिट स्कीम का एलान किया है और यह तीन से पांच साल की अवधि के लिए उपलब्ध है। बैंक आफ बड़ौदा ने कहा कि वह नई एफसीएनआर (बी) डिपाजिट स्कीम के तहत प्रमुख विदेशी मुद्राओं (अमेरिकी डालर, पाउंड स्टर्लिंग) में पांच साल की मैच्योरिटी अवधि वाले डिपाजिट पर ज्यादा ब्याज दे रहा है।

## राष्ट्रीय फलक

### अमेरिकी रियल एस्टेट टेक्नोलाजी कंपनी ओपेनडोर ने भारत से कामकाज समेटा

**वाशिंगटन, प्रेट्र :** सैन फ्रांसिस्को की प्रमुख रियल एस्टेट टेक्नोलाजी कंपनी ओपेनडोर ने भारत में अपना पूरा कामकाज बंद कर दिया है और अपने सभी 250 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने 2022 में चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में आफिस खोलकर भारत में कामकाज शुरू किया था। कंपनी के सीईओ काज नेजातियान के अनुसार, एआइ और आधुनिक टूल्स के आने से कंपनी की कई प्रणालियां एकीकृत हो गई हैं, जिससे भारत जैसी जगहों पर बड़े बैक-आफिस और मैनुअल वर्कफ्लो टीमों की आवश्यकता कम हो गई है। इसका असर भारत में हमारे उन सभी साथियों पर पड़ेगा, जिन्होंने हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया है। मैं उनके समर्पण के लिए आभारी हूं। प्रभावित कर्मचारियों को सेवरेंस पे (नौकरी छूटने पर मिलने वाला पैसा), आउटप्लेसमेंट सर्विस और ट्रांजिशन सपोर्ट (दूसरी नौकरी मिलने तक समर्थन) मिलेगा।

# मुंबई के झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास क्षेत्र में रिलायंस भी उतरा

**मुंबई, प्रेट्र :** अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के रिलायंस समूह ने पश्चिम मुंबई में 101.40 एकड़ के झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास से जुड़ी बोली जीत ली है। इसके साथ ही कंपनी ने उस क्षेत्र में कदम रखा है, जहां उसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनी अदाणी समूह पहले से ही एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्तियों में से एक धारावी का पुनर्विकास कर रही है। इस टेंडर के लिए धातु क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जेएसडब्ल्यू और बड़े कारोबारी समूह शापूरजी पलोनजी समूह ने भी बोलियां लगाई थीं।

मुंबई स्थित स्लम रिहैबिलिटेशन अथारिटी ने बुधवार देर रात बताया कि रिलायंस 4आइआर रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले एक कंसोर्टियम ने अंधेरी में जुहू गली स्लम क्लस्टर के लिए बोली जाती है। अथारिटी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से जुहू गली में रहने वाले पात्र लोगों को 28 हजार से ज्यादा घर मिलने की उम्मीद है। मुंबई में झुग्गी बस्ती पुनर्विकास का काम पहले स्लम रिहैबिलिटेशन अथारिटी के तहत मध्यम आकार के डेवलपर्स करते रहे हैं, लेकिन ज़मीन के बिखरे हुए मालिकाना हक और निवासियों की सहमति लेने की ज़रूरत के कारण अक्सर प्रोजेक्ट में देरी होती रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में महाराष्ट्र सरकार (जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है) की ओर से किए गए नीतिगत बदलावों ने बड़े बिजनेस समूह को इस सेक्टर की ओर आकर्षित किया है।



प्रतीकात्मक

### विश्व बैंक ने घटाई भारत की विकास दर, फिर भी रहेगी सबसे तेज आर्थिकी

**वाशिंगटन, प्रेट्र :** विश्व बैंक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पिछले साल के 7.7 प्रतिशत से घटकर चालू वित्त वर्ष में 6.6 प्रतिशत रह जाएगी। ऐसा ऊर्जा की ऊंची कीमतों और अन्य इनपुट लागतों के कारण निजी मांग में कमी आने की वजह से होगा। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान ने यह भी कहा है कि वृद्धि दर में गिरावट के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज रहेगी। बता दें कि आरबीआइ ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी दरों में कटौती मांग को कुछ हद तक सहारा मिल सकता है। साथ ही, यह भी उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2027-28 में अर्थव्यवस्था फिर से 7.2 प्रतिशत की अनुमानित विकास दर पर पहुंच जाएगी। इस साल की शुरुआत में भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी रहीं, जिसे घरेलू मांग से सहारा मिला।

# नेपाल ने भारतीय आमों के आयात पर प्रतिबंध होने से किया इन्कार

- यू-टर्न ले कहा-फल के नेपाली बाजार में प्रवेश की अनुमति जारी की है
- भारतीय आमों पर लगाया था अत्यधिक कीटनाशक पाए जाने का आरोप

**काठमांडू, प्रेट्र :** नेपाल ने अब यू-टर्न लेते हुए कहा कि उसने भारतीय आमों के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और यह स्पष्ट किया है कि फल के नेपाली बाजार में प्रवेश के लिए अनुमति जारी की गई है, जो मांग के जवाब में और कुछ नियमों के अनुसार है। यह घटनाक्रम तब बदला है जब नेपाली अधिकारियों ने कहा था कि नेपाल सरकार ने भारतीय आमों के आयात को प्रतिबंधित कर दिया है, जिनमें अत्यधिक कीटनाशक पाए गए थे। जबकि बुधवार को कृषि, वन और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि भारत से आमों के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मंत्रालय के तहत प्लांट क्वारंटाइन और कीटनाशक प्रबंधन केंद्र ने कहा कि भारतीय आमों पर प्रतिबंधों के संबंध में विभिन्न मीडिया आउटलेट्स और इंटरनेट मीडिया में रिपोर्टों के बाद इस मामले पर ध्यान दिया गया।

कुछ दिन पहले भारत से आमों का एक बड़ा कंसाइनमेंट मधेश प्रांत के भित्तामोड़ क्वारंटाइन चेक पोस्ट पर रोका गया था। हालांकि, मधेश प्रांत के भूमि प्रबंधन, कृषि और सहकारी मंत्रालय के प्रवक्ता मनीष कुमार पाल ने कहा कि अब इस कंसाइनमेंट को भारतीय अधिकारियों द्वारा पौधों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने के बाद छोड़ दिया गया है।

जनकपुरधाम, मधेश प्रांत में फल और सब्जी व्यापारियों के संघ के महासचिव भूवनेश्वर पूर्वे ने पहले कहा था कि भारतीय आयातों को रोकने से घरेलू बाजार में कमी आ सकती है। हालांकि जनकपुरधाम में पड़ोसी जिलों से 50 टन से अधिक आम आते हैं। स्थानीय उत्पादन अकेले पूरे मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता।

### हरियाणा में स्कार्पियो से कुचलकर प्रापर्टी डीलर समेत तीन दोस्तों की हत्या

**जागरण संवाददाता, पानीपत :** हरियाणा के गांव डिकाडला में बुधवार देर रात तीन दोस्तों को स्कार्पियो से कुचलकर मार डाला गया। मृतकों की पहचान डिकाडला के नरेंद्र गाहल्याण (46), विनोद (48) और अनिप गाहल्याण (36) के रूप में हुई। स्वजन का आरोप है कि यह सड़क हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या थी, जिसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई।

नरेंद्र खेती के साथ प्रापर्टी का कारोबार करता था। तीनों बुधवार रात सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी।

नरेंद्र के भाई विरेंद्र गाहल्याण ने पुलिस को बताया कि गांव के कुछ लोगों की ट्राली और डंपर कुछ माह पहले अवैध माइनिंग मामले में पकड़े गए थे। आरोपितों को शक था कि नरेंद्र की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई थी, जिसके चलते वे उससे रंजिश रखते थे और पहले भी धमकी दे चुके थे।

# रिलायंस पावर के पूर्व सीएफओ को जमानत देने से हाई कोर्ट का इन्कार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

- कहा- मनी लांड्रिंग मामले में सीएफओ अशोक कुमार पाल को राहत देने का कोई आधार नहीं



अशोक कुमार पाल

68.2 करोड़ रुपये के फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में रिलायंस पावर लिमिटेड के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) अशोक कुमार पाल को नियमित जमानत देने से दिल्ली हाई कोर्ट ने इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति मधु जैन की पीठ ने अशोक की जमानत याचिका खारिज कर कहा कि ईडी द्वारा प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की जा रही जांच में उन्हें राहत देने का कोई आधार नहीं बनता है।

पीठ ने कहा, धोखाधड़ी के बारे में कोई जानकारी न होने और केवल आधिकारिक हैसियत से काम करने के पूर्व सीएफओ के दावे पर ट्रायल के दौरान साक्ष्यों की जांच करते समय विचार किया जाएगा। अशोक कुमार ने तर्क दिया था कि उनकी शिकायत के कारण ही मुख्य अपराध की प्राथमिकी हुई थी।

यह मामला सोलर एनर्जी कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआइ) को सौंपी गई 68.2 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी से जुड़ा है। यह गारंटी रिलायंस पावर (अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनी) की सब्सिडियरी कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड की ओर से दी गई थी, जो फर्जी पाई गई थी। पाल को ईडी ने 10 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने जमानत याचिका का विरोध कर कहा था कि जांच के दायरे में आए कंपनी के समझौतों व बातचीत को अंजाम देने में याचिकाकर्ता की सीधी व सक्रिय भूमिका थी।

# सारनाथ में पीजी की सीढ़ियों पर मिला 19 वर्षीय नर्सिंग छात्रा का शव

**जागरण संवाददाता, वाराणसी**

- प्रेमी से मिलने पीजी पहुंची थी छात्रा, पूछताछ में युवक ने शारीरिक संबंध बनाने की बात स्वीकारी
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंदरूनी चोट व अत्यधिक रक्तस्राव की पुष्टि, बैग से गर्भपात की दवाएं मिलीं

सारनाथ में एक पेइंग गेस्ट हाउस (पीजी) की सीढ़ियों पर बुधवार को जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) द्वितीय वर्ष की 19 वर्षीय छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। छात्रा सुबह 11 बजे घर से दो लोगों के लिए टिफिन लेकर कालेज जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन कुछ घंटे बाद वह पीजी की प्रथम तल की सीढ़ियों पर अचेत अवस्था में मिली। पास के नर्सिंग होम ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने पाया कि छात्रा के निचले कपड़े खून से सने हुए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी अंदरूनी हिस्से में चोट और अत्यधिक रक्तस्राव की पुष्टि हुई है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि यह चोट किन परिस्थितियों में लगी।

डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार ने बताया कि मूलतः बलिया की रहने वाली मृतका के पिता सिपाही हैं और चंदौली में तैनात हैं। परिवार सारनाथ में रहता है। पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोग शव लेकर बलिया चले गए, जहां अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस परिवार की ओर से तहरीर का इंतजार कर रही है। जांच में सामने आया कि छात्रा का अपने ही नर्सिंग कालेज के तृतीय वर्ष के छात्र से करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध था। हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि छात्रा उससे मिलने पीजी आई थी। दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। इस दौरान छात्रा को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा और वह अचेत हो गई। युवक के अनुसार, वह घबरा गया और उसे सीढ़ियों के पास छोड़कर चला गया। छात्रा की मौत की जानकारी मिलने पर वह अपने घर जौनपुर भाग गया, जहां से पुलिस ने उसे पकड़ा। दोनों के मोबाइल फोन की जांच में उनके बीच देर रात तक लंबी बातचीत और चैटिंग के साक्ष्य मिले हैं। चैटिंग से पता चला कि दोनों विवाह की योजना बना रहे थे। छात्रा के बैग से गर्भपात की दवाएं मिलने की जानकारी भी सामने आई है। चिकित्सकों का मानना है कि अत्यधिक रक्तस्राव का कारण इन दवाओं का सेवन भी हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि मेडिकल और फारेंसिक जांच के बाद ही होगी।

# निवेशकों को धन वापसी के लिए पर्ल एग्रोटेक की संपत्तियां होंगी जब्त

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

- करोड़ों निवेशकों से जुड़े पीएसीएल घोटाले में विशेष अदालत ने दिया आदेश

राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने करोड़ों निवेशकों से जुड़े पीएसीएल (पर्ल एग्रोटेक कार्पोरेशन लिमिटेड) घोटाले में पीएसीएल की संपत्तियों को जब्त करने और उन्हें निवेशकों के हित में न्यायमूर्ति आरएम लोधा समिति को सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि इन संपत्तियों का उपयोग सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय व्यवस्था के तहत निवेशकों को धन वापसी की प्रक्रिया में किया जाएगा। विशेष न्यायाधीश सतीश कुमार ने यह आदेश बुधवार को ईडी की मनी लांड्रिंग जांच से जुड़े मामले में पारित किया। ईडी ने अदालत से पांचवीं और छठी पूरक अभियोजन शिकायत में शामिल संपत्तियों को जब्त कर उन्हें लोधा समिति को सौंपने की मांग की थी।

अदालत ने पांचवीं और छठी पूरक शिकायतों पर संज्ञान लेकर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 8(5) के तहत पीएसीएल की संपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद पांचवीं और छठी पूरक शिकायतों में चिह्नित संपत्तियां भी लोधा समिति के नियंत्रण में चली जाएंगी। मामले में अगली सुनवाई सात जुलाई को होगी।

पीएसीएल से जुड़े निवेशकों को पैसा लौटाने की प्रक्रिया की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति आरएम लोधा समिति का गठन किया था। समिति पीएसीएल की संपत्तियों की पहचान, प्रबंधन, बिक्री और उनसे प्राप्त धनराशि के वितरण की निगरानी कर रही है। देशभर के निवेशकों को भुगतान के लिए समिति वर्षों से पीएसीएल से जुड़ी संपत्तियों को रिकवर और बेचने की प्रक्रिया चला रही है।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# भारतीयों की चिंता

पश्चिम एशिया में फिर तनाव फैलने और युद्ध भड़कने से भारत पर सीधी आंच आई है। बीते तीन दिन में ऐसे तीन मालवाहक जहाजों पर हमले हुए हैं, जिन पर भारतीय नाविक सवार थे। एक हमले में तो तीन भारतीयों की जान भी गई है और इस पर भारत ने उचित ही नाराजगी का इजहार किया है। पहले ईरान होर्मुज में हमले कर रहा था, लेकिन अब अमेरिका ने दुर्भाग्यजनक रूप से जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया है। एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब करके भारत सरकार ने अपनी आपत्ति जताई है। भारत इस युद्ध में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल नहीं है। फिर भी मालवाहक जहाजों को निशाना बनाना अमेरिकी मनमानी का प्रमाण है। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि होर्मुज समुद्री मार्ग पर यातायात में एक बड़ी बाधा अमेरिका भी है। वह बल के जोर पर होर्मुज में ईरान को किनारे करना चाहता है, लेकिन मालवाहक व्यावसायिक वाहनों को निशाना बनाने का क्या तुक है? जो देश या जो जहाज युद्ध में शामिल नहीं हैं, उन पर या उनके नागरिकों पर चोट करने की अमेरिकी रणनीति किसी वैश्विक अपराध से कम नहीं है।

अमेरिकी कमान ने भी माना है कि उसने होर्मुज में आठ ऐसे जहाजों को निष्क्रिय किया है, जो उसके निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहे थे। इसके अलावा अमेरिका ने करीब 134 जहाजों को मार्ग बदलने के लिए मजबूर किया है। पश्चिम एशिया में हालात खतरनाक है। वार्ता रुक गई है और दोनों पक्ष एक दूसरे के ठिकानों को तबाह करने में जुटे हैं। अमेरिका और ईरान के बीच 8 अप्रैल को हुए युद्ध विराम के बाद से पहली बार युद्ध इस कदर भड़का है। बीते बुधवार को वाशिंगटन ने अमेरिकी सेना के एक हेलीकॉप्टर को गिराए जाने के जवाब में ईरान पर हमले किए हैं। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए मिसाइलें दागीं, जिससे खाड़ी क्षेत्र में सायरन बजने लगे। मिसाइलों और ड्रोन हमलों का सिलसिला जारी है। पश्चिम एशिया में परिवहन पर बहुत असर पड़ा है। वैसे, इस बार ईरान का व्यवहार ज्यादा संतुलित है। उसने फारस की खाड़ी में खड़े उन जहाजों को सब्र करने का निर्देश दिया है, जिन्हें पहले ही पारगमन परमिट मिल चुके हैं। हालांकि, अगले आदेश तक ईरान भी किसी जहाज को यहां से गुजरने नहीं देगा। इसके दो मतलब हैं, एक तो दुनिया में तेल संकट बढ़ने वाला है और दूसरा, अमेरिका को ही कोई उपाय निकालना पड़ेगा। वह खाड़ी के संघर्ष में अपने तमाम दांव आजमा चुका है। देशों के भयादोहन से लेकर सीधे मिसाइल दागने तक लगातार बदलते अमेरिकी रवैये को किसी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। ईरान मामले को संभालने और समाधान निकालने में अमेरिका अब तक नाकाम है। इसकी कीमत उसे ही चुकानी पड़ रही है। गौर करने की बात है, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने कुवैत और बहरीन में स्थित 18 अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं।

**यह पश्चिम एशिया में टकराव का नया और खतरनाक मोड़ है। युद्ध रोकने के लिए वार्ता चल रही थी, पर जल्दी वार्ता के लिए अमेरिका द्वारा युद्ध छेड़ना अतार्किक है।**

यह पश्चिम एशिया में टकराव का नया मोड़ है। युद्ध रोकने के लिए वार्ता चल रही थी, पर जल्दी वार्ता के लिए युद्ध छेड़ देना अतार्किक है। आज के समय में क्या सीधे सैन्य हमला करके किसी सक्षम देश को वार्ता के लिए तैयार किया जा सकता है? क्या ऐसे सामरिक हस्तक्षेप से ईरान को भयभीत किया जा सकता है? अमेरिका केवल अपनी शर्तों पर समझौता या युद्ध विराम चाहता है। यहां अमेरिका को अपना रवैया कुछ नरम रखना होगा, अगर वह अपने अहंकार को आड़े लाएगा, तो दुनिया में युद्ध से पैदा मुसीबतें बढ़ती चली जाएंगी।

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले 12 जून, 1951

## नेपाल का नया मंत्रिमंडल

नेपाल में दीर्घ-अपेक्षित नये मंत्रिमंडल की स्थापना हो गई और उसने रविवार की प्रातःकाल शपथ ग्रहण कर ली। पुराने मंत्रिमंडल के दो सदस्य- प्रतिरक्षा मंत्री जनरल बावर शमशेर और खाद्य एवं कृषि-मंत्री श्री भरतमणि शर्मा नये मंत्रिमंडल में नहीं हैं। उनके बदले नई दिल्ली स्थित नेपाली राजदूत जनरल सिंह और नेपाली कांग्रेस की कार्यसमिति के सदस्य श्री सूर्यप्रसाद उपाध्याय की नियुक्ति की गई है। प्रतिरक्षा-विभाग प्रधानमंत्री महाराजा मोहन शमशेर जंगबहादुर राणा ने अपने हाथों में रखा है और वैदेशिक विभाग जनरल सिंह को सौंपा गया है। मंत्रियों की संख्या दस ही है और उसमें राणा-दल तथा कांग्रेस दल के सदस्य बराबर हैं। नेपाल में विगत कई महीनों से जो उथल-पुथल हो रही थी और संयुक्त मंत्रिमंडल की स्थापना के पश्चात भी जो अराजकता फैली हुई थी, उसकी शान्ति की दिशा में, आशा है, नये मंत्रिमंडल की स्थापना एक निश्चित कदम सिद्ध होगी। नेपाल जैसे पड़ोसी और सीमावर्ती राज्य की अराजकता का दुष्परिणाम भारत पर हुए बिना नहीं रह सकता और भारत के हित की दृष्टि से भी आवश्यक है कि वहां की जनता सुखी, संतुष्ट तथा समृद्धिशाली बने। इसीलिए भारत सरकार ने वहां शान्ति स्थापित करने के कार्य में योग दिया, जिसका सुपरिणाम दृष्टिगत होने लगा है।

नेपाल की जनता की अशिक्षा, निष्ठा तथा परंपराओं को देखते हुए वहां इस समय पूर्ण लोकतंत्रात्मक राज्य की स्थापना संभव नहीं मालूम होती। महाराजाधिराज (राजा) और महाराजा (प्रधानमंत्री) के उत्तराधिकार की जो वैध परंपरा 1846 से चली आ रही है, उसने नेपाल की सरल एवं श्रद्धालु ग्रामीण जनता के मन पर अधिकार कर लिया है। वह समझ ही नहीं पाती कि महाराजाधिराज तथा महाराजा का कार्य किसी अन्य को सौंपा जा सकता है। नेपाली कांग्रेस के प्रयत्नों तथा आन्दोलन से जनता के एक बहुत बड़े भाग में जागृति उत्पन्न हुई है, किन्तु जो भाग अछूता रह गया है, वह अशान्ति कायम रखने के लिए पर्याप्त है। लोकतंत्र की स्थापना के प्रति राणाओं की सहानुभूति अब तक नहीं थी। फलतः वे उस भोली जनता की श्रद्धा का लाभ उठाकर और उसे लोकतंत्रात्मक आन्दोलन के विरुद्ध भड़काकर अपने पक्ष को सबल रखने का प्रयत्न किया करते थे।

# चीनी डिजिटल जासूसी से सावधान

**अलग-अलग सरकारें पहले भी चीन की जासूसी को लेकर आगाह कर चुकी हैं, पर 'फाइव आइज' द्वारा सामूहिक रूप से चेतावनी जारी करना बताता है कि खतरा बड़ा है।**



यहां स्कैन करें

हर्ष वी पंत | प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन

खुफिया समूह 'फाइव आइज' ने पिछले हफ्ते एक संयुक्त बयान जारी किया, जो सिर्फ अपनी अंतर्वस्तु की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए भी अहम है कि उससे सदस्य देशों के बीच जबर्दस्त एकता की झलक मिलती है। 'फाइव आइज' अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सुरक्षा एजेंसियों का गुट है, जिसने चेतावनी जारी करते हुए आगाह किया है कि चीन अब प्रोफेशनल नेटवर्किंग व ऑनलाइन रिक्रूटमेंट मंचों के माध्यम से अधिक जासूसी करने लगा है।

*सेफगार्डिंग आवर सीक्रेट्स* नाम से यह सुरक्षा बुलेटिन जारी की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि चीन की सैन्य खुफिया एजेंसियां लिंक्डइन, इनडीड और अपवर्क जैसे ऑनलाइन मंचों का इस्तेमाल करके ऐसे लोगों की पहचान व भर्ती कर रही हैं, जिनकी पहुंच संवेदनशील जानकारियों तक होती है। 'फाइव आइज' के मुताबिक, इनके एजेंट प्राइवेट कंसल्टेंसी, शोध संस्थान या एचआर कंपनी के प्रतिनिधि बनकर विदेश नीति, रक्षा व रणनीतिक मामलों के जानकारों को ऐसे फर्जी पद पर नियुक्त करते हैं, जो असली से लगते हैं।

इस क्रम में पहले सामान्य पेशेवरों की तरह हल्की-फुल्की सूचनाएं हासिल की जाती हैं, फिर धीरे-धीरे ऐसी संवेदनशील जानकारियां मांगी जाती हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं होतीं। खबरों की मानें, तो इसके लिए भारी-भरकम भुगतान किया जाता है। इसमें मौजूदा और पूर्व सरकारी अधिकारियों, सेना के जवानों, खुफिया विभाग के अधिकारियों, राजनयिकों, रक्षा विश्लेषकों और ऐसे लोगों को निशाना बनाया जाता है, जिनकी संवेदनशील राजनीतिक, आर्थिक या तकनीकी सूचनाओं तक पहुंच होती है।

चीनी खुफिया एजेंसियों की रणनीति साफ है- ऐसी खास सूचनाएं जुटाना, जिनसे चीन दीर्घकालिक और रणनीतिक लाभ पा सके। 'फाइव आइज' ने इन गतिविधियों को चीन की शासन-कला का एक ऐसा पैटर्न बताया है, जिसमें राष्ट्रीय लक्ष्यों को पाने के लिए




सैन्य, खुफिया, कारोबारी और तकनीकी क्षमताओं का इस्तेमाल किया जाता है।

इस चेतावनी को जो बात खास तौर से उल्लेखनीय बनाती है, वह है इसका सामूहिक स्वरूप। अलग-अलग सरकारें पहले भी चीन की जासूसी गतिविधियों को लेकर आगाह कर चुकी हैं, लेकिन 'फाइव आइज' के सदस्य देशों द्वारा सामूहिक रूप से इसे जारी करना यह बताता है कि खतरा बड़ा है और लगातार बना हुआ है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खुफिया चुनौतियों का सामना अब सिर्फ खुफिया चैनलों के जरिये नहीं किया जा सकता। एक ऐसे दौर में, जब प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच के फर्क को मिटा रहे हैं, समाज की मजबूती राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अहम हिस्सा बन गई है।

इस चेतावनी को व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ में भी देखना चाहिए। पिछले एक दशक में पश्चिमी देशों में चीन के साइबर हमलों, बौद्धिक संपदा की चोरियों, प्रभाव बढ़ाने वाले अभियानों और रणनीतिक तकनीक हासिल करने के प्रयासों को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब इन घटनाओं को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक ऐसी रणनीति के तौर पर देख रही हैं, जो वैश्विक प्रभाव व रणनीतिक प्रतिस्पर्द्धा में बढ़त हासिल करने के लिए बीजिंग सरकार द्वारा तैयार की गई है। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र का भी समान महत्व है। दक्षिण चीन सागर से लेकर ताइवान और क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे जैसे मुद्दों पर बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा को देखते हुए ये खुफिया जानकारियां और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई हैं।

भारत बेशक 'फाइव आइज' का हिस्सा नहीं है और अपनी रणनीतिक स्वायत्तता की नीति पर चल रहा है, पर यह चेतावनी नई दिल्ली के लिए अहम है। सुरक्षा बुलेटिन में जिन चिंताओं का जिक्र किया गया है, उनमें से कई से भारत लगातार जूझता रहा है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी कई रिपोर्ट आई हैं, जिनमें बताया गया है कि कैसे प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म व कथित अकादमिक संस्थाओं के नाम पर भारतीय शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, नीति विशेषज्ञों व सरकार या सेना से जुड़े रहे लोगों को फंसाने की कोशिशें की गई हैं। 'वास्तविक नियंत्रण रेखा' पर लगातार तनाव और भारत-चीन के बीच व्यापक प्रतिद्वंद्विता को देखते हुए रक्षा, विदेश नीति, प्रौद्योगिकी और हिंद-प्रशांत से जुड़े मामलों में हमारे विशेषज्ञों की अहमियत समझी भी जा सकती है।

इसलिए, भारत में सरकारी अधिकारियों, सेना के जवानों, शोधार्थियों व अकादमिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को अब ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। बिना मांगे भर्ती के ऑफर, सलाह-मशविरे के अनुरोध और सामान्य सी दिखने वाली शोध परियोजनाओ में शामिल होने के निमंत्रणों की सूक्ष्म जांच-पड़ताल होनी चाहिए। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि चीन के अकादमिक और शोध जगत से जुड़ने के रास्ते बंद कर देने चाहिए, बल्कि ऐसे जुड़ाव अब कहीं अधिक पारदर्शिता और स्पष्ट नियमों के अधीन होने चाहिए। डिजिटल जागरूकता, संस्थागत जांच-पड़ताल और अंदरूनी खतरों को भांपने वाली क्षमताओं को मजबूत बनाना भी भारत की सुरक्षा-व्यवस्था का अहम हिस्सा होना चाहिए।

इससे पता चलता है कि समान सोच वाले सहयोगियों से हमें मजबूत संबंध बनाने चाहिए। निस्संदेह, खुफिया गुटों का औपचारिक हिस्सा बनने की भारत की संभावना कम है, पर अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व जापान जैसे सहयोगियों के साथ साइबर सुरक्षा, काउंटर-इंटेलिजेंस, उभरती प्रौद्योगिकी व समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर सहयोग जरूरी है। 'क्वाड' की सफलता इस बात की नजीर है कि सार्थक सुरक्षा सहयोग बनाने के लिए रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करने की जरूरत नहीं पड़ती। चूंकि जासूसी अब डिजिटल व कारोबारी क्षेत्रों में ज्यादा होने लगी है, इसलिए इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और जरूरी बुनियादी ढांचों की सुरक्षा करने वाले संस्थानों को मजबूत बनाना आवश्यक है।

'फाइव आइज' की चेतावनी हमारी सुरक्षा चिंताओं से काफी हद तक मेल खाती है। जाहिर है, 21वीं सदी में जासूसी सिर्फ पारंपरिक गोपनीय तरीकों से नहीं, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, पेशेवर नेटवर्क व व्यावसायिक रिश्तों के जरिये होने लगी है। ऐसे में, भारत की चुनौती सिर्फ ऐसे खतरों से निपटने की नहीं है, बल्कि इसके लिए जरूरी संस्थागत ढांचे को मजबूत बनाने की भी है। जैसे-जैसे हिंद-प्रशांत में भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा बढ़ रही है, मानव पूंजी और संवेदनशील जानकारियों वाली संपत्तियों की सुरक्षा उतनी ही अहम हो गई है, जितनी कि देश की सीमाओं की सुरक्षा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# देश भर के मदरसों को उत्तर प्रदेश जैसा सुधार चाहिए



यहां स्कैन करें

शहजाद पूनावाला | राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

हमारे देश के विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस आदि की मूल राजनीतिक रणनीति मुस्लिम समुदाय के साथ भावनात्मक पहचान की राजनीति पर टिकी रही है। इस समुदाय के वास्तविक उत्थान का कोई सुचिंतित कार्यक्रम उनके पास नहीं दिखता। ये पार्टियां उन्हें महज वोट बैंक के रूप में देखती रही हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश का मदरसा शिक्षा तंत्र है, जो कठोर धार्मिक ढांचे में जकड़ा रहा और ऐसी पीढ़ियां तैयार करता रहा, जो आधुनिक समाज व अवसरों के लिए सर्वथा अयोग्य थीं।

पूर्ववर्ती सरकारों ने मुस्लिम लड़के-लड़कियों को समकालीन शिक्षा और कौशल से जोड़ने का ठोस प्रयास नहीं किया। इस पृष्ठभूमि में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसा शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की संवेदनशील चुनौती स्वीकार की और पारदर्शिता, गुणवत्ता व रोजगारोन्मुख सुधारों के जरिये इनमें पढ़ने वालों को मुख्यधारा में सार्थक भागीदारी के लिए तैयार किया। साल 2017 से पहले की प्रदेश की विपक्षी दलों की सरकारों ने भावनात्मक बहसें छेड़कर मुसलमानों को मूल उन्नति के मुद्दों से अलग रखा, जबकि भाजपा शासित राज्यों ने उनके उत्थान के बेहतर परिणाम दिए हैं।

राजनीतिक क्षेत्र में सामुदायिक सुधार, विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में शायद ही कभी प्राथमिकता बनता है। नरेंद्र मोदी सरकार के विकास के एजेंडे, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ-साथ एक हाथ में कुरान, दूसरे में कंप्यूटर की दृष्टि के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार ने दृढ़ संकल्प के साथ मदरसा सुधार की दिशा में कदम बढ़ाए। ये सुधार नवाचार और कौशल विकास पर केंद्रित हैं, जिनका उद्देश्य मुस्लिम छात्रों को मुख्यधारा में लाना, उनके दृष्टिकोण को विस्तार देना और उन्हें आधुनिक अवसरों की ओर अग्रसर करना है।

**न सिर्फ मदरसों में एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्यतः लागू की गई हैं, बल्कि छात्रों को आधुनिक शिक्षा व कौशल से जोड़ा जा रहा है।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने सबसे पहला बड़ा काम यह किया कि मदरसों में एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य कीं और उच्च स्तर पर एससीईआरटी (स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च ऐंड ट्रेनिंग) के साथ इनके पाठ्यक्रम को जोड़ा। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और हिंदी को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत उनमें अनिवार्य किया गया। लंबे समय से निष्क्रिय मदरसा आधुनिकीकरण योजना को पुनर्जीवित किया गया, जिसके तहत हजारों शिक्षक आधुनिक विषयों में प्रशिक्षण ले सके। मदरसों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय ऑडिट, विदेशी फंडिंग की जांच और रिकॉर्ड का पूर्ण डिजिटलीकरण किया गया। साल 2017 में मदरसा पोर्टल की शुरुआत के साथ परीक्षा, प्रमाणपत्र और सत्यापन के काम ऑनलाइन हो गए। इनकी परीक्षाएं अब सीसीटीवी निगरानी में होती हैं। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004 में प्रस्तावित संशोधन मदरसा प्रणाली को राष्ट्रीय मानकों से जोड़ने का प्रयास है। इसके अंतर्गत प्रशासनिक व वित्तीय स्तर पर कठोर निगरानी तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपाय किए जा रहे हैं, ताकि अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, हरसंभव प्रयास किया जा रहा है कि मदरसा शिक्षा का इस्लामी मूल संरक्षित रहे। यह बात राज्य सरकार की ईमानदारी की परिचायक है।

उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा में सुधार संतुलित और प्रभावी प्रगति का प्रतीक है। राज्य के 561 सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों के 18,000 से अधिक कर्मचारियों को आज सातवें वेतन आयोग के अनुरूप वेतन मिल रहा है। 7,000 से भी अधिक मदरसों की इमारतें दुरुस्त की गई हैं। सर्वेक्षणों में 8,500 गैर-मान्यता प्राप्त संस्थान चिह्नित हुए हैं। लगभग 12.35 लाख मदरसा छात्रों की कंप्यूटर लैब और आधुनिक विषयों तक पहुंच बनी है। इस साल 80,000 से भी अधिक छात्रों ने परीक्षा दी, जो पिछले वर्ष से 18 प्रतिशत अधिक है। इनके उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 88.26 रहा, जिसमें लड़कियों ने 94.3 फीसदी सफलता दर के साथ लड़कों (85.13 फीसदी) से बेहतर प्रदर्शन किया।

जाहिर है जब इरादा देश-प्रदेश की तरक्की का हो और नेतृत्व का नजरिया स्पष्ट हो, तो संवेदनशील चुनौती को भी कुशलता से संभाला जा सकता है, समावेशी विकास को प्राथमिकता देते हुए।

(सहलेखिका विजेता रत्तानी)

मनसा वाचा कर्मणा

# संत जीवन का उद्देश्य

संसार में ईश्वर ने अपनी बातों को समझाने के लिए, लोगों को सही रास्ते पर लाने के लिए संतों को प्रेरित किया है। कैसे लोगों का विकास हो, चिंतन, शरीर, धन, ज्ञान का कैसे विकास हो, इसके लिए एक प्रतिनिधि परंपरा शुरू हुई, यही संत परंपरा है।

जो ईश्वर की भावनाएं, स्थापनाएं होती हैं, जो ईश्वर के उद्देश्य होते हैं, ईश्वर जिन भावनाओं, गुणों से जुड़ा होता है, जिन अच्छाइयों से जुड़ा होता है, वो सब संतों में होती हैं। संत के जीवन में समाज भी यही खोजता है कि संत में लोभ नहीं हो, कामना-हीनता हो। समाज संत में यह देखता है कि उसमें श्रेष्ठता है या नहीं, संयम है या नहीं। संत में दूसरों की भलाई करने की भावना है या नहीं। संतों को परखा जाता है। लोग यह नहीं देखते कि संत को गाड़ी चलाना आता है या नहीं, कंप्यूटर चलाना आता है या नहीं, संत को प्रबंध करना आता है या नहीं। संत हैं, तो संतत्व होना चाहिए। जो गुण, जो भाव, जो उत्कर्ष, जो ग्रहणशीलता, जो विशिष्टता ईश्वर में पाई जाती है, उन सभी भावों को लोग लोकतंत्र में खोजते है और संतों में भी खोजते हैं। लोग जब किसी में इन गुणों को नहीं पाते हैं, तब उसे ढोंगी कहते हैं।

ईश्वर ने अपने प्रतिनिधि के रूप में संतों को भेजा है। जैसे लोकतंत्र प्रतिनिधि तंत्र है, ठीक उसी तरह से संतों का समाज भी ईश्वर का प्रतिनिधि तंत्र है। उसके सभी उद्देश्यों, सभी इच्छाओं, सभी लीलाओं, क्रियाओं, सभी व्यवस्थाओं को संत जन समाज कल्याण के लिए प्रयुक्त करते हैं। संत स्वयं को केवल समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए, केवल मानवता के लिए ही नहीं, अपितु संपूर्ण प्राणियों के लिए समर्पित करके सबके विकास को गति देते हैं।

संसार में साधुओं, संतों का बड़ा काम है। संतों ने मानव समाजों को ईश्वरीय ज्ञान से जोड़ा, संस्कारों से जोड़ा, जीवन जीने की कला से जोड़ा है। विकास की तमाम क्रियाओं से जोड़ा है और सबकुछ इतना अच्छे से किया है कि पूरा संसार उनकी ओर देखता है।

संत का सम्बंध केवल वस्त्र-आभूषण से नहीं है, किसी एक पंथ या संप्रदाय से नहीं है, बाहरी आडंबरों से नहीं है। वास्तव में आंतरिक उत्कर्ष ही संतत्व का लक्षण है। यह उत्कर्ष संत की क्रियाओं में प्रकट होता है और यह संत की सबसे बड़ी पहचान है। संत का कर्म कभी स्वार्थ के अनुरूप नहीं होता, हमेशा परमार्थ के अनुरूप होता है। हमें यह देखना चाहिए कि आज के संत अपने जीवन को कहां लगा रहे हैं। निस्संदेह, संत का उद्देश्य सम्पूर्ण संसार के लिए होना चाहिए। संत चाहते हैं कि सभी लोगों को महा-आनंद मिल जाए, सभी लोग सुखी हो जाएं। यदि कोई ऐसा चाहता है और इसके लिए प्रयास करता है, तो वैदिक सनातन धर्म में उसे संत कहा गया है।

**ईश्वर ने अपने प्रतिनिधि के रूप में संतों को भेजा है। जैसे लोकतंत्र प्रतिनिधि तंत्र है, ठीक उसी तरह से संतों का समाज भी ईश्वर का प्रतिनिधि तंत्र है। हमें संतों को परखते रहना चाहिए।**

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

**द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत**



**हमारा देश विकसित भारत के लक्ष्य के साथ बढ़ रहा है। जनजातीय समुदायों का समग्र विकास, संस्कृति और ज्ञान-परंपरा पर विशेष ध्यान इस लक्ष्य का अभिन्न अंग है। इनका समग्र विकास ही देश को समावेशी विकास का स्वरूप प्रदान करेगा।**

# अनुलोम-विलोम
## बाल श्रम निषेध दिवस



### बाल मजदूरी सभ्य समाज पर धब्बा

आज की दुनिया में हर 12 बच्चों में से एक बाल मजदूरी का शिकार है। विगत वर्षों की तुलना में दुनिया ने बाल श्रम कम करने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, फिर भी करोड़ों बच्चे आज भी अपने बचपन से वंचित हैं। इनकी चर्चा इसलिए जरूरी है, क्योंकि आज (12 जून) विश्व बाल श्रम निषेध दिवस है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की 2025 की रिपोर्ट की मानें, तो विश्व में लगभग 13.8 करोड़ बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं। इनमें से 5.4 करोड़ बच्चे खतरनाक कार्यों में संलग्न हैं, अर्थात प्रत्येक बारह बच्चों में से एक बच्चा बाल श्रम के दुष्चक्र में फंसा हुआ है।

भारत इन सबसे अलग नहीं है। बाल श्रम का यह अभिशाप बच्चों के नैसर्गिक बचपन के अलावा उनके स्वास्थ्य और भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। यह समझना होगा कि बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। सबसे दुखद पहलू यह है कि कार्यस्थलों पर इन बच्चों की अपनी पहचान भी छिन जाती है। उन्हें उनके नाम से नहीं, बल्कि 'छोटू' या अन्य संबोधनों से पुकारा जाता है। जिन हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए, वे चाय के गिलास उठाते, बर्तन साफ करते, ईंट ढोते या कारखानों में काम करते दिखाई देते हैं। इससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

भारत में कानूनन 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी व्यवसाय में काम कराना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कृषि, होटल-ढाबों, घरेलू कार्यों, ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों और अन्य असंगठित क्षेत्रों में बाल श्रमिक बदस्तूर देखे जा सकते हैं। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता और सस्ते श्रम की मांग इसके प्रमुख कारण हैं। बाल श्रम उन्मूलन के लिए कानूनों के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, गरीब परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा, रोजगार के अवसर और व्यापक जन-जागरूकता आवश्यक है। समाज को भी बाल श्रम के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' का दृष्टिकोण अपनाना होगा। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, खेल और सम्मानजनक बचपन का अधिकार है। यदि हम सचमुच विकसित व संवेदनशील समाज बनाना चाहते हैं, तो हमें सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा विद्यालय के बजाय कार्यस्थल पर दिखाई न दे, तभी बाल श्रम मुक्त विश्व का सपना साकार हो सकेगा। जब तक 'छोटू' फिर से अपने मूल नाम और अपने सपनों के साथ स्कूल नहीं लौट जाता, तब तक बाल श्रम के विरुद्ध हमारी लड़ाई अधूरी ही रहेगी।

**विनोद 'विक्की'**, टिप्पणीकार

### बच्चों के शोषण पर लगने लगी लगाम

भारत में बाल मजदूरी को रोकने में ठीक-ठाक सफलता मिली है। यकीन न हो, तो आंकड़े उठाकर देख लीजिए। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की एक रिपोर्ट बताती है कि साल 2001 में जहां देश में 5 से 14 साल की उम्र के करीब 1.26 करोड़ बच्चे बाल मजदूरी करने को मजबूर थे, वहीं वर्ष 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा घटकर लगभग 43 लाख रह गया है। नेशनल सैंपल सर्वे ऑर्गेनाइजेशन, यानी एनएसएसओ का साल 2004-05 का सर्वे भी बता रहा था कि करीब 91 लाख बाल मजदूर देश में थे। ऐसे में, लगता यही है कि बाल मजदूरी खत्म करने को लेकर जो कोशिशें देश भर में हुई हैं, उनके सुखद परिणाम अब हमें मिलने लगे हैं। अगर बाल मजदूरी दूर करने को लेकर हमारी गति इसी तरह बनी रही, तो यकीनन नई जनगणना में यह आंकड़ा काफी कम होगा।

यह सही है कि बाल मजदूरी के लिहाज से आज भी उत्तर प्रदेश सबसे खतरनाक जगह बना हुआ है, जो चिंता की बात है। 2011 की जनगणना के मुताबिक, यहां 8.96 लाख बाल मजदूर थे, जबकि महाराष्ट्र में 4.96 लाख और बिहार में 4.51 लाख, फिर भी उम्मीद की किरण दिख रही है, क्योंकि यहां की सरकारें इस दिशा में प्रयासरत हैं। वैसे भी, जब हमने बाल श्रम निषेध को लेकर एक लंबा रास्ता तय कर लिया है, तो चंद कदमों की दूरी भला क्यों अखरेगी हमें। अच्छी बात यह है कि भारत का कानून बाल श्रम के सख्त खिलाफ है। शिक्षा के अधिकार के तहत देश में जहां छह से 14 वर्ष तक के हर बच्चे को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा मुहैया कराने की व्यवस्था की गई है, वहीं 14 साल से कम उम्र के बच्चों को फैक्टरियों या किसी भी खतरनाक रोजगार में लगाने पर कठोर प्रतिबंध है। सुप्रीम कोर्ट ने भी खतरनाक उद्योगों में लगे बच्चों को वहां से निकालने और किसी शिक्षण संस्थान में दाखिल करवाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा भी कई अन्य तरह के प्रावधान किए गए हैं, जिनसे पता चलता है कि भारत बाल मजदूरी के खिलाफ एक सफल जंग लड़ रहा है।

हालांकि, मनमाफिक सफलता नहीं मिल सकी है, लेकिन अच्छी बात यह है कि ईमानदारी से प्रयास किए जा रहे हैं। इसलिए, जो रही-बची कसर है, उस दिशा में भी काम लगातार किए जाएंगे, जिसके अच्छे नतीजे हमें जल्द मिलेंगे। उम्मीद है, नए आंकड़ों में बाल मजदूरी के खिलाफ एक सुनहरी तस्वीर हमें देखने को मिलेगी। ऐसा इसलिए भी हो सकता है, क्योंकि देश का मौजूदा नेतृत्व एक ऐसे हाथों में है, जो स्वयं गरीबी, बेबसी की परिस्थितियों से निकला है।

**दीपक कुमार**, टिप्पणीकार

# एक दिन में नहीं बनती इम्यूनिटी

**कोरोना महामारी के समय इम्यूनिटी शब्द हर किसी की जुबान पर चढ़ गया था। इम्यूनिटी यानी रोग से लड़ने की क्षमता। आज बाजार साबुन, दातुन से लेकर इम्यूनिटी बढ़ाने का दावा करने वाली तमाम चीजों से भरा है। सवाल है कि क्या इम्यूनिटी वाकई बाजार में बिकने वाली कोई बूटी है? जवाब है- नहीं। इम्यूनिटी वर्षों में तैयार होने वाला सुरक्षा कवच है, जिसे आपका शरीर बुनता है। इम्यूनिटी बढ़ाने का सही तरीका बता रही हैं अवंतिका सिंह**

इम्यूनिटी हमारे शरीर की सुरक्षा प्रणाली है। वायरस, बैक्टीरिया, फंगस आदि दुश्मन कहीं से भी आएं, उनसे शरीर को बचाने की जिम्मेदारी इसी तंत्र की है। हमारी इम्यूनिटी सेना दो स्तर पर काम करती है। एक है इनेट इम्यूनिटी, जो जन्म से मिलती है, जैसे त्वचा जो एक दीवार का काम करती है या पेट का एसिड, जो भोजन के साथ आए कीटाणुओं को मार देता है। दूसरी है एडैप्टिव इम्यूनिटी, जो शरीर समय के साथ खुद विकसित करता है। किसी नए वायरस के संपर्क में आने पर हम कुछ समय के लिए बीमार पड़ जाते हैं, मगर थोड़े समय में ही शरीर जान जाता है कि इसे कैसे हराना है। शरीर में एंटीबॉडीज बन जाती हैं, जो आगे उस वायरस के फिर से चपेट में आने पर खुद ही सक्रिय हो जाती हैं।

## रोग-प्रतिरोध का मुख्य आधार

इम्यूनिटी की इस विशाल सेना के असली नायक लिम्फोसाइट्स हैं। यह सफेद रक्त कोशिकाओं का एक विशिष्ट प्रकार है। इसके दो हिस्से हैं :

- **टी-सेल्स :** ये पहली कतार के लड़ाकू सैनिक हैं। इनका काम संक्रमित कोशिकाओं को पहचानना और उन्हें सीधे नष्ट करना है।
- **बी-सेल्स :** इनका काम बाहरी दुश्मन का पता चलने पर शरीर में एंटीबॉडीज नामक प्रोटीन तैयार करना है। ये वायरस खत्म करने का काम करते हैं। इनकी सबसे बड़ी शक्ति याद्दाश्त है। यही कारण है कि बचपन में हुए खसरे या चेचक का असर दोबारा नहीं होता। लिम्फोसाइट्स हमला होने पर उसे पहचान कर खत्म कर देते हैं।
- **साइटोकिन्स:** ये प्रोटीन के छोटे-छोटे अणु होते हैं, जो इम्यून सेल्स (जैसे टी-सेल्स, बी-सेल्स व मैक्रोफेज) के बीच तालमेल बनाते हैं।

## शरीर को नाजुक न बनाएं

डॉक्टर अरोड़ा एवी अस्पताल में वरिष्ठ सलाहकार व जनरल फीजिशियन डॉ. अनुपम सिंह के अनुसार, 'हमारी प्रतिरोधक क्षमता में जीन्स की मुख्य भूमिका होती है। आज वातावरण इस क्षमता को भी प्रभावित कर रहा है। एक सिद्धांत है हाइजीन हाइपोथीसिस। इसके अनुसार हम बच्चों को जितना स्टेरलाइज्ड या अधिक साफ-सफाई वाले माहौल में रखते हैं, उतनी उनकी इम्यूनिटी कमजोर रह जाती है। बच्चे तुरंत संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं।

इम्यूनिटी कोई मांसपेशी नहीं है, जिसे सप्लीमेंट्स खाकर बना लिया जाए। यह एक सतत प्रक्रिया है। बोन मैरो में नई कोशिकाओं के बनने और उनके परिपक्व होने में हफ्तों का समय लगता है। कोई भी इम्यूनिटी बूस्टर उत्पाद संतुलित आहार (विटामिन-सी, डी, जिंक और प्रोटीन) का विकल्प नहीं हो सकता। पारंपरिक नुस्खे मददगार हैं, पर तभी जब ये अनुशासित जीवनशैली का हिस्सा हों।

## सेहत के दोस्त

**पर्याप्त नींद (7-8 घंटे):** नींद के दौरान इम्यून कोशिकाएं साइटोकिन्स बनाती हैं। यह शरीर की मरम्मत और रिकवरी का सबसे जरूरी समय है।

**प्रोबायोटिक्स :** हमारी इम्यूनिटी का 70% हिस्सा आंतों में होता है। दही जैसे खाद्य पदार्थ 'अच्छे बैक्टीरिया' बढ़ाते हैं, जिससे पाचन बढ़िया होता है।

**विटामिन-डी:** यह लिम्फोसाइट्स यानी टी-सेल्स को सक्रिय करने का काम करता है। सुबह की 15-20 मिनट की धूप रोज लें।

**फल व सब्जियां:** संतरा (विटामिन-सी), पालक (आयरन व एंटीऑक्सीडेंट), बादाम (विटामिन-ई) और पपीता। विविध रंगों के फल-सब्जियां खाएं।

**शारीरिक सक्रियता:** नियमित पैदल चलने और व्यायाम करने से सफेद रक्त कोशिकाएं शरीर में संक्रमण के खिलाफ बेहतर काम कर पाती हैं।

**हाइड्रेशन:** पर्याप्त पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और इम्यून सिस्टम सुचारू रूप से काम करता है।

## सेहत के दुश्मन

**अत्यधिक चीनी :** ज्यादा मीठा खाना अगले कुछ घंटों के लिए सफेद रक्त कोशिकाओं की कीटाणुओं को मारने की क्षमता कम कर देता है।

**लगातार तनाव:** तनाव के कारण पैदा होने वाला कोर्टिसोल हार्मोन, इम्यून सेल्स की संख्या को कम करता है और शरीर में सूजन बढ़ाता है।

**नींद की कमी:** देर रात तक जागने या मोबाइल चलाने से शरीर को रिकवरी का समय नहीं मिलता, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

**एंटीबायोटिक्स का बेजा इस्तेमाल:** बिना सलाह एंटीबायोटिक्स खाना आंतों के अच्छे बैक्टीरिया खत्म करके कुदरती इम्यूनिटी कम करता है।

**शारीरिक निष्क्रियता:** आलस्य भरा जीवन रक्तसंचार धीमा कर देता है, जिससे इम्यून सेल्स सक्रिय नहीं रह पातीं।

**अत्यधिक शराब और धूम्रपान:** ये फेफड़ों और लिवर की सुरक्षा परत कमजोर करते हैं, जिससे वायरस शरीर में आसानी से प्रवेश कर लेते हैं।

## पेट को खुश रखने का मंत्र

आयुर्वेद के अनुसार, इम्यूनिटी यानी 'ओजस' का निर्माण तभी संभव है, जब भोजन पूरी तरह पचे। अधपचा भोजन 'आम' (टॉक्सिन) बनाता है, जो इम्यूनिटी का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसके लिए अपनी भूख को 4 हिस्सों में बांटें-

**2 हिस्से (50%):** ठोस भोजन (रोटी, चावल, सब्जी) के लिए।
**1 हिस्सा (25%):** तरल (पानी, छाछ, दाल) आदि।
**1 हिस्सा (25%):** हवा के लिए खाली छोड़ें, ताकि पाचन तंत्र आसानी से काम कर सके।

## आपकी जीवनशैली दोस्त या दुश्मन?

**हर सवाल के लिए खुद को एक या जीरो अंक दें-**

- क्या आप 7-8 घंटे की गहरी नींद लेते हैं?
- क्या आपकी थाली में रोज कम से कम 2 अलग रंगों की सब्जी/फल शामिल हैं?
- क्या हफ्ते में 5 दिन 30 मिनट व्यायाम करते हैं?
- क्या आप चाय/कॉफी/पैकेज्ड फूड के जरिये बहुत ज्यादा चीनी लेते हैं?
- क्या आप डॉक्टर से बिना पूछे एंटीबायोटिक या पेनकिलर दवा खा लेते हैं?

**स्कोर गाइड: 3 या उससे ज्यादा:** आपकी सेना मजबूत है, इसे बनाए रखें। **0 से 2:** आपकी सुरक्षा प्रणाली कमजोर हो रही है, इसमें बदलाव की जरूरत है।

## इम्यूनिटी बढ़ाने के आयुर्वेदिक सूत्र

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से जुड़े डॉ. निलायथाची पी के अनुसार आयुर्वेद में इम्यूनिटी को 'व्याधिक्षमत्व' कहा गया है, जिसका अर्थ रोगों से लड़ना और उन्हें पनपने न देना है। इसका सीधा संबंध पाचन अग्नि (जठराग्नि) से है। जब पाचन सही होता है, तो भोजन से मिलने वाला पोषण शरीर की सात धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र) को पुष्ट करता है। इसे 'ओजस' कहते हैं। यही इम्यूनिटी है। पाचन कमजोर होने पर शरीर में 'आम' यानी विषैले तत्व जमा होने लगते हैं। इस संबंध में इन बातों पर जोर दिया जाता है-

**दिनचर्या और ऋतुचर्या:** समय पर सोना-जागना। मौसम के अनुसार खानपान। रोज योग व प्राणायाम करना।
**रसायन चिकित्सा:** गिलोय, तुलसी, आंवला, हल्दी व अश्वगंधा का सेवन।
**सात्विक आहार:** ताजा, गर्म और सुपाच्य भोजन करना। बासी और मसालेदार भोजन से परहेज।
**मानसिक सेहत:** शांत व प्रसन्न मन रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है।



# प्रोटीन पाउडर लेने से पहले खुद से पूछें ये सवाल

**प्रोटीन सप्लीमेंट्स शुरू करने से पहले कुछ बातें ध्यान रखें। यह देखना होगा कि आपका शरीर ज्यादा प्रोटीन संभाल सकता है या नहीं?**



प्रोटीन सप्लीमेंट शुरू करने से पहले पेट, किडनी और लिवर की सेहत पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। 'द डाइट थेरेपी' की सह-संस्थापक और आहार व पोषण विशेषज्ञ श्वेता जे. पांचाल प्रोटीन सप्लीमेंट्स शुरू करने से पहले खुद से चार प्रश्न पूछने की सलाह देती हैं :

## पाचन कितना मजबूत?

अगर आपको कब्ज, एसिडिटी, पेट फूलना या अन्य पाचन संबंधी समस्याएं रहती हैं या फिर सामान्य आहार पचाने में भी मेहनत करनी पड़ती है, तो बिना सलाह खुद से प्रोटीन सप्लीमेंट्स न लें।

## किडनी संबंधी समस्या तो नहीं?

प्रोटीन अधिक लेने पर किडनी पर उसे फिल्टर करने का काम बढ़ जाता है। अगर पथरी या किडनी से जुड़ी अन्य समस्या है, तो डॉक्टर से सलाह लें। प्रोटीन शुरू करने से पहले केएफटी टेस्ट करा लें।

## लिवर की सेहत कैसी?

श्वेता के अनुसार, लिवर प्रोटीन से अमीनो एसिड को तोड़ने का काम करता है। अगर लिवर कमजोर है, लिवर एंजाइम्स बढ़े हुए हैं या फैटी लिवर की बीमारी है, तो पहले इन समस्याओं को सुलझाएं। उसके बाद ही प्रोटीन पाउडर लें।

## कितना पानी पिएं?

प्रत्येक ग्राम प्रोटीन को किडनी के जरिये यूरिया बाहर करने के लिए ज्यादा पानी चाहिए। यदि पानी कम और प्रोटीन अधिक लेते हैं, तो कब्ज, डिहाइड्रेशन व किडनी पर दबाव बढ़ सकता है। प्रोटीन के साथ दिन में तीन लीटर पानी जरूर पिएं।

### सवाल-जवाब

# बुजुर्गों के भोजन में पोषण का रखें पूरा ध्यान

**सवाल : मेरे पापा 70 साल के हैं। उनका पाचन कमजोर है। उनकी पोषण जरूरतों को कैसे पूरा किया जा सकता है?**



कविता देवगन
आहार व पोषण विशेषज्ञ

**जवाब:** उन्हें सुपाच्य व पोषक तत्वों से भरपूर चीजें आहार में दें। एक बार में ज्यादा खाना न दें, पर दिन में कई बार खिलाएं। भारी, तैलीय या अधिक फाइबर वाली चीजों से बचें। इससे पेट में बेचैनी हो सकती है। अच्छी पकी हुई व उबली चीजें खाने को दें। कच्चा सलाद पचाने में भारी होता है।

- रोटी या चावल हमेशा तरी वाली सब्जी, घी, दही के साथ खिलाएं। हर बार के भोजन में प्रोटीन शामिल करें। पर सुपाच्य विकल्प ही दें।
- शरीर में पानी की कमी न होने दें। दिनभर में उन्हें थोड़ा-थोड़ा पानी पीने के लिए कहते रहें।
- प्रोटीन के लिए हींग व जीरे के तड़के वाली मूंग, अरहर दाल, पनीर या अंडे की भुर्जी और ताजा दही या छाछ दें। मांसाहारी होने पर बिना कांटे वाली भाप में पकी मछली या चिकन सूप भी दे सकते हैं।
- कार्बोहाइड्रेट की पूर्ति के लिए खिचड़ी बेहतरीन विकल्प है। गेहूं, ज्वार या बाजरा मिलाकर बनाई गई नरम घी लगी रोटी, दूध या पानी में बनाया दलिया या ओट्स भी दे सकते हैं। पका हुआ केला, थोड़ा उबला सेब दे सकते हैं। सब्जियों में लौकी, तोरई, टिंडा, कद्दू, गाजर और चुकंदर को उबालकर या सूप के रूप में उन्हें दें।

### देखभाल

# गर्म हवाओं से दिल को बचाएं

**गर्मी में शरीर को ठंडा रखने के लिए दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। पानी की कमी दिल पर तनाव और बढ़ा देती है। गर्मी में हृदय रोगियों के लिए कुछ बातें ध्यान रखना जरूरी है :**

**गर्मी** के दिनों में हमारा हृदय तंत्र जरूरत से ज्यादा काम करता है। शरीर ठंडा रखने के लिए रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं, जिससे दिल को ज्यादा ताकत से खून पंप करना पड़ता है। दिल से जुड़ी समस्याएं झेल रहे लोगों में यह अतिरिक्त तनाव खतरनाक साबित हो सकता है और अचानक स्थिति गंभीर हो सकती है।

## हीट एग्जॉशन क्या है?

हीट एग्जॉशन यानी गर्मी के कारण होने वाली थकावट। ऐसा तब होता है, जब शरीर खुद को ठीक से ठंडा नहीं कर पाता और शरीर का तापमान लगातार बढ़ता जाता है। दिल के मरीजों के लिए जोखिम और बढ़ जाता है क्योंकि कुछ नियमित दवाएं जैसे बीटा ब्लॉकर्स, ड्यूरेटिक्स और एसीई इनहिबिटर्स, शरीर के तापमान और पानी के संतुलन को नियंत्रित करने की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

## इन 6 संकेतों की न करें अनदेखी

1. **त्वचा का पीला पड़ना और अत्यधिक पसीना आना:** यह हीट एग्जॉशन का सबसे शुरुआती और प्रमुख लक्षण है। इस दौरान शरीर से पानी और नमक तेजी से कम होने लगता है।
2. **चक्कर आना या बेहोशी:** डिहाइड्रेशन के कारण ब्लड प्रेशर अचानक गिर सकता है, जिससे दिमाग तक पर्याप्त खून नहीं पहुंच पाता। दिल के मरीजों के लिए यह स्थिति बहुत जोखिम भरी हो सकती है।
3. **बहुत कम या तेज धड़कन:** दिल की धड़कन का असामान्य रूप से तेज होना या कमजोर महसूस होना कार्डियोवैस्कुलर स्ट्रेस को दर्शाता है।
4. **अत्यधिक थकान व कमजोरी:** सामान्य से कहीं ज्यादा थकान या हाथ-पैरों की मांसपेशियों में खिंचाव होना इलेक्ट्रोलाइट्स का असंतुलन दर्शाता है, जो दिल की लय को बिगाड़ सकता है।
5. **सिरदर्द, मतली या उल्टी:** पेट की इन दिक्कतों के साथ-साथ छाती में बेचैनी, सांस फूलना या घबराहट भी होने लगे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।
6. **मानसिक भ्रम और चिड़चिड़ापन:** मरीज भ्रमित महसूस करे या गुस्सा बढ़ रहा है, तो सतर्क हो जाए। अगर पैर में सूजन या सांस फूलती हो, तो विशेष ध्यान रखें।

## लक्षण दिखने पर तुरंत क्या करें?

■ काम को तुरंत रोक दें और किसी ठंडी, छायादार या एयर-कंडीशनर वाली जगह पर जाएं ■ तंग कपड़ों को ढीला करें ■ धीरे-धीरे पानी पिएं। ज्यादा ठंडा या बर्फ वाला पानी न पिएं। ■ अल्कोहल से परहेज करें ■ यदि 30 मिनट के भीतर हालत में सुधार न हो या छाती में दर्द शुरू हो जाए या मरीज बेहोश हो जाए, तो बिना देरी किए इमरजेंसी मेडिकल हेल्प बुलाएं।

## गर्मी में ऐसे करें अपना बचाव



■ सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर के अंदर ही रहें। घर में ठंडक बनाए रखें। ■ पानी पीते रहें। अगर हार्ट फेलियर या अन्य समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार पानी पिएं ■ हल्के रंग के, ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय टोपी पहनें ■ सुबह और शाम के समय व्यायाम करें। ■ दिल की दवाओं में लापरवाही न करें।

**भेजें अपने सवाल**

सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं-
तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी, परंतु खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वाणी के प्रभाव से रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन :** नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परंतु परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह :** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वाहन के रख-रखाव तथा वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में अवसर मिल सकते हैं। आय बढ़ेगी।

**तुला :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों व परिवार का सहयोग मिल सकता है। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**वृश्चिक :** धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार पर ध्यान दें।

**धनु :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। व्यवधान आ सकते हैं।

**मकर :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कला व संगीत में रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ :** संतान सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**मीन :** परिवार में सुख-शांति रहेगी। कारोबार के लिए भागदौड़ बढ़ सकती है। किसी पारिवारिक संपत्ति से धन मिल सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

12, जून, शुक्रवार, **शक संवत्** : 22 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 29 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 25 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी तिथि सायं 07.37 बजे तक पश्चात त्रयोदशी तिथि, अतिगंड योग रात्रि 09.26 बजे तक पश्चात सुकर्मा योग, कौलव करण, चंद्रमा मेष राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। प्रदोष व्रत। गंडमूल प्रात: 06.29 मिनट तक।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**दीपक जलाते समय जो उसकी लौ अलग-अलग होती है, उसके क्या अर्थ या संकेत होते हैं?**
-प्रमोद मिश्रा, बरेली

- दीपक जलते समय दीपक की लौ का व्यवहार भविष्य के संकेत का सूचक होता है। यदि लौ अचानक ऊपर की ओर उठने लगे, तो यह इष्ट की प्रसन्नता का प्रतीक है।
- यदि लौ के बीच में त्रिशूल जैसी आकृति बने, तो यह शुभ शक्ति की उपस्थिति का संकेत है। दीपक में फूल जैसी आकृति दिखना यह संकेत है कि आपके इष्ट देव यहां हैं। यदि दीपक से चट-चट की आवाज आए, तो ये किसी नकारात्मक ऊर्जा का संकेत है। लौ का किसी विशेष दिशा में झुकना आने वाले समय का इशारा होता है।

## वर्ग पहेली : 8357

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | | ■ |
| 5 | | | | | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | | | | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 11 | ■ | ■ | 12 | |
| 13 | | | | | ■ | 14 | ■ | |
| | ■ | | ■ | 15 | | | | |
| ■ | 16 | | | | ■ | | ■ | |

**बाएं से दाएं**
3. अलग करना; दूर करना; तोड़ना; भंजित करना; चिढ़ाना (4)
5. जिसमें मलाई हो; मलाई युक्त; स्निग्ध (5)
7. वचन देना; वायदा करना (2,3)
8. राय; विचार; आशय; भाव; सम्मति; धर्म (2)
9. गोलाकार आकृति; गोल घेरा; अंगूठी (2)
10. गटकना; निगलना; भोजन करना; हड़पना (2)
12. क्रोध; गुस्सा (2)
13. अस्वीकार करना; निरस्त करना; काट देना (2,3)
15. किए जाने वाले काम; काम का ढेर (5)
16. नाट्य कला में प्रवीण; प्रधान नट; सूत्रधार; श्रीकृष्ण (4)

**ऊपर से नीचे**
1. काम-काज न करना; निठल्ला रहना; बेकार घूमना (4,1,3)
2. घोड़े की देखभाल करने वाला; घोड़ों की सेवा टहल करने वाला (3)
3. गाय-भैंस चराने का काम करने वाला; पशुओं को चराने वाला (4)
4. कान देना; ध्यान देना; सुनना (2,3)
6. अनवरत क्रम; प्राचीन सिलसिला; लंबी परंपरा; शाश्वत क्रम; स्थायी परंपरा (4,4)
9. धोखा; बेइमानी; हेराफेरी (2,3)
11. अनेक प्रकार से किया हुआ (4)
14. कृत्रिम; बनावटी; झूठा; जाली (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8356

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सं | ■ | 2 गु | ■ | 3 दा | वा | 4 क | र | 5 ना |
| 6 के | श | न | ली | ■ | ■ | ठि | ■ | ग |
| त | ■ | ह | ■ | 7 धा | ■ | 8 न | गी | ना |
| ■ | ■ | 9 गा | ड़ी | वा | न | ■ | ■ | य |
| 10 आ | द | र | ■ | बो | ■ | 11 स | ड़ | क |
| स | ■ | ■ | 12 ज | ल | च | र | ■ | ■ |
| 13 रा | य | 14 ता | ■ | ना | ■ | क | ■ | 15 आ |
| हो | ■ | ली | ■ | ■ | 16 ग | जा | न | न |
| 17 ना | का | म | या | ब | ■ | ना | ■ | न |

## सुडोकू : 8339

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 4 | 5 |
| 3 | | | | 2 | 9 | | | |
| | | 9 | 4 | | 1 | | 3 | |
| | | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | 3 | | 2 | | 5 | 1 | | |
| | | | 9 | 6 | | | | 2 |
| 7 | 2 | | | | 3 | | 8 | |
| | | 5 | | | | | 1 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 |

**प्रेरणा**

खुश रहना है तो कभी पेड़ों, हवा और आसमान से भी दोस्ती कर लीजिए। -गुलजार

**संपादकीय**

## वास्तव में दोष किसान का नहीं, हमारे सिस्टम का है

केंद्र और राज्य सरकारों ने पिछले साल लगभग दो लाख करोड़ की खाद सब्सिडी, 1.30 लाख करोड़ की बिजली रियायत और 60 हजार करोड़ की सम्मान निधि बांटी। इसके अलावा 3.47 लाख करोड़ के 22 कृषि-उत्पाद एमएसपी पर खरीदे, जिस पर लागत का 50% से ज्यादा लाभ देने का दावा किया। सिंचाई, बीज, ब्याज और फसल बीमा के मद में भी करीब एक लाख करोड़ दिया जाता है। कुल हुआ लगभग दस लाख करोड़। इस आंकड़े की तस्दीक आरबीआई की उस रिपोर्ट से भी होती है कि 52 लाख करोड़ के कुल कृषि जीवीए (सकल मूल्य वर्द्धन) का 22% तमाम तरह की सब्सिडीज/सहायता है। रजिस्ट्रार जनरल के अनुसार क्रमशः 14 करोड़ हेक्टेयर ऑपरेशनल होल्डिंग्स और 12 करोड़ किसान हैं। यानी एक हेक्टेयर पर औसतन 71.40 हजार या हर खेतिहर को 83 हजार की राहत। न भूलें कि हर किसान समान खाद नहीं डालता, हर खेत की उर्वरा-शक्ति समान नहीं होती और हर उत्पाद एमएसपी पर नहीं खरीदा जाता। फिर जहां उद्योगों में यंत्रों, वाहनों और भवनों पर डेप्रिसिएशन, जमीन की लागत पर ब्याज और प्रबंधन को भी लागत का भाग माना जाता है, किसान को अपनी जमीन की लागत पर कोई ऋण नहीं मिलता। यह भी याद रखें कि ओईसीडी देशों में किसानों को यहां के मुकाबले तीन गुना (जीवीए का 60%) तक मदद मिलती है।

**जीने की राह**



पं. विजयशंकर मेहता

humarehanuman@gmail.com

## हमारे समृद्ध घरों के अधिकांश सदस्य आदतों से गरीब हो गए

भारत के धनाढ्य परिवारों में किस बात की गरीबी है? गहराई से सोचें तो हमारे समृद्ध घरों के अधिकांश सदस्य आदतों से गरीब हो गए। यह एक डराने वाला आंकड़ा है कि 60% युवा दिन में तीन घंटे के आसपास ऑनलाइन गेमिंग में उलझे हुए हैं और यह आंकड़ा दुनिया में सर्वाधिक है। डिजिटल मीडिया ने युवाओं को और महिलाओं को एक तरह से चपेट में ले लिया है। चर्बी बढ़ रही, मोटापा पूरी तरह उतर गया। खाने-पचाने में भी गैप आ गया। जुआ तो हर हाल में बुरा है। इस जुआ खेलने की आदत के लिए एक सबक लें कि युधिष्ठिर जैसा धर्मराज भी खुद पर नियंत्रण नहीं रख पाया। पन्द्रहवें दांव में उन्होंने द्रौपदी लगा दी। सब हार गए, क्योंकि जुआ खेलने वाले को अपराध बोध तो होता ही है पर यही अपराध बोध फिर से उसकी प्रेरणा बढ़ा देता है। यह सबसे खतरनाक बात है द्यूत को लेकर। हम अपने घरों में बच्चों पर यह नजर रखनी होगी कि वे कहीं इस मायाजाल में तो नहीं उलझ रहे और युधिष्ठिर बनकर अपना सब कुछ तो नहीं खो देंगे। •Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**विशेष • हमारी नीतियों को भी फुर्तीला होना पड़ेगा**

# एआई की गति इतनी तेज है कि हम उससे पिछड़ रहे हैं

**कृत्रिम मेधा**

डारियो अमोदेई

एंथ्रोपिक के को-फाउंडर और सीईओ



'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' की एक उपकथा में दो हॉबिट्स अपने जंगल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वे इसके लिए एक ट्री-बीयर्ड से अनुरोध करते हैं। ट्री-बीयर्ड एक बुद्धिमान किंतु अत्यंत धीमी गति से काम करने वाला वृक्ष है। समस्या यह थी कि जहां एक पूरी सेना जंगल को काटकर नष्ट कर रही होती है, वहीं ट्री-बीयर्ड का समय-बोध बहुत धीमा होता है। उसे किसी दूसरे वृक्ष को 'हेलो' कहने में ही पूरा दिन लग जाता था, इसलिए उसे और उसके साथियों को इतनी त्वरित कार्रवाई के लिए तैयार करना लगभग असंभव था।

एआई और हमारे राजनीतिक संगठनों का रिश्ता भी कुछ-कुछ हॉबिट्स और ट्री-बीयर्ड जैसा लगता है। एआई अत्यंत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। महज चार वर्ष पहले तक एआई मॉडल मुश्किल से एक सही कोड-पंक्ति लिख पाते थे, लेकिन आज प्रमुख एआई कंपनियों में अधिकांश कोड वे ही लिख रहे हैं। इसी प्रकार की प्रगति जीव-विज्ञान, भौतिकी, गणित, वित्त, विधि, अनुवाद और अनेक अन्य क्षेत्रों में भी देखी गई है। एआई के स्केलिंग नियमों को अब एक दशक से अधिक के अनुभवजन्य प्रमाणों का समर्थन प्राप्त है। यदि ये स्केलिंग नियम केवल एक-दो वर्ष और जारी रहते हैं, तो संभवतः हम उस अवस्था तक पहुंच जाएंगे, जिसे मैंने 'पावरफुल एआई' कहा है।

इसके विपरीत, नीतियों और कानून बनाने की गति अत्यंत धीमी है। कई बार इसके उचित कारण भी होते हैं। सरकारों के पास गंभीर और व्यापक शक्तियां होती हैं, और सामान्यतः यह बेहतर माना जाता है कि उनका उपयोग जल्दबाजी में न किया जाए। किंतु टाइमस्केल का यह असंतुलन तकलीफदेह है। कई वर्षों में संसद कोई निर्णय लेती है, वहीं उतने समय में एआई प्रतिभाओं से भरे एक पूरे देश की क्षमताओं तक पहुंच जाता है।

पिछले कुछ वर्षों में- जब से एआई एक प्रमुख कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी के रूप में उभरी है- हममें से कई लोग जो इसे जिम्मेदाराना ढंग से संचालित करना चाहते थे, एक दुविधा का सामना कर रहे थे। हम स्पष्ट रूप से देख पा रहे थे कि यह तकनीक किस दिशा में जा रही है। हमें लग रहा था कि कुछ ही वर्षों में एआई उन दुर्लभ टेक्नोलॉजी में से एक बन जाएगी, जो पूरे नीतिगत परिदृश्य को मौलिक रूप से बदल देती हैं- ठीक वैसे ही जैसे परमाणु हथियारों ने भू-राजनीति को बदल दिया था और औद्योगिक क्रांति ने आर्थिक प्रश्नों की प्रकृति को बुनियादी तौर पर रूपांतरित कर दिया था।

लेकिन जो लोग उस समय एआई की क्षमताओं को देख रहे थे, उन्हें यह कहीं अधिक साधारण तकनीक लगती थी- शायद किसी नए कंज्यूमर ऐप या क्रिप्टोकरेंसी की तरह। अधिकांश नीति-निर्माताओं और कंपनियों को यह विश्वास दिलाना कठिन था कि मुक्त-बाजार आधारित दृष्टिकोण के अलावा भी कोई और नीति उचित हो सकती है। सच कहें तो एआई के व्यापक प्रभाव उस समय तक उपस्थित भी नहीं थे, और हम यह भी नहीं जानते थे कि वे किस रूप में सामने आएंगे। इसलिए सही नीतियां बनाना कठिन था।

लेकिन इन सीमाओं को देखते हुए सेफ्टी पर फोकस करने वाले संगठनों (जिनमें एंथ्रोपिक भी शामिल है) ने ऐसी नीतिगत पहलों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो भविष्य के विकल्पों को सुरक्षित रखें, आगे चलकर तीव्र प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करें, या दुनिया को इस बात की बेहतर समझ दें कि आगे क्या आने वाला है- जैसे पारदर्शिता संबंधी कानून, चिप निर्यात नियंत्रण

**हमें कुछ जरूरी बिंदुओं पर फोकस करना होगा, जैसे सार्वजनिक सुरक्षा और एआई रेगुलेशंस, इससे जुड़ी मैक्रो-इकोनॉमिक्स और टैक्स नीतियां और एआई के सकारात्मक प्रभावों को बढ़ाना। समय कम है, हमें फुर्ती दिखानी होगी।**

और एआई के श्रम-बाजार पर प्रभावों से संबंधित डेटा का संग्रह। माना कि ये उपाय नाकाफी हैं, लेकिन अब तक तो यही कदम ऐसे मालूम होते हैं, जिन्हें वास्तव में संभव बनाया जा सकता था।

हालांकि पिछले कुछ महीनों में एआई की असाधारण शक्ति और उससे जुड़े जोखिमों के प्रमाण इतने स्पष्ट हो गए हैं कि अब उन्हें नजरअंदाज करना संभव नहीं रहा। शायद इसका सबसे प्रतीकात्मक उदाहरण क्लॉड माइथोस प्रिव्यू है। अब हम जानते हैं कि अग्रणी एआई मॉडल साइबर सुरक्षा के लिए वास्तविक और गंभीर जोखिम उत्पन्न करते हैं, जिससे वित्तीय क्षेत्र, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों और राष्ट्रीय सुरक्षा में व्यवधान की संभावनाएं पैदा हो सकती हैं। वास्तव में, माइथोस ने वैश्विक साइबर सुरक्षा परिदृश्य को झकझोर दिया है। लेकिन इसने यह भी सिद्ध कर दिया कि एआई मॉडल अब रणनीतिक महत्व के उपकरण बन चुके हैं।

अब हमें ऐसे नीतिगत तंत्र को सक्रिय करना होगा, जो आने वाले समय के जोखिमों का सामना कर सके। यह उत्साहजनक है कि हमारे अनेक समकालीन भी अब उन दृष्टिकोणों की ओर आ रहे हैं, जिनकी वकालत हम पिछले कुछ वर्षों से करते रहे हैं।

(darioamodei.com से साभार)

**विश्लेषण • चुनाव-पूर्व गठबंधनों से यह बेहतर होगा**

# क्या कांग्रेस से टूटकर बने दलों को उसमें लौट आना चाहिए?

**राजनीति**

राजदीप सरदेसाई

वरिष्ठ पत्रकार

rajdeepsardesai52@gmail.com



भारतीय सिनेमा में सीक्वेल शायद ही सफल होते हैं। आमतौर पर दर्शक मूल फिल्म देख चुके होते हैं, नयापन खत्म हो जाता है और कहानी बासी लगने लगती है। इसीलिए 'इंडिया-2.0' का फिर से साथ आना बमुश्किल ही यह भरोसा जगाता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अप्रत्याशित चुनौती देने वाला गठबंधन आसानी से वही प्रदर्शन दोहरा सकता है।

पिछले दो वर्षों में बहुत कुछ बदल चुका है। कांग्रेस को कई बड़े राज्यों में चुनावी झटके लगे हैं। गठबंधन की ताकत रहे कई क्षेत्रीय दल कमजोर हो चुके। बंगाल में हार के बाद टीएमसी बिखर रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) भी टूट चुकी हैं। दिल्ली हारने के बाद आम आदमी पार्टी खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की जंग लड़ रही है।

ऐसे में 'इंडिया' साझा दृष्टिकोण पर साथ आई ताकतों की एकजुटता जैसा कम और 2029 में किसी भी कीमत पर भाजपा को रोकने के लिए बने जमावड़े जैसा ज्यादा लगता है। समस्या यह है कि राजनीति अंकगणित ही नहीं, केमिस्ट्री का भी खेल है। भले गठबंधन बंद कमरों में बनाए जा सकते हों, लेकिन वोटर अवसरवादिता को भांप लेते हैं। दो महीने पहले राहुल गांधी टीएमसी पर भ्रष्टाचार और अंदरखाने भाजपा से समझौता करने का आरोप लगा रहे थे। क्या वही नेता अब एक मंच पर आकर यह उम्मीद कर सकते हैं कि वोटर इन विरोधाभासों को नजरअंदाज कर देंगे?

ऐसे विरोधाभास हर जगह हैं। तमिलनाडु में हार के बाद अपनी उपेक्षा को लेकर डीएमके कांग्रेस से नाराज है। आम आदमी पार्टी भी पंजाब में अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के साथ मंच साझा करने के लिए ज्यादा उत्सुक नहीं दिखती। केरल चुनाव में कांग्रेस के हमलों से वामदल भी नाराज हैं। ऐसे में शायद ही यह किसी एकजुट राजनीतिक विकल्प की तस्वीर नजर आती है।

इसके विपरीत, भाजपा में स्पष्टता है। वोटर जानते हैं पार्टी के सिद्धांत क्या हैं और अंतिम निर्णय का अधिकार किसके पास है। भाजपा का वर्चस्व इस कारण भी स्थापित हुआ है कि विपक्ष बिखरा हुआ, अनिश्चित और आंतरिक संघर्षों में उलझा नजर आता है।

भारतीय राजनीति की सबसे दिलचस्प बातों में से एक यह है कि कई मौजूदा क्षेत्रीय दल कांग्रेस से ही निकले हैं। टीएमसी, एनसीपी और वाईएसआर कांग्रेस- इन सभी की जड़ें कांग्रेस में हैं। इनके नेता नेतृत्व विवाद, राजनीतिक महत्वाकांक्षा या क्षेत्रीय मजबूरियों के चलते कांग्रेस से अलग हुए, लेकिन व्यापक रूप से ये दल समान वैचारिक परिवेश का हिस्सा बने हुए हैं। ये पार्टियां आज भी अपने नाम और राजनीतिक पहचान में कांग्रेस की छाप लिए हुए हैं। पिछले चार दशकों में कांग्रेस परिवार कई क्षेत्रीय दलों में बिखर गया। नतीजतन, भाजपा विरोधी वोट बंटते चले गए।

तो क्यों न एक और बिखरा हुआ भाजपा-विरोधी गठबंधन बनाने के बजाय कांग्रेस से निकली इन शाखाओं को सियासी तौर पर फिर से संगठित करने के रास्ते तलाशे जाएं? एक विलय, या कम से कम पारस्परिक समन्वय पर आधारित व्यवस्थित एकजुटता चुनाव से चंद महीने पहले बनाए गए किसी नए गठबंधन की तुलना में कांग्रेस को अधिक ऊर्जा दे सकती है। इससे विपक्ष की राजनीति में मजबूत केंद्रीय धुरी बनेगी और कांग्रेस छोटे सहयोगियों से कमजोर स्थिति में नहीं, ताकत के साथ बातचीत कर सकेगी।

**एक और बिखरा हुआ गठबंधन बनाने के बजाय कांग्रेस से निकली शाखाओं को सियासी तौर पर फिर से संगठित करने के रास्ते क्यों न तलाशे जाएं? विलय या समन्वय पर आधारित एकजुटता कांग्रेस को अधिक ऊर्जा दे सकती है।**

आज यह विचार अव्यावहारिक लग सकता है। लेकिन राजनीति का इतिहास उम्मीदों के परे लगने वाली ऐसी री-यूनियन की घटनाओं से भरा है। खुद भाजपा ही व्यापक संघ परिवार के दशकों लंबे एकीकरण का परिणाम है। तो कांग्रेस परिवार स्थायी तौर पर विखंडित क्यों रहे? हालांकि, ऐसी किसी सफलता के लिए कांग्रेस को भी बदलना पड़ेगा। क्षत्रपों की वापसी के लिए जरूरी होगा कि कांग्रेस नेतृत्व सत्ता और अधिकार साझा करने की मंशा दिखाए। क्षेत्रीय नेताओं को भी व्यक्तिगत अहंकार, पारिवारिक हितों और अल्पकालिक सियासी गुणा-भाग से ऊपर उठना होगा। यह मुमकिन नहीं कि कोई नेता अपनी दशकों पुरानी पहचान खोकर दिल्ली का महज एक दरबारी बनना चाहेगा, लेकिन यह भी संभव नहीं कि हर क्षेत्रीय नेता अपने घटते जनाधार के बावजूद राष्ट्रीय राजनीति में 'किंगमेकर' बने रहने की उम्मीद करे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

**ब्रांड से सबक** | **एएमडी : अमेरिकी मल्टीनेशनल सेमीकंडक्टर कंपनी**

# 2012 में दिवालिया होने की कगार पर थी, आज एनवीडिया व इंटेल को टक्कर दे रही है एएमडी

अक्टूबर 2012, 'द मोटली फूल' नाम की मशहूर अमेरिकी वेबसाइट ने एक आर्टिकल छापा। इसका शीर्षक था- 'I Give Up On This Zombie Stock!' यानी मैं इस जिंदा लाश जैसे स्टॉक से उम्मीद छोड़ रहा हूं। यह आर्टिकल वर्तमान में अमेरिका की मशहूर मल्टीनेशनल सेमीकंडक्टर कंपनी एडवांस्ड माइक्रो डिवाइसेज (एएमडी) पर लिखा गया था। उस समय कंपनी के शेयर की कीमत करीब 2 डॉलर पर पहुंच गई थी। कंपनी करीब-करीब दिवालिया होने वाली थी। आर्थिक तंगी के कारण करीब 15% कर्मचारियों की छंटनी करनी पड़ी। कंपनी की यह हालत मुख्य रूप से विस्तार के लिए भारी कर्ज लेने और इसके पर्सनल कम्प्यूटर में लगने वाले सीपीयू का डिजाइन फेल होने से हुई। हालांकि नेतृत्व में बदलाव, नई साझेदारियों और चिप की नई तकनीक पेश कर कंपनी खुद को बचाने में कामयाब रही। वर्तमान में यह केवल चिप बनाने वाली दुनिया की शीर्ष कंपनियों में ही शामिल नहीं है बल्कि दुनिया के सबसे बड़े डेटा सेंटर्स और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को चलाने वाला मुख्य इंजन बन चुकी है। तेजी के लिए अमेजन जैसी कंपनियां इसकी चिप का इस्तेमाल कर रही हैं।





**सबक...** समस्या रिस्क लेने में नहीं है, बल्कि रिस्क लेने के पहले उसका ईमानदारी से आकलन न करने में है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **50** से अधिक देशों में व्यापार कर रही है एएमडी वर्तमान में। | **33** % हिस्सेदारी है सर्वर/डेटा सेंटर मार्केट में एएमडी की। | **57%** की ग्रोथ के साथ बढ़ रहा कंपनी का डेटा सेंटर सेगमेंट। | **97** हजार करोड़ रु. का राजस्व कमाया है इस पहली तिमाही में। |

### यूं संकट में फंसी थी...

- **बुलडोजर आर्किटेक्चर की असफलता:** 2011 में लॉन्च कंपनी का महत्वाकांक्षी 'बुलडोजर' सीपीयू कोर डिजाइन फ्लॉप रहा। यह सिंगल-थ्रेडेड परफॉर्मेंस में बेहद धीमा था। बहुत अधिक बिजली खाता था।
- **अधिग्रहण पर भारी खर्च:** 2006 में ग्राफिक्स कार्ड बनाने वाली कंपनी एटीआई को 5.4 अरब डॉलर में खरीदा। इसके लिए भारी कर्ज लिया। कर्ज के ब्याज में ही सारा मुनाफा और कैश फ्लो खत्म होने लगा।
- **इंटेल की आक्रामक नीति:** संकट के दौर में मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंपनी इंटेल ने डेल, एचपी और लेनोवो जैसी बड़ी कंपनियों को भारी वित्तीय छूट और रिबेट दिए, ताकि वे एएमडी के प्रोसेसर्स का इस्तेमाल न करें।
- **स्मार्टफोन क्रांति को मिस करना:** पैसों की तंगी के चलते 2009 में मोबाइल ग्राफिक्स डिवीजन 'इमेजिऑन' को क्वालकॉम को बेच दिया।

### इस तरह की वापसी...

- **डॉ. लिसा सु का नेतृत्व :** 2014 में जब कंपनी डूब रही थी, तब डॉ. लिसा सु को सीईओ बनाया गया। उन्होंने एएमडी को केवल हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग पर ध्यान केंद्रित करने की सख्त और स्पष्ट रणनीति दी।
- **'चिपलेट' डिजाइन तकनीक:** एएमडी ने क्रांतिकारी 'चिपलेट' डिजाइन पेश किया, जिसमें छोटे-छोटे सिलिकॉन ब्लॉक्स को एक साथ जोड़ा जाता है। इससे चिप बनाने की लागत में भारी कमी आई।
- **टीएसएमसी से साझेदारी:** ताइवान की चिप कंपनी टीएसएमसी के साथ हाथ मिलाया। इसकी अत्याधुनिक 7 व 5 नैनोमीटर मैन्युफैक्चरिंग तकनीक से एएमडी के चिप्स सबसे एडवांस और पावर-एफिशिएंट बन गए।
- **राइजन की सफलता:** बिल्कुल नए ग्राउंड-अप सीपीयू 'जेन' बनाए। 2017 में इस पर आधारित 'राइजन' प्रोसेसर्स ने बाजार में तहलका मचा दिया।

**• वर्तमान स्थिति**

### करीब 74 लाख करोड़ की कंपनी है एएमडी

कंपनी वर्तमान में अगली पीढ़ी की एआई चिप्स के लिए सैमसंग के साथ साझेदारी कर रही है, जिसमें अत्याधुनिक एचबीएम4 तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी ने 2022 जाइलिंक्स कंपनी को करीब 4 लाख करोड़ रुपए में खरीदा था, इसके बाद यह कंपनी कार के इंफोटेनमेंट सिस्टम, ऑटोनॉमस ड्राइविंग, एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए भी एडवांस चिप्स बनाने लगी थी। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी की ग्रोथ करीब 34 प्रतिशत रही जबकि 2026 की पहली तिमाही में इसकी ग्रोथ करीब 38 प्रतिशत रही है। वर्तमान में कंपनी की वैल्यू करीब 74 लाख करोड़ रुपए है।

### शुरुआत : इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ने सात साथियों के साथ रखी थी नींव

1 मई 1969 को एएमडी की नींव फेयरचाइल्ड सेमीकंडक्टर कंपनी के पूर्व कर्मचारी जेरी सैंडर्स ने 7 साथियों के साथ मिलकर रखी थी। दरअसल कंपनी में मार्केटिंग डायरेक्टर रहे सैंडर्स को लग रहा था कि उन्हें ग्रोथ के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में उन्होंने कंपनी छोड़कर मात्र 1 लाख डॉलर के साथ इसकी शुरुआत की।

### नए कदम : हाइपर स्केलर्स और सॉवरेन क्लाउड पर कर रही फोकस

कंपनी अब रैक-स्केल सॉल्यूशन पर काम कर रही है, जहां सिंगल सर्वर की बजाय पूरा रैक (72 जीपीयू तक) एक यूनिट की तरह काम करता है। इसके साथ ही माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और गूगल जैसी कंपनियों के साथ पार्टनरशिप बढ़ा रही है। इसके अलावा देशों को अपना एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कंट्रोल रखने के लिए ओपन इकोसिस्टम प्रदान कर रही है।

**ऐसे पड़ा नाम :** 1969 में सैंडर्स ने इस नाम को चुना था ताकि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में प्रगतिशील और इनोवेटिव इमेज प्रोजेक्ट कर सकें।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** इंटेल सीपीयू और सर्वर मार्केट में इसे कड़ी टक्कर दे रही है। वहीं जीपीयू और एआई चिप में एनवीडिया मुख्य प्रतिद्वंद्वी है।

**पीपुल भास्कर** | **आदित पालिचा, क्विक कॉमर्स जेप्टो के को-फाउंडर**

# बिजनेस के नाम पर पिता ने दिया था एक डॉलर, मीटिंग ब्रेक के 10 मिनट में भी पढ़ते हैं आदित

**चर्चा में क्यों :** इस साल जेप्टो का आईपीओ आने के बाद 24 वर्षीय आदित किसी लिस्टेड कंपनी के सबसे कम उम्र के सीईओ व एमडी बन जाएंगे।

2020, देश में कोविड-19 की लहर चल रही थी। इसी दौरान स्टैनफोर्ड में पढ़ने वाला एक 17-18 वर्षीय किशोर मुंबई में अपने माता-पिता के पास आया हुआ था। उसने देखा कि कोविड की पाबंदियों के चलते सोसायटी में रहने वाले बुजुर्गों को रोजाना की जरूरत का सामान मिलने में भारी दिक्कत हो रही है। इस समस्या के समाधान ने स्टार्टअप जेप्टो की नींव रखी। और इसकी नींव रखने वाला वह किशोर है आदित पालिचा, जिन्होंने अपने दोस्त कैवल्य वोहरा के साथ इस इनोवेशन को हकीकत में बदला।

**आदित ने वह काम मुमकिन कर दिखाया है, जो सोचने में ही नामुमकिन लगता था।**

**- जैरेड फ्रीमैन, प्रतिष्ठित उद्यमी**

आदित कहते हैं पिछले 5-6 सालों से वे लगातार पढ़ रहे हैं। उन्होंने इस दौरान करीब 20 साल के बराबर पढ़ और सुन लिया है। अगर वे काम नहीं कर रहे होते हैं तो या तो सफल लोगों की डॉक्यूमेंट्री देख रहे होते हैं या बड़े-बड़े इंटरव्यू सुन रहे होते हैं। या फिर पढ़ रहे होते हैं। यहां तक कि अगर मीटिंग के दौरान 10 से 20 मिनट का भी समय मिलता है तो वे डॉक्यूमेंट्री देखना शुरू कर देते हैं या फिर ऑडियोबुक सुनने लगते हैं। पर ऐसा क्यों? आदित कहते हैं अनुभव जो एक बड़े बिजनेस को चलाने के लिए चाहिए, उसकी कमी को वे इस तरह सीख कर पूरा कर रहे हैं। अक्सर उनसे बार में लोग कहते हैं कि उन्होंने पिता से पैसा लेकर बिजनेस खड़ा किया है। एक इंटरव्यू में इस सवाल के जवाब में आदित बताते हैं कि उनके पिता ने बस एक डॉलर दिया था और कहा था, 'बिजनेस बनाना है, जाओ बनाओ बिजनेस, गुड लक।'

'जेप्टो' का अर्थ होता है $10^{-21}$ (यानी दशमलव के बाद 20 जीरो और फिर 1)। यह समय और आकार को नापने की एक सूक्ष्म इकाई है। नाम से ही तेजी का अहसास होता है। इसी को ध्यान में रखकर आदित ने यह नाम चुना था।

जन्म : 15 अक्टूबर 2001, मुंबई

शिक्षा : स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से ड्रॉपआउट।

परिवार : पिता- कवित पालिचा, मां- उर्वशी। भाई- ईशान।

संपत्ति : करीब 5380 करोड़ रु. (मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार)





**• परिवार**

### पिता इंजीनियर, मां भर्ती फर्म की सीईओ

आदित के पिता कवित पालिचा इंजीनियर हैं जबकि मां उर्वशी पालिचा सर्च पॉइंट नामक एक रिक्रूटमेंट फर्म की सीईओ रही हैं। आदित जब काफी छोटे थे तभी पिता दुबई चले गए। यहां आदित ने जेम्स मॉडर्न एकेडमी में स्कूली पढ़ाई की। इस दौरान वे स्कूल की मॉडर्न डिबेटिंग सोसायटी के अध्यक्ष व डिप्टी हेड बॉय भी बने। ईशान पालिचा उनके छोटे भाई हैं।

**• आंत्रप्रेन्योरशिप की शुरुआत**

### 15 की उम्र से ही सोचने लगे थे आइडियाज

स्कूली पढ़ाई के दौरान 2018 में दोस्त कैवल्य के साथ मिलकर 'गोपूल' एप बनाया। उद्देश्य ऐसे पैरेंट्स को एक साथ एक वाहन से ले जाना था, जो एक ही सोसायटी में रहते हैं और जिनके बच्चे एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। आदित के अनुसार यह विचार उन्हें 15 साल की उम्र में आया था। ऐसे ही 2019-20 में उन्होंने किराने नाम से एक एआई प्रोजेक्ट लीड किया।

**• करियर**

### किरानाकार्ट से जेप्टो के यूनिकॉर्न बनने तक

आदित का पहला गंभीर व्यावसायिक प्रयास 'किरानाकार्ट' था, जिसे सितंबर 2020 में बचपन के दोस्त कैवल्य वोहरा के साथ मिलकर मुंबई में शुरू किया था। यह भी एक ग्रॉसरी डिलीवरी एप था। इसमें उन्हें सर्विस की स्पीड और निरंतरता की कमी महसूस हुई। इसके बाद फिर कैवल्य वोहरा के साथ ही 2021 में जेप्टो की नींव रखी। कंपनी 2023 में यूनिकॉर्न बनी।

### खास : ऑर्डर मिलने के एक मिनट में पैक होता है सामान

- मात्र 19 साल की उम्र में ग्लेड ब्रुक कैपिटल और नेक्सस वेंचर्स जैसे दिग्गज पार्टनर्स से 6 करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल कर ली थी।
- आदित ने डार्क स्टोर्स को इस तरह डिजाइन किया है कि ऑर्डर मिलने के मात्र एक मिनट के भीतर ऑर्डर पैक हो जाए।

### उपलब्धि: 2023 का पहला यूनिकॉर्न था डिलीवरी एप जेप्टो

- हुरुन रिच लिस्ट 2024 में 22 साल की उम्र में देश के सबसे युवा 'सेल्फ-मेड' अरबपति बने।
- अगस्त 2023 में 1.4 अरब डॉलर की वैल्यू के साथ जेप्टो तब का पहला यूनिकॉर्न था।
- 2022 में फोर्ब्स 30 अंडर 30 की (एशिया और इंडिया) सूची में शामिल किए जा चुके हैं।

### रोचक : अब 10 मिनट में चाय और गर्म नाश्ता भी मिल रहा

- मात्र 3 साल में ब्लिंकिट-इंस्टामार्ट जैसे स्थापित दिग्गजों के बीच 20% मार्केट शेयर पर कब्जा।
- 1.20 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया है।
- 10 मिनट के भीतर गर्म चाय और नाश्ता पहुंचाने की नई कैटेगरी जेप्टो कैफे शुरू की है।

**वैश्विक संकट** • 2025 में ग्लोबल फाइनेंशियल सिस्टम में 421 लाख करोड़ रुपए के अवैध लेनदेन; इसमें 55 लाख करोड़ सीधे फ्रॉड से जुड़े, महज दो साल में 42% की बढ़ोतरी

# एआई साइबर अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार; 84% एक्सपर्ट ने कहा- यह गंभीर चुनौती

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

एआई साइबर अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार बन गया है। एआई एजेंट्स पारंपरिक सुरक्षा प्रणालियों को आसानी से चकमा दे रहे हैं। साइबर सुरक्षा फर्म बायोकैच के ग्लोबल सर्वे में 88% बैंकिंग प्रोफेशनल्स ने माना कि एआई ने फ्रॉड और घोटालों को जटिल बना दिया है। 2025 में ग्लोबल फाइनेंशियल सिस्टम में करीब ₹421 लाख करोड़ के अवैध लेनदेन हुए। इसमें से ₹55 लाख करोड़ सीधे फ्रॉड का मामला था। अमेरिकी एजेंसी एफबीआई का अनुमान है कि फ्रॉड के 85% मामले दर्ज ही नहीं होते।

### 25 देशों के 1,440 फ्रॉड मैनेजमेंट और जोखिम विशेषज्ञों की राय

**फ्रॉड के प्रयास 71%, नुकसान 59% बढ़े**

81% विशेषज्ञों का कहना है कि उनकी संस्था में फ्रॉड के प्रयास बढ़ रहे हैं। 2025 में यह वृद्धि 71% रही।

76% ने माना कि उनके बैंक को फ्रॉड से होने वाला नुकसान सिर्फ एक साल में 59% बढ़ गया है।



85% फाइनेंशियल फ्रॉड के मामले दर्ज ही नहीं कराए जाते। अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने ऐसा अनुमान लगाया है।

**ग्लोबल फाइनेंशियल फ्रॉड बढ़ने के तीन सबसे बड़े कारण ये...**

59% बैंकर्स ने माना कि फौरन रकम ट्रांसफर करने वाले एप से फ्रॉड आसान है।

45% ने एआई तकनीक के इस्तेमाल को कारण बनाया।

45% एक्सपर्ट्स ने कहा कि अपराधी लोगों को बहला-फुसलाकर पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।

**फ्रॉड में इन एआई टेक का सबसे ज्यादा इस्तेमाल...**

**डीपफेक, सोशल इंजीनियरिंग (50%)...** आवाज, चेहरे की हूबहू नकल करके सगे-संबंधियों/अधिकारियों के नाम पर धोखा देना।
**ऑटोमेटेड फिशिंग (48%)...**बड़े पैमाने पर फर्जी ईमेल, मैसेज भेजना।
**ऑटोमेटेड मनी लॉन्ड्रिंग (44%)...** बिना मानवीय हस्तक्षेप के तेजी से पैसे को इधर-उधर ठिकाने लगाना।

**सबसे बड़ा और नया खतरा एआई एजेंट्स, ज्यादातर बैंकिंग प्रोफेशनल्स के लिए इन्हें काबू करना मुश्किल**

80% संस्थानों ने कहा है कि वे पहले ही एजेंटिक एआई इस्तेमाल करने वाले हमलों का सामना कर चुके हैं। 84% का मानना है कि अगले एक साल में 'एआई एजेंट्स' बैंकों की सबसे बड़ी कमजोरी साबित हो सकते हैं।

72% का मानना है कि भविष्य में जब एआई एजेंट्स लेनदेन शुरू करेंगे, तब वैध एआई-असिस्टेड लेनदेन और हैकर/अपराधी के दुर्भावनापूर्ण एआई लेनदेन के बीच फर्क कर पाना बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाएगा।

**बैंक रियल-टाइम डेटा साझा करें...** रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि जब अपराधी इतनी तेजी से काम कर रहे हैं, तो बैंकों को भी आपस में मिलकर रियल-टाइम में डेटा साझा करना होगा। 86% ने माना कि यदि पैसा प्राप्त करने वाले खाते की रियल-टाइम जानकारी मिल जाए, तो धोखाधड़ी को उसी वक्त रोकना संभव हो जाएगा।

**म्यूल अकाउंट्स फ्रॉड इकोसिस्टम की ताकत**

मनी म्यूल (पैसे की हेराफेरी के लिए आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले फर्जी या किराए के बैंक खाते) फ्रॉड इकोसिस्टम की रीढ़ हैं। अकेले 2024 में बायोकैच के क्लाइंट्स ने 20 लाख मनी म्यूल खातों की पहचान की थी। दिक्कत यह है कि केवल 20% बैंक ही ऐसे खातों को पहली बार में ही पकड़ पाते हैं। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, 48% पहला पेमेंट आने पर और 26% पैसा खाते से निकल जाने के बाद फ्रॉड ट्रैक कर पाते हैं।

---

**कार बाजार** • महंगे होते पेट्रोल-डीजल-सीएनजी से ईवी को निर्णायक बढ़तः क्रिसिल

# मार्च-मई में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 40% बढ़ी, दो साल में दोगुनी हो जाएगी

**ये चार आंकड़े दे रहे देश में इलेक्ट्रिक कारों की तेज ग्रोथ के साफ संकेत**

10% तक पहुंचेगा कार बाजार में ईवी शेयर | 03% ओनरशिप बेनिफिट बढ़ी मई में | 05 लाख पार हो सकती है 2027-28 में बिक्री | 24 हजार करोड़ रुपए खर्च करेंगी कंपनियां ईवी पर



भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष से महंगे ईंधन ने इलेक्ट्रिक कारों को नई धार दी है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश में 2.2 लाख इलेक्ट्रिक कारें बिकी थी। क्रिसिल रेटिंग्स का अनुमान है कि 2027-28 तक इनकी सालाना बिक्री 5 लाख पार निकल सकती है। कार बाजार में इनकी पैठ 10% तक पहुंच सकती है। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मार्च से मई के बीच ईवी की औसत मासिक बिक्री 40% उछाल के साथ 26,000 यूनिट के रिकॉर्ड पर पहुंच गई। इस दौरान इसकी बाजार हिस्सेदारी भी 2025-26 के औसत 4.6% से बढ़कर 6.1% हो गई। मई में पेट्रोल-डीजल-सीएनजी की कीमतें 7-8% बढ़ने से ईवी की ओनरशिप खर्च (टीसीओ) का फायदा 3% बढ़ गया। क्रिसिल का मानना है कि इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में उछाल सिर्फ ईंधन की कीमतों का असर नहीं है। सितंबर 2025 में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर जीएसटी घटने से कुछ महीने बढ़त धीमी पड़ी थी, पर नए मॉडलों, बेहतर रेंज से मांग फिर तेज हो गई है।

### तेजी से आ रहे नए मॉडल, बेहतर रेंज ईवी की डिमांड बढ़ने की बड़ी वजह

**मेगा प्लानः कार कंपनियां 60 हजार करोड़ खर्च करेंगी, 40% सिर्फ ईवी पर**

रिपोर्ट कहती है कि देश की कार कंपनियों ने वित्त वर्ष 2027-28 में करीब ₹60,000 करोड़ के नए पूंजी निवेश की योजना बनाई है। इसमें 40% से भी ज्यादा यानी ₹24,000 करोड़ सिर्फ ईवी की नई टेक्नोलॉजी और मॉडल विकसित करने पर खर्च किए जाएंगे। सप्लाई चेन लोकलाइजेशन और उत्पादन विस्तार पर भी फोकस होगा।

**असरः 2 साल में 75% बढ़ेंगे ईवी मॉडल, ₹15 लाख से कम कीमत पर फोकस रहेगा**

इस साल मार्च में खत्म वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक कारों के मॉडलों की संख्या दोगुनी होकर करीब 20 हो गई। 2027-28 तक यह संख्या 75% बढ़कर 35 से ऊपर निकल जाने का अनुमान है। 15 लाख रुपए से कम कीमत वाली ईवी की नई लॉन्चिंग से इस बाजार में आम खरीदारों की पहुंच बढ़ेगी।

**कार बाजार में ईवी की पैठ लगातार बढ़ रही, एक साल में 10% हो सकती है**

| वर्ष/अवधि | बाजार हिस्सेदारी | कारण |
|---|---|---|
| 2025-26 | 4.6% | आधार वर्ष |
| मार्च-मई 2026 | 6.1% | महंगे पेट्रोलियम |
| 2027-28 | 8-10% | नए मॉडल+टीसीओ लाभ |

**सख्त 'कैफे' नियम से ईवी को सपोर्ट**

**ग्राहकः** क्रिसिल के मुताबिक, भारत में 1 अप्रैल, 2027 से कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे) नियम कड़े होने से ईवी की बिक्री बढ़ सकती है। वजह साफ है, कड़े नियमों से पेट्रोल-डीजल-सीएनजी कारों के दाम और ईवी की मांग बढ़ेगी।
**कंपनियांः** कार कंपनियां मजबूत बैलेंस शीट के साथ नया निवेश कर रही हैं। पेट्रोल-डीजल-सीएनजी पोर्टफोलियो से आ रही तगड़ी नकदी ईवी में निवेश को संभालने में मदद करेगी। शुरुआत में मार्जिन का दबाव रहेगा, पर जैसे-जैसे उत्पादन और लोकलाइजेशन बढ़ेगा, मुनाफा बेहतर होने लगेगा।

**चुनौतीः ग्राहकों के बीच ज्यादा रेंज की चाहत, 500-700 किमी की मांग ज्यादा**

क्रिसिल की एनालिसिस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ज्यादातर लोग चाहते हैं कि इलेक्ट्रिक कारें एक बार फुल चार्ज होने पर 500-700 किलोमीटर चलें (रेंज)। एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी को लेकर भी उनका विशेष आग्रह होता है। दिक्कत यह है कि अभी मिड-रेंज (₹15 लाख तक कीमत) की ईवी की रेंज 300-450 किलोमीटर ही है। 500-700 किलोमीटर रेंज के लिए प्रीमियम सेगमेंट यानी महंगे मॉडलों का रुख करना होगा। हालांकि 'बैटरी-एज-अ-सर्विस' मॉडल इन मामलों में ग्राहकों का भरोसा बढ़ा रहे हैं।

---

**बुलियन** • 7 महीने के निचले स्तर पर आया सोना, चांदी भी रिकॉर्ड स्तर से 38% सस्ती

# ग्लोबल गोल्ड ईटीएफ से निकले 19,148 करोड़, 12 महीने निवेश के बाद भारत में पहली बड़ी बिकवाली

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

वैश्विक बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता के बीच सोने की कीमत घटने लगी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को सोना 7 महीनों के निचले स्तर 4,097 डॉलर प्रति औंस रह गया। घरेलू मार्केट में भसी 24 कैरेट सोने की कीमत ₹1,44,782 प्रति 10 ग्राम बंद हुआ। यह इस साल 29 जनवरी के ₹1,75,340 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर से 17% कम है। इस बीच चांदी की कीमत ₹3.8 लाख प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर से अब तक 38% घटकर ₹2.3 लाख प्रति किलो रह गई।



**अमेरिका और चीन में गोल्ड ईटीएफ से भारी निकासी**

ग्लोबल गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की दिलचस्पी कमजोर पड़ती नजर आ रही है। डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के मुताबिक, मई 2026 में दुनिया भर के गोल्ड ईटीएफ से 2 अरब डॉलर (19,148 करोड़ रुपए) की निकासी हुई। यूरोप को छोड़कर सभी रीजन में आउटफ्लो देखा गया।

- नॉर्थ अमेरिका के गोल्ड ईटीएफ से मई में ₹10,531 करोड़ निकले। एशिया ने अगस्त 2025 के बाद पहली बार मासिक निकासी देखी। एशियन फंड्स से 1.2 अरब डॉलर की निकासी हुई।
- भारत में भी इस साल मई में गोल्ड ईटीएफ से करीब ₹584 करोड़ की निकासी हुई। इससे पहले भारत में लगातार 12 महीनों तक गोल्ड ईटीएफ में निवेश देखने को मिला था।

27 फरवरी को शुरू हुए ईरान युद्ध के बाद से अब तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 22 फीसदी सस्ता हो चुका है। इसका असर ईटीएफ पर भी दिखा। इस महीने अब तक गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ 12 फीसदी तक की बड़ी गिरावट आ चुकी है।

**एक्सपर्ट व्यू**

अजय केडिया, केडिया एडवाइजरी

**गिरावट अस्थाई, सोने में लंबी तेजी देखने को मिलेगी**

कच्चे तेल की कीमतों में जब भी उछाल आता है, तो शुरुआती दौर में सोने में गिरावट देखने को मिलती है। साल 2008 के वैश्विक आर्थिक संकट और 2022 के दौर में भी हमने बिल्कुल ऐसा ही पैटर्न देखा था। सोने में मंदी अस्थाई है। एक से दो महीने तक खिंच सकती है। जैसे-जैसे महंगाई का दबाव बढ़ेगा, सोने में तेजी की जमीन तैयार होगी। 2 साल में सोना रिकॉर्ड 2.2 लाख पर पहुंच सकता है।

# होर्मुज बंद का असरः पेट्रोल-डीजल महंगा होने के बाद अब साबुन, बिस्कुट, नूडल्स की बारी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव से पेट्रोल-डीजल पहले ही महंगे हो चुके हैं। लेकिन होर्मुज जल मार्ग बंद होने का असली और कम चर्चित खतरा कहीं और है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें पेट्रोकेमिकल्स को महंगा करती हैं। इससे राशन का खर्च बढ़ने का जोखिम गहरा हो गया है।

इक्रा, एसबीआई रिसर्च जैसी संस्थाओं के विश्लेषकों के मुताबिक, साबुन, डिटर्जेंट और सफाई के अधिकांश प्रोडक्ट्स पेट्रोकेमिकल से तैयार कच्चे माल से बनते हैं। बाल्टी, पानी की बोतल, कंटेनर और प्लास्टिक से बने किचन के सामान भी पेट्रोकेमिकल पर निर्भर हैं। पैक्ड फूड्स, मसलन बिस्कुट, खाने के तेल, नूडल्स पर दोहरी मार पड़ती है। ट्रांसपोर्ट लागत और पैकेजिंग, दोनों एक साथ महंगे हो जाते हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स पर तत्काल असर नहीं दिखता, लेकिन शिपिंग-लॉजिस्टिक्स की बढ़ती लागत धीरे-धीरे आयातित गैजेट्स को महंगा कर देती है।

**भारत 88% क्रूड आयात करता है, ये बड़ा जोखिम**

भारत के लिए जोखिम इसलिए भी बड़ा है क्योंकि हम अपनी जरूरत का 88% कच्चा तेल आयात करते हैं। रूस, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से वैकल्पिक आपूर्ति संभव है और सामरिक भंडार भी हैं। लेकिन अगर तनाव महीनों तक बना रहा, तो यह बफर भी कम पड़ सकता है। ऐसे कच्चे माल की सप्लाई घटेगी, प्रोडक्शन कम होगा और महंगाई बढ़ेगी।

**बिजनेस ब्रीफ**

**एंथ्रॉपिक, ओपनएआई दाम घटाने की तैयारी में**

**न्यूयॉर्क|** ओपनएआई अपने एआई टोकन की कीमतों में कटौती की योजना बना रही है। प्रतिद्वंद्वी कंपनी एंथ्रॉपिक भी दाम घटाने की तैयारी में है। ओपनएआई यह फैसला पहले करना चाहती है। दरअसल क्लॉड कोड की सफलता के बाद एंथ्रॉपिक ने ओपनएआई की वैल्यूएशन को पीछे छोड़ दिया है। दोनों कंपनियां अरबों डॉलर का घाटा झेल रही हैं।

**यूरोपः ब्याज दरों में तीन साल में पहली बढ़ोतरी**

**पेरिस|** यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने गुरुवार को तीन वर्षों में पहली बार ब्याज दरें बढ़ाईं। डिपॉजिट रेट 2% से बढ़ाकर 2.25% की गई। यह कदम ईरान युद्ध के कारण बढ़ती एनर्जी लागत से उपजी महंगाई को काबू करने के लिए उठाया गया। ईसीबी ने इस साल यूरोजोन में महंगाई दर 3% रहने का अनुमान लगाया है। पहली तिमाही में यूरोजोन की अर्थव्यवस्था 0.2% सिकुड़ी है। इससे महंगाई लंबे समय तक बने रहने का खतरा मंडरा रहा है।

**केंद्र ने कहा, नेपाल में आम पर प्रतिबंध नहीं**

**नई दिल्ली|** केंद्र ने गुरुवार को नेपाल में भारतीय आम के आयात पर प्रतिबंध लगाए जाने की मीडिया रिपोर्ट्स को 'तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक' बताते हुए खारिज कर दिया। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, नेपाल के प्लांट क्वारंटाइन केंद्र ने 10 जून को खुद स्पष्ट किया कि कोई प्रतिबंध नहीं है। भारत इस साल अब तक नेपाल को 2,005 टन आम निर्यात कर चुका है।

---

**शेयर बाजार** • सेंसेक्स में 151 अंकों की गिरावट

# निफ्टी आईटी इंडेक्स सिर्फ 7 दिन में 10.6% टूट चुका

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

शेयर बाजार में गुरुवार को मामूली गिरावट आई। पर आईटी शेयरों में लगातार सातवें दिन बिकवाली हुई। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.6% गिर गया। लगातार गिरावट के चलते 3 जून से अब तक यह इंडेक्स 10.59% टूट चुका है। आईटी शेयरों में गिरावट का असर पूरे बाजार पर दिखा। सेंसेक्स 151 अंक गिरकर 73,833 पर बंद हुआ।

बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में 1.37% और स्मॉल कैप इंडेक्स में 1.25% गिरावट आई। वहीं, निफ्टी 53 अंक गिरकर 23,162 पर बंद हुआ। बहरहाल आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की तीन बड़े कारण रहे। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ता तनाव, अमेरिका में महंगाई तीन साल के ऊंचे स्तर 4.2% पर पहुंचने से ब्याज दरों में कटौती टलने के आसार और आईटी कंपनियों की आय घटने की आशंका। इन वजहों से 2026 में अब तक निफ्टी आईटी इंडेक्स 26.6% गिर चुका है। अमेरिकी महंगाई दर के मजबूत आंकड़ों से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक कटौती की उम्मीदें कम हुई हैं। ऐसे में कंपनियां आइटी खर्च घटा सकती हैं। इसका असर वैश्विक बाजार सेंटिमेंट पर पड़ा है।

**बीएसईः2,928 के शेयरों में गिरावट; 1,279 में ही बढ़त**

कुल ट्रेडिंग | 2,928 शेयर

| बढ़त | गिरावट | स्थिर |
|---|---|---|
| 1,279 | 182 | 119 |

| 52 वीक हाई | 52 वीक लो |
|---|---|
| 119 | 77 |

**31 मई खत्म पखवाड़े में...**

## बैंक कर्ज 17.65%, जमा 12.2% ही बढ़ा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश में बैंकों से लोन वितरण की रफ्तार करीब दो साल के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। 31 मई को खत्म पखवाड़े में बैंक क्रेडिट सालाना 17.65% बढ़कर ₹215.15 लाख करोड़ हो गया, जो पिछले साल ₹182.87 लाख करोड़ था। इसके मुकाबले डिपॉजिट ग्रोथ सुस्त रही है। समान अवधि में बैंकों में जमा राशि 12.21% बढ़कर ₹260.02 लाख करोड़ हो गईग्। इससे क्रेडिट और डिपॉजिट के बीच अंतर बढ़कर 5.44 पर्सेंटेज पॉइंट हो गया। पिछले पखवाड़े यह अंतर 4 पर्सेंटेज पॉइंट था। 31 मई को खत्म पखवाड़े में बैंक कर्ज ₹3.29 लाख करोड़ और जमा ₹3.13 लाख करोड़ बढ़ा है। सेक्टर्स की बात करें तो सर्विस सेक्टर का कर्ज 19% और औद्योगिक क्षेत्र का कर्ज 15% से ज्यादा बढ़ा है। वहीं रिटेल लोन में 16% की वृद्धि हुई है, जिसमें गोल्ड लोन सबसे आगे रहा।

**वापसी** • आधी सदी बाद लौट रही आइकॉनिक कार 'फोर्ड एस्कॉर्ट एमके1', कीमत 3.3 करोड़ रुपए







**लंदन |** इतिहास की सबसे आइकॉनिक कारों में से एक 'फोर्ड एस्कॉर्ट एमके1' 50 साल बाद फिर सड़कों पर दौड़ने के लिए तैयार है। ब्रिटेन के कोवेंट्री स्थित कार कंपनी 'बोरहम मोटरवर्क्स' इसके आरएस मॉडल की केवल 150 यूनिट बना रही है। इनकी कीमत 3.3 करोड़ रुपए है। जब यह कार 1970 में लॉन्च हुई थी, तब कीमत 1.7 लाख रुपए थी।

**प्योर विंटेज ड्राइविंग**

1970 के दशक का असली ड्राइविंग अनुभव देने के लिए इसमें कोई पावर स्टीयरिंग, एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग) या ट्रैक्शन कंट्रोल नहीं दिया गया। सबकुछ पूरी तरह मैकेनिकल है। यह 1.8 लीटर और 2.1 लीटर इंजन के विकल्प में मिलेगी।

**मेगा आईपीओ का असर**

## स्पेसएक्स के 4,400 कर्मी करोड़पति बनेंगे

एजेंसी | न्यूयॉर्क

इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इतिहास के सबसे बड़े आईपीओ के लिए 135 डॉलर (12,940 रुपए) प्रति शेयर कीमत तय की है। निवेशकों के पास इसे इसी भाव पर स्वीकार करने या छोड़ने का विकल्प है। इस दाम पर कंपनी का अनुमानित मार्केट कैप ₹170 लाख करोड़ आंका गया है। कंपनी इस वैल्युएशन पर ₹7.19 लाख करोड़ जुटाना चाहती है। बाजार में इसके शेयरों की चार गुना अधिक मांग है। इसकी ट्रेडिंग 12 जून से नैस्डैक पर शुरू होगी। इस लिस्टिंग से ईसॉप के जरिए कंपनी के 4,400 कर्मचारी करोड़पति (₹10 करोड़ से ज्यादा संपत्ति वाले) बन जाएंगे। इनमें से 400 कर्मचारियों के पास 10 करोड़ डॉलर (₹959 करोड़) से अधिक मूल्य के शेयर होंगे। हालांकि, वर्ष 2025 में कंपनी को ₹43,062 करोड़ का घाटा हुआ था।

---

**बिजनेस एंकर** साल 2030 तक गैर-मेट्रो शहर कुल खपत में 50% से अधिक योगदान देंगेः टीमलीज

# छोटे शहरों में बड़ी तनख्वाह; 9.5% इंक्रीमेंट, मेट्रो से ज्यादा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

दस साल पहले तक जो शहर सिर्फ 'वॉल्यूम मार्केट' माने जाते थे, आज वही वेतन वृद्धि की दौड़ में दिल्ली और मुंबई को पीछे छोड़ रहे हैं। टीमलीज की 'जॉब्स एंड सैलरीज प्राइमर' रिपोर्ट के मुताबिक, 1 अप्रैल से शुरू वित्त वर्ष 2026-27 में अहमदाबाद और विशाखापट्टनम में वेतन वृद्धि 9.5% रहने का अनुमान है। तुलना करें तो दिल्ली और मुंबई के लिए यह आंकड़ा 9.3-9.3% है। मतलब साफ है- इन दो मध्यम आकार के शहरों ने देश के दो बड़े 'बिजनेस सेंटर्स' को पीछे छोड़ दिया। नागपुर और जयपुर भी 9.3% वेतन वृद्धि के साथ दिल्ली की बराबरी कर रहे हैं। यह बदलाव अचानक नहीं आया। इसके पीछे ठोस ढांचागत कारण हैं। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स असेंबली, इलेक्ट्रिक गाड़ियों का उत्पादन और सरकार की 'रेयर अर्थ मिनरल्स' और अक्षय ऊर्जा को लेकर नीतियां शामिल हैं। कोयंबटूर, नागपुर और विशाखापट्टनम अब पूरी तरह औद्योगिक हब के रूप में उभर चुके हैं। टीमलीज के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बालासुब्रमण्यन का कहना है, 'अब ग्रामीण और गैर-मेट्रो मार्केट सिर्फ वॉल्यूम (बिक्री) नहीं चाहते, वे क्वालिटी चाहते हैं। एंट्री-लेवल की कारें वापस आ गई हैं, हैचबैक बिक रही हैं और इलेक्ट्रिक दोपहिया गैर-मेट्रो शहरों में धड़ाधड़ बिक रहे हैं। कंपनियों को बस वहां सही टैलेंट चाहिए।' 2030 तक गैर-मेट्रो शहर देश की कुल खपत में 50% से ज्यादा योगदान दे सकते हैं। यह अनुमान 'कॉरपोरेट इंडिया' की रणनीति भी बदल रहा है। सेक्टर की बात करें तो वेतन वृद्धि की अगुवाई अब आईटी या बैंकिंग सेक्टर नहीं, बल्कि ईवी और ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर कर रहे हैं। इनमें 10.2% इंक्रीमेंट का अनुमान है। फिनटेक 10% और हेल्थकेयर-फार्मा 9.7% के साथ पीछे हैं। मैन्युफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग सेक्टरों में 2025-26 के लिए वृद्धि 9.4% रही।

पश्चिम एशिया में युद्ध का साया भी नजर आ रहा है। इनपुट लागत बढ़ रही है और रुपया दबाव में है। बालासुब्रमण्यन कहते हैं कि अधिकांश इंक्रीमेंट बजट मार्च से पहले ही तय हो चुके थे, इसलिए युद्ध का पूरा असर अभी नहीं दिखा। अगर यह संघर्ष छह महीने और चला, तो भी ग्रोथ तो मिलेगी, पर उतनी नहीं जितना पहले अनुमान था।'

**भोपाल, जयपुर, नागपुर जैसे टियर 2 शहरों में 9% से ज्यादा वेतन वृद्धि**

23 सेक्टरों, 20 शहरों की 1,268 कंपनियों पर आधारित सर्वे के मुताबिक, चेन्नई, पुणे व हैदराबाद 9.7-9.6% वेतन वृद्धि के साथ मेट्रो में आगे हैं। अहमदाबाद, विशाखापट्टनम 9.5% ग्रोथ के साथ दिल्ली-मुंबई (9.3%) से ऊपर। नागपुर, जयपुर 9.3% के साथ दिल्ली की बराबरी कर रहे। वडोदरा-गुड़गांव 9.2%, कोयंबटूर 9.1%, भोपाल 9% के साथ मध्य क्रम में हैं। कोच्चि, लखनऊ, इंदौर, चंडीगढ़ और सूरत में 8.4-8.8% के बीच वेतन वृद्धि मिल रही।

---

**राहत** • महंगे ईंधन के बीच सरकार को गैर-टैक्स से आय का बड़ा सपोर्ट

# सरकार को 3 साल में सार्वजनिक कंपनियों से मिला 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक डिविडेंड

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

केंद्र 3 वित्त वर्षों में लिस्टेड सरकारी कंपनियों से ₹2.5 लाख करोड़ से अधिक डिविडेंड मिले हैं। यह आय लगातार छठे साल बजट अनुमान से ज्यादा है।

वित्त वर्ष 2026 में 55 लिस्टेड पीएसयू ने कुल 1.43 लाख करोड़ का डिविडेंड दिया, जिसमें सरकार का हिस्सा 3 साल के ऊंचे स्तर 89,501 करोड़ रुपए पर रहा। वित्त वर्ष 2024 से सरकार को मिलने वाला डिविडेंड सालाना 80 हजार करोड़ रुपए के अधिक बना हुआ है।

**कोल इंडिया ने शेयरधारकों को दिया सर्वाधिक डिविडेंड**

| कंपनी | कुल डिविडेंड | सरकार का हिस्सा |
|---|---|---|
| कोल इंडिया | 16,669 | 10,310 |
| ओएनजीसी | 16,331 | 9,817 |
| एसबीआई | 16,015 | 8,892 |
| एलआईसी | 6,325 | 6,103 |
| एनटीपीसी | 8,727 | 4,460 |
| पावरग्रिड | 8,371 | 4,298 |
| बीपीसीएल | 7,477 | 3,962 |
| पीएफसी | 6,121 | 3,427 |

(आंकड़े करोड़ रु. में)

कोल इंडिया, ओएनजीसी,एसबीआई ने 50 हजार करोड़ डिविडेंड दिया।

**पैसेः मुनाफा बढ़ने पर भी घटा डेविडेंड पेमेंट रेशियो**

कंपनियों का मुनाफा बढ़ने के बावजूद डिविडेंड पेआउट रेशियो घटा है। वित्त वर्ष 2026 में यह घटकर 28% पर आ गया, जो वित्त वर्ष 2021 के बाद सबसे कम है। मौजूदा नियमों के तहत सभी पीएसयू को न्यूनतम सालाना डिविडेंड देना अनिवार्य है। कंपनियों को नेट प्रॉफिट का 30% या नेटवर्थ का 4%, जो भी अधिक हो, भुगतान करना होता है। लाभांश तय करते समय मुनाफे, कैश रिजर्व, नेटवर्थ और पूंजी खर्च का ध्यान रखना पड़ता है।